सुप्रभात
रांची, रविवार
05.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net
पौष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 175



12 अब एनडीए में ही हमेशा रहेंगे, कहीं नहीं जायेंगे

### न्यूज डायरी

### मंइयां सम्मान योजना कार्यक्रम की तैयारी पूरी

**रांची।** मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। 6 को आर्मी ग्राउंड खोजाटोली नामकुम में आयोजित कार्यक्रम में राज्यभर से चार लाख महिलाएं शामिल होंगी। सीएम हेमंत सोरेन लाभुकों के खाते में योजना की बढ़ी हुई सम्मान राशि 2500 रुपये भेजेंगे।

### झारखंड ने की मनरेगा मजदूरी बढ़ाने की मांग

**रांची।** झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने केंद्र से मनरेगा मजदूरी बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कम से कम इसे 350 रुपये करे। फिलहाल झारखंड में 272 रुपये ही मजदूरी मिल रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना से सिर्फ एक लाख 20 हजार मिलते हैं। मंत्री ने इसे और बढ़ाने की मांग की है। साथ ही मनरेगा का 523 करोड रुपये बकाया भुगतान करने की भी मांग की है।

### गुरु गोविंद सिंह जयंती पर छह को अवकाश घोषित

**रांची।** झारखंड सरकार ने गुरु गोविंद सिंह जयंती पर छह जनवरी को अवकाश घोषित किया है। इससे संबंधित आदेश कार्मिक विभाग के विशेष सचिव ओमप्रकाश साह ने शनिवार को जारी किया है। इसमें कहा है कि गुरु गोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर छह जनवरी को कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया गया है।

## रांची समेत पांच जिलों में योजनाओं की सुस्ती पर कृषि मंत्री नाराज

# अफसरों को दी वार्निंग, मांगी रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में सुस्ती पर कड़ी नाराजगी जतायी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले दो दिनों में क्षेत्र के विधायकों से मिलकर योजना की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की सुस्ती के कारण विभाग अपना लक्ष्य हासिल नहीं कर पा रहा है। उन्होंने शनिवार को एनआईसी सभागार में भूमि संरक्षण निदेशालय के साथ ऑनलाइन मीटिंग में योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। समीक्षा में रांची, खूंटी, धनबाद, गुमला और देवघर में योजनाओं की सुस्त रफ्तार की बात सामने आयी। उन्होंने अफसरों को चेताया और कहा कि कार्य संस्कृति बदले, योजनाओं को गति देने का काम करें। उन्होंने कहा कि लाभुकों के आवेदन का अनुमोदन कर 31जनवरी तक कार्य प्रगति की रिपोर्ट दें।

**निगरानी जरूरी :** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य स्तर पर भूमि संरक्षण विभाग के योजनाओं की निगरानी जरूरी है। उन्होंने हर माह निदेशालय स्तर पर योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। विभाग के निदेशक को तीन से चार दिन में जिलास्तर पर रिपोर्ट लेने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने इस बात भी नाराजगी जतायी खाली पद को भरने के बाद भी बेहतर प्रदर्शन नहीं हो रहा है। विभागीय अधिकारी कार्य संस्कृति में बदलाव लाए और काम को गति देने का काम करें। लाभुकों को तालाब निर्माण, डीप बोरिंग योजना , ट्रेक्टर खरीद, कृषि संयंत्र का अपेक्षित लाभ नहीं दिया जा सका है। जितनी संख्या में आवेदन का अनुमोदन होना चाहिए , उस लक्ष्य से ये पांच जिले काफी पीछे है।

## शीतलहर जारी, कांके का पारा तीन डिग्री जा पहुंचा

# राज्य के सभी स्कूल आठ से 13 तक बंद

**रांची।** झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए सरकार ने नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 7 से 13 जनवरी तक बंद रखने का निर्देश जारी कर दिया। शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार कक्षा 9 से कक्षा 12 तक की कक्षाएं यथावत चलेंगी। शिक्षक पहले की तरह स्कूल आयेंगे। इससे पहले रांची के डीसी ने भी जिले के सभी स्कूलों को छह और सात जनवरी को बंद रखने का आदेश जारी किया गया था। मौसम विभाग लोगों को शीतलहर से बचने की अपील कर रहा है। बच्चों को कोई परेशानी न हो, शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी स्कूलों को एक हफ्ते के लिए बंद रखने का निर्देश दिया है।

### कांके का पारा और गिरा

राज्य में भीषण शीतलहर और कड़ाके की ठंड जारी है। कांके में शनिवार की सुबह हवा में कनकनी के साथ तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। न्यूनतम तापमान तीन डिग्री जा पहुंचा। मौसम विभाग के अनुसार कांके का अधिकतम तापमान 20 .5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मैकलुस्कीगंज का न्यूनतम पारा पांच डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

# दुमका : ऑटो और ट्रक में सीधी भिड़ंत, चार की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-रामपुरहाट मुख्य पथ पर दासोरायडीह के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पास ऑटो और धान लदा ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में दो महिला सहित चार की मौत हो गयी। घटना में ऑटो सवार छह से ज्यादा सवार घायल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। डाक्टरों ने एक युवती, एक महिला सहित चार को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। कई घायलों की हालत नाजुक है। बताया जा रहा है कि घायल और मृत सभी जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के नोनीहाट के रहने वाले थे। सभी पिकनिक मनाने मसानजोर गये थे। लौट के दौरान यह हादसा हुआ। धान लदा ट्रक पश्चिम बंगाल जा रहा था। मृतको में संजय साह(55), पुनम देवी (45) मुस्कान कुमारी (22) एवं टेम्पू चालक है। टेम्पू चालक नगर थाना क्षेत्र के शिवपहाड़ निवासी है।

### सैन्य वाहन खाई में गिरा, चार जवान शहीद

**श्रीनगर।** कश्मीर के बांदीपोरा में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में चार जवान शहीद हो गये। जानकारी के अनुसार बांदीपोरा जिले के एसके पायन के वुल व्यू प्वाइंट के पास सेना का वाहन अचानक फिसल कर गहरी खाई में जा गिरा।

हादसे की खबर मिलते ही घायल जवानों को रेस्क्यू कर लिया गया है। आनन-फानन में सभी को जिला अस्पताल में रेफर किया गया, पर चार जवानों को बचाया नहीं जा सका। मौके पर पुलिस और सेना के जवानों ने घायलों का रेस्क्यू किया। मंगलवार को भी हादसे में 5 शहीद हो गये थे।

## टेरर फंडिंग : बोकारो, गोमिया और हजारीबाग में रेड

# एनआइए ने एक को दबोचा डिजिटल उपकरण, डायरी जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने शनिवार को बोकारो जिले के गोमिया और हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड में कई गांवों में नक्सलियों और टेरर फंडिंग मामले में छापामारी की। जांच टीम ने इस मामले में के बोकारो जिले के गोविंदपुर निवासी बच्चा सिंह उर्फ बच्चा बाबू सिंह को गिरफ्तार किया है। वह (आरसी-03/2023/एनआईए/आरएनसी) मामले में एफआईआर में आरोपित है। छापामारी के दौरान कई डिजिटल उपकरण, डायरी सहित कई सामान जब्त किये गए। नक्सलियों को पनाह और मदद देने वाले लोग भी एनआइए के रडार पर हैं।

**क्या है मामला :** एनआइए ने अगस्त 2023 में यूए(पी) अधिनियम और सीएलए अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आनंदपुर पुलिस से मामला अपने हाथ में लिया था। आरोपित प्रतिबंधित भाकपा माओवादी और उसके शीर्ष नेताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। वह संगठन की विचारधारा को बढ़ावा देने और झारखंड और अन्य स्थानों में इसकी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए धन संग्रह में शामिल था।

(शेष पेज 11 पर)

### समृद्ध गांवों से ही भारत विकसित होगा : मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प समृद्ध गांव से ही पूरा होगा। वह शनिवार को दिल्ली के भारत मंडपम में 'ग्रामीण भारत महोत्सव 2025' के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर पीएम मोदी ने कई कारीगरों से भी बातचीत की। मोदी ने कहा, 2014 से ही मैं लगातार, हर पल ग्रामीण भारत की सेवा में लगा हूं। गांव के लोगों को गरिमापूर्ण जीवन देना मेरी सरकार की प्राथमिकता है। हमारा विजन है, भारत के गांव के लोग सशक्त बनें। उन्हें आगे बढ़ने का अधिक अवसर मिले। पलायन न करना पड़े। (पेज 12 भी देखें)

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

अबुआ बजट

आईए, अपना बजट बनाएं:

झारखण्ड राज्य बजट 2025-26 के लिए आम जनता का बहुमूल्य सुझाव प्राप्त करने के लिए अबुआ बजट पोर्टल और मोबाईल ऐप प्रारम्भ किया गया है। तीन सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। सुझाव देने की अंतिम तिथि 17-01-2025 है।

ऐसे भेजे सुझाव:

- अबुआ बजट पोर्टल (https://finance.jharkhand.gov.in/BudgetVichar) अथवा अबुआ बजट मोबाईल ऐप पर स्वयं को पंजीकृत करें।
- होम पृष्ठ पर दिए गए स्थान पर अपना मोबाइल नंबर अथवा ई-मेल भरें एवं ओटीपी जेनरेट करने के लिए क्लिक करें और अपना पंजीकरण करें।
- मोबाइल पर आये हुए ओटीपी एवं स्क्रीन पर दिखाये गए कैप्चा कोड को उसके स्थान पर भरें एवं रजिस्ट्रेशन पेज में प्रवेश करें।
- रजिस्ट्रेशन पेज में मांगे गए विवरण को भर कर सुरक्षित (Save) करें।
- संबंधित विभाग/क्षेत्र का चयन कर अपना बहुमूल्य सुझाव पोस्ट करें।
- Footnote में अंकित Social Media पेज यथा फेसबुक, X, व्हाट्सएप, इन्स्टाग्राम अथवा ई-मेल के माध्यम से भी आप अपने सुझाव दे सकते हैं।

पोर्टल तथा मोबाइल ऐप का

शुभारम्भ

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के द्वारा दिनांक 05.01.2025 (रविवार) को मध्याह्न 12:00 बजे होगा।





https://finance.jharkhand.gov.in/BudgetVichar https://www.facebook.com/abuabudget

वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार

@AbuaBudget +91 8742887660 https://www.instagram.com/abuabudget abuabudget@gmail.com

PRNO 343608 (Finance) IPRD 24-25

### ग्रामीण विकास कार्य मंत्री दीपिका सिंह पांडेय काम की देरी पर नाराज, कहा

# ग्रामीण सड़क व पुल का कार्य समय पर पूरा नहीं हुआ तो संवेदकों पर होगी कड़ी कार्रवाई

■ एक ही संवेदक को कई कार्य आवंटित होने की परंपरा पर रोक लगाने को लेकर मंत्री हुईं गंभीर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण सड़क व पुल निर्माण के काम में एक ही संवेदक को कई काम आवंटित करने पर रोक लगाने के लिए मंत्री ने विभागीय सचिव को सख्त निर्देश दिया है। मंत्री का कहना है कि यह देखा जा रहा है की कई काम लेकर संवेदक सड़क योजनाओं का काम लटकाते हैं, विलंब से योजनाएं पूरी होती हैं। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इस पर रोक लगाने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि एक ही संवेदक को कई योजनाओं का निविदा दे दिया जाता है जिससे सड़क, पुल की योजनाएं लंबित हो जाती है तथा ऐसे संवेदकों द्वारा समय वृद्धि के लिए प्रस्ताव दिया जाता है। यह गंभीर मसला है इसे बर्दास्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा है कि कई बार ऐसे संवेदक को अवधि विस्तार दे दिया जाता है, बावजूद योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पाती है। ग्रामीण कार्य मंत्री ने इसे गंभीरता से लिया है और विभागीय सचिव के. श्रीनिवासन को स्पष्ट निर्देश दिया है कि ऐसे संवेदक जिन्हें एक से अधिक कार्य आवंटित किए गये तथा उनके द्वारा समय पर कार्य पूर्ण नहीं किया गया हो तथा समय वृद्धि के लिए प्रस्ताव विभाग को दिया गया है को चिह्नित्त किया जाये और उनपर आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव उपस्थापित किया जाये। मंत्री के निर्देश के बाद विभाग के आला अधिकारी टाइम एक्सटेंशन मांगने वाले संवेदको को चिंहित करना शुरू कर दिया है। मंत्री के आदेश के बाद विभाग ने ऐसे संवेदकों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

**नये ग्रामीण सड़क-पुल निर्माण के लिए टेंडर निष्पादित होना शुरू :** ग्रामीण कार्य विभाग के निविदा निष्पादन में अक्टूबर से लगी रोक हटने के बाद अब नये सिरे से निविदा फाइनल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। ग्रामीण कार्य प्रमंडल व विशेष प्रमंडल द्वारा ग्रामीण सड़क व पुल निर्माण के लिए निविदा भी जारी करना शुरू किया है। नये सिरे से टेंडर जारी किए जायेंगे। 10 जनवरी से यह प्रक्रिया तेजी से प्रारंभ की जायेगी।

**केंद्र से मनरेगा मजदूरी 350 रुपये करने की मांग :** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने केंद्र से मनरेगा मजदूरी 350 रुपए करने की मांग की है। फिलहाल झारखंड में 272 रुपये ही मजदूरी मिल रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना से सिर्फ एक लाख 20 हजार मिलते हैं। मंत्री ने इसे और बढ़ाने की मांग की है। साथ ही मनरेगा का 523 करोड रुपये बकाया भुगतान करने की भी मांग की है।

### रेलवे ट्रैक के ऊपर केबल स्टे ब्रिज के सेगमेंट जोड़ने का होगा कार्य

# 7 से 16 जनवरी तक कई ट्रेनें रद्द कई के रूट व समय में बदलाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के सिरम टोली-मेकॉन फ्लाइओवर के निर्माण कार्य को देखते हुए रेलवे ने 7 से 16 जनवरी तक का ब्लॉक दिया है। इस दौरान रेलवे ट्रैक के ऊपर केबल स्टे ब्रिज के सेगमेंट जोड़ने का कार्य किया जायेगा। इस वजह से कई ट्रेनों के रूट में बदलाव किया गया है। कई ट्रेनों को रद्द भी किया गया है। खबरों के अनुसार 7 से 12 जनवरी तक रोजाना 4 घंटे का ब्लॉक रहेगा 13 से 16 जनवरी तक रोजाना 2 घंटे का ब्लॉक दिया गया है।

**ये ट्रेनें रद्द रहेंगी :** ट्रेन संख्या 18602/18601 हटिया-टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 7 से 16 जनवरी तक नहीं चलेगी। 18628/ 18627 रांची-हावड़ा- रांची एक्सप्रेस 7 और 12 जनवरी तक नहीं चलेगी। ट्रेन 68036/ 68035 हटिया-टाटानगर - हटिया मेमू 7 से 12 जनवरी तक नहीं चलेगी। हटिया-सांकि-हटिया मेमू 7 से 16 जनवरी तक तक नहीं चलेगी। ट्रेन संख्या 18036/18035 हटिया- खडगपुर-हटिया एक्सप्रेस 7 से 16 जनवरी तक नहीं चलेगी। हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया एक्सप्रेस 7 से 12 जनवरी तक नहीं चलेगी। रांची-बोकारो स्टील सिटी-रांची मेमू 7 से 16 जनवरी तक नहीं चलेगी।

**इनका रूट व समय बदला :** रांची-वाराणसी वंदे भारत 7 से 12 जनवरी तक 30 मिनट की विलंब से रांची से रवाना होगी। संबलपुर मौर्य एक्सप्रेस संबलपुर-गोरखपुर-संबलपुर मौर्य एक्सप्रेस का राजगांगपुर स्टेशन पर अगले आदेश तक प्रायोगिक ठहराव है। संबलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस 4 जनवरी को राजगांगपुर स्टेशन पर ठहराव: आगमन 11.15 बजे, प्रस्थान 11.16 बजे गोरखपुर-संबलपुर मौर्य एक्सप्रेस 3 जनवरी को जायेगी, जो राजगांगपुर स्टेशन पर 4 जनवरी को 11.29 बजे पहुंचेगी। रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल 7 जनवरी को कोटशिला-मुरी-चांडिल-सिनी-राउरकेला होकर जायेगी। हैदराबाद-पटना स्पेशल 8 जनवरी को राउरकेला-सिनी-चांडिल-मुरी-कोटशिला से होकर जायेगी। मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस 11 जनवरी को परिवर्तित मार्ग कोटशिला-मुरी-चांडिल- सिनी-राउरकेला होकर जायेगी।

# झाप्रसे के सेवानिवृत्त अधिकारी संजय प्रसाद पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने राप्रसे के अफसर संजय कुमार प्रसाद के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। हालांकि वे अब रिटायर हो चुके हैं। संजय प्रसाद पर पथ निर्माण विभाग में ठेके में गड़बड़ी का आरोप है। उन पर विभागीय निविदा समिति के सदस्य के रूप में टेंडर की दर से 10 प्रतिशत से ज्यादा कम कीमत वाले टेंडर को एल वन मानकर टेंडर आवंटित करने का भी आरोप है। रिटायर्ड आईएएस सुनील कुमार जांच संचालन पदाधिकारी हैं।

# पारा शिक्षकों की आकलन परीक्षा आज, 11 हजार से अधिक होंगे शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) की दूसरी आकलन परीक्षा पांच जनवरी को होगी। इसमें 11 हजार से अधिक पारा शिक्षक शामिल होंगे। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। परीक्षा के लिए राज्यभर में 26 केंद्र बनाये गये हैं। आकलन परीक्षा में वैसे पारा शिक्षक शामिल होते हैं, जो शिक्षक पात्रता परीक्षा में सफल नहीं हुए हैं। आकलन परीक्षा पास करने पर शिक्षकों के मानदेय में 10 फीसदी की वृद्धि होती है।

### आकलन परीक्षा पास करने पर शिक्षकों के मानदेय में 10 फीसदी की होती है वृद्धि

आकलन परीक्षा में शामिल होने के लिए चार अवसर मिलते हैं।

### क्या है आकलन परीक्षा

आकलन परीक्षा 150 अंकों की होती है। कक्षा एक से पांच में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू (उर्दू शिक्षक), क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा, गणित, पर्यावरण विज्ञान, मानसिक दक्षता और रिजनिंग की परीक्षा ली जाती है। जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा, हिंदी व अंग्रेजी की परीक्षा 30-30 अंकों की होती है। कक्षा छह से आठ में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू व क्षेत्रीय व जनजातीय भाषा, बाल विकास व मानसिक दक्षता और रिजनिंग की परीक्षा अनिवार्य विषय के तहत होती है।


DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY
Ranchi, jharkhand

Memo: DSPMU/G/10/25 Dated: 04.01.2025

NOTICE INVITING TENDER

The Registrar, Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi invites tenders under two bid system (Technical Bid and Financial Bid), from experienced and reputed contractor/firms/agencies/companies only for various Civil Works (Repair and Renovation Works) & Electrical Works in Various Departments mentioned below:

| Tender ID | Tender Name |
|---|---|
| DSPMU/G/06/25 | Renovation of Rear Corridor of Jacob Hall at DSPMU, Ranchi. |
| DSPMU/G/07/25 | Repair & Renovation of Office Toilet in Dept of Sociology, Boys Toilet in Dept of Chemistry and Girls Common Room at DSPMU, Ranchi. |
| DSPMU/G/08/25 | Repair and Renovation (Civil & Electrical) works in Dept of Botany at DSPMU Ranchi. |
| DSPMU/G/09/25 | Construction of Drain near Dept of Zoology at DSPMU Ranchi. |

The above-mentionedTender Documents will be published in the University website from05.01.2025 at 04:00 PM. Last Date & Time for submission of Tender Documents is 16.01.2025 till 01:00 PM
The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section-Officer (General) or from the University Website: -www.dspmuranchi.ac.in.

Sd/-Registrar
DSPMU, Ranchi


### फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पहले पुनर्वास की व्यवस्था करे प्रशासन : संजय सेठ

**रांची।** देश के रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के पूर्व दुकानदारों का पुनर्वास करने की मांग प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि 2016 में नगर निगम द्वारा सर्वे कराया गया था, जिसमें रांची की विभिन्न जगहों पर 5901 वेंडर लाइसेंस निर्गत किये गये थे। कहा गया था कि जहां पर वेंडर अपनी दुकान लगाकर व्यापार कर रहे हैं, वहां से हटाने पर उन्हें दूसरी जगह स्थान मुहैया कराया जायेगा। लेकिन प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नाम पर बिना नोटिस दिये, बिना समय दिये दुकानों को उजाड़ा जा रहा है।

**निगम से निबंधित 5901 वेंडरों के पुनर्वास की मांग :** संजय सेठ ने कहा, छोटे-छोटे वेंडरो को प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लोन मुहैया कराया गया है। हजारों वेंडर लोन लेकर व्यापार कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। दुकान हटाये जाने के बाद कहां से वह लोन चुका पायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन और नगर निगम ऐसे 5901 वेंडरो जो नगर निगम से निबधित हैं, उसके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

# झारखंड में उद्योग लगाने के लिए अब जमीन खरीदना होगा महंगा

■ उद्योग के लिए जमीन खरीदने पर अब देने होंगे निर्धारित कीमत से 10 गुना अधिक पैसे

विशेष संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अब कॉमर्शियल क्षेत्र के उद्योगों के लिए जमीन खरीदने पर निर्धारित कीमत से 10 गुना पैसे देने होंगे। वहीं, सेवा क्षेत्र के उद्योगों को जमीन लेते समय निर्धारित मूल्य से 25 प्रतिशत अधिक राशि देनी होगी। जियाडा ने आदेश जारी कर कहा है कि नामकुम, टाटीसिलवे, तुपुदाना, बरही (हजारीबाग), सिल्क पार्क इरबा, बरहे (चान्हो), सोसई (बुड़मु), लोहरदगा (एमआईपी), गुमला (एमआईपी), डाल्टनगंज (एमआईपी), गरजा (सिमडेगा), पातागाई (धाघरा) और झारगांव (चैनपुर) औद्योगिक क्षेत्रों में अवस्थित रिक्त भूखंडो और शेडों का आवंटन जियाडा करेगी।

**18 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन :** इच्छुक उद्योगपतियों को भूखंड या शेड लेने के लिए 18 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जमीन के लिए प्रोसेसिंग और स्क्रूटनी शुल्क भी तय कर दी गयी है।

1 एकड़ के लिए : 10,000 रुपये
1 से 3 एकड़ तक : 25,000 रुपये
3 एकड़ से अधिकः 50,000 रुपये
अलग से जीएसटी लगेगा।
भूमि का आवंटन एज इज और वेयर इज के आधार पर किया जायेगा। इसके अनुसार भूमि के रिजर्व प्राइस का निर्धारण किया गया है। आवंटी को अन्य सभी प्रकार के कर भी चुकाने होंगे।

माइक्रो इंडस्ट्रीयल पार्क में शेड के लिए रेंट निर्धारित

डालटनगंज में 2010 फीट से 137 फीट के 26 शेड का मंथली रेंट 6,059 से 4,554 रुपये तक है।
गुमला में 30.16 फीट के 21 शेड का मंथली रेंट 2,222 रुपये है

इस जमीन और शेड के लिए देने होंगे इतने पैसे

नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया : 0.92 एकड़ : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 1,55,47,489 रुपये।
टाटीसिल्वे इंडस्ट्रीयल एरिया फेज वन : 0.33 एकड़ : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग :21,38,057 रुपये।
तुपुदाना इंडस्ट्रीयल एरिया : 5775 वर्गफीट : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 10,23,573 रुपये।
**बरही इंडस्ट्रीयल एरिया** : 1.25 एकड़ : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 65,27,269 रुपये।
बरही इंडस्ट्रीयल एरिया : 1.25 एकड़ : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : ₹65,27,269
हजारीबाग इंडस्ट्रीयल एरिया : 16 हजार वर्गफीट : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 9,67,773 रुपये।
सिल्क पार्क ओरमांझी : 5196 वर्गफीट शेड : मंथली रेंट : 1,19,508 रुपये।
सिल्क पार्क ओरमांझी : 3650 वर्गफीट शेड : मंथली रेंट : 83,950 रुपये।
सिल्क पार्क ओरमांझी : 4239 वर्गफीट शेड : मंथली रेंट : 97,497 रुपये।
सिल्क पार्क ओरमांझी : 3179 वर्गफीट शेड : मंथली रेंट : 73,117 रुपये।
सिल्क पार्क ओरमांझी : 2750 वर्गफीट शेड : मंथली रेंट : 63,250 रुपये।
चान्हो इंडस्ट्रीयल एरिया : 4.90 एकड़ रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 1,45,48,972 रुपये।
लोहरदगा इंडस्ट्रीयल एरिया : 3220 वर्गफीट : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 1,38,329 रुपये।
लोहरदगा इंडस्ट्रीयल एरिया : 5200 वर्गफीट : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 2,23,389 रुपये।
लोहरदगा इंडस्ट्रीयल एरिया : 7800 वर्गफीट : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 3,35,083 रुपये।
लोहरदगा इंडस्ट्रीयल एरिया : 4200 वर्गफीट : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 1,80,429 रुपये।
सिमडेगा इंडस्ट्रीयल एरिया : तीन एकड़ : 13,00,746 रुपए (राइस मिल के लिए)
पातागई इंडस्ट्रीयल एरिया : तीन एकड़ : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 29,22,426 रुपये।
चैनपुर इंडस्ट्रीयल एरिया : तीन एकड़ : रेट फॉर मैन्यूफैक्चरिंग : 9,99,666 रुपए (राइस मिल के लिए)

# हेमंत सरकार में 28 फीसदी महिला आबादी का सशक्तिकरण: जेएमएम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जन आकाक्षाओं की पूर्ति राज्य सरकार 6 जनवरी को करेगी। हमारी पार्टी ने जो वादे किये, जिसे लेकर हम लोगों को जन आशीर्वाद मिला, उन्हीं जन आकाक्षाओं की पूर्ति का प्रथम कदम छह तारीख को राज्य सरकार पूरा करेगी। हम लोगों ने चुनाव के पूर्व कहा था कि सामाजिक सुरक्षा हम लोगों का दायित्व है। प्राथमिकताओं में खास कर महिला सशक्तिकरण सर्वोपरि है हम लोगों ने कहा था, दिसंबर से मईयां सम्मान राशि जो पहले 1000 थी, उसे 2500 रुपये कर देंगे।

**दिसंबर में 2500 रुपये बहनों के खाते में गये :** दिसंबर में 2500 रुपये बहनों के खाते में गये। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार कोई सरकार इतनी बड़ी संख्या 56 लाख, जो 2 करोड़ की महिला आबादी का एक चौथाई से भी अधिक होगा, लगभग 28 फीसदी आबादी की आर्थिक सशक्तिकरण का कार्य कोई सरकार नहीं करती है। एक मात्र हेमंत सोरेन की सरकार है जो यह करने जा रही है। वह शनिवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन से बोल रहे थे।

**जिन बहनों के खाते में दिसंबर में नहीं गयी राशि, उनके खाते में 5000 आयेंगे :** उन्होंने कहा कि दिसंबर में जिन खातों में राशि नहीं गयी, जनवरी में उन खातों में वह भी आ जायेगी। उनमें एक साथ 5000 रुपये आयेंगे। सुप्रियो ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर तंज कसते हुए कहा कि वे भाजपा क बड़े विद्वान हैं। विधानसभा गठन के एक माह से अधिक समय हो गया। किंतु अब तक उन्हें विधायक दल का नेता नहीं मिला है। उन्होंने 3200 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदने की बात कही थी, आरोप लगाया कि उसे पूरा नहीं किया। अपने कार्यकाल में भाजपा बताये कि एमएसपी पर कब धान की खरीदारी की है।

**देश में सैकड़ों किसानों की जान चली गयी :** देश में सैकड़ों किसानों की जान चली गयी, कहा कि कृषि मंत्री तीन माह तक झारखंड में थे। भाजपा एक बार फिर से झारखंड में भ्रमजाल फैलाने का कार्य कर ही है। सुप्रियो ने कहा कि चुनाव से पहले बीजेपी ने गोगो दीदी योजना के नाम पर फर्जीवाड़ा किया है। उन पैसों की अब रिकवरी कराई जायेगी।


झारखण्ड सरकार, खान एवं भूतत्व विभाग
जिला खनन कार्यालय, लातेहार।
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

The Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Amendment Bill 2024 का व्यापक प्रचार-प्रसार से संबंधित।

आम सूचना।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Draft Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Amendment Bill 2024 के प्रारूप पर मंतब्य/सुझाव तथा व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए आम जनता का मंतब्य/सुझाव प्राप्त किया जाना है। उक्त के आलोक में NIC लातेहार जिला के बेबसाईट https://latehar.nic.in/notice/to-provide में Public Domain पर Draft Bill अपलोड किया गया है।

इच्छुक व्यक्ति NIC लातेहार के बेबसाईट पर अपलोड Draft Bill अपनामंतव्य/सुझाव देने हेतु कार्यालय दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय अथवा मोबाईल नं0 – 07024264629 पर भी संपर्क स्थापित कर दिया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 343522 (Mines and Geology) 24-25 (D)



जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची

गृह रक्षकों की उम्र सीमा समाप्त (60 वर्ष) एवं पुनःनामांकन संबंधित सूचना

- 19 वर्ष की आयु में 1984 ई0, 20 वर्ष की आयु में 1985 ई0, 24 वर्ष की आयु में 1988 ई0 एवं 25 वर्ष की आयु में 1989 ई0 में नामांकित सभी गृह रक्षक 60 वर्ष की उम्र सीमा पूर्ण कर चुके हैं (आयु की गणना नामांकन वर्ष के 01 जनवरी)।

बिहार गृह रक्षा वाहिनी नियमावली-1953 एवं गृह रक्षक स्वयंसेवक नियमावली-2014 के तहत् गृह रक्षकों के सेवा की उम्र सीमा 60 वर्ष निर्धारित की गयी है, जिसकी गणना नामांकन वर्ष की 01 जनवरी से की जानी है, जिसके अनुसार उपरोक्त वर्ष में नामांकित गृह रक्षकों के उम्र सीमा वर्ष 2024 में पूर्ण हो चुकी है।

जिन संस्थानों से गृह रक्षकों की उपस्थिति विवरणी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय को प्राप्त होती है, उन सभी संस्थानों एवं गृह रक्षकों को उनके सेवा समाप्त होने से संबंधित सूचना दे दी गयी है। कुछ ऐसे संस्थान यथा-सचिवालय, निदेशालय इत्यादि जहाँ गृह रक्षक लम्बे समय से प्रतिनियुक्त हैं, की उपस्थिति विवरणी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय को प्राप्त नहीं होती है, वैसे सभी उन संस्थानों/विभागों के सक्षम पदाधिकारी को अनुरोधपूर्वक सूचित करना है कि आपके संस्थानों/विभागों में प्रतिनियुक्त गृह रक्षकों के भत्ते की निकासी के पूर्व उनके सैन्य संख्या की जाँच कर ली जाए ताकि नियमानुसार उम्र सीमा पूर्ण कर चुके गृह रक्षकों के भत्ते की निकासी न हो सके।

विभिन्न संस्थानों/प्रतिष्ठानों/कार्यालयों/निदेशालयों/मंत्रालय/विधि-व्यवस्था/ सचिवालय आदि में प्रतिनियुक्त गृह रक्षकों के नियंत्री पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि दिनांक-07.01.2025 से 28.01.2025 तक जिला सामदेष्टा कार्यालय, राँची में पुनःनामांकन प्रक्रिया की जायेगी, जिसमें प्रभावी बल के सभी गृह रक्षकों का भौतिक रूप से उपस्थित होना है। पुनःनामांकन प्रक्रिया की सूचना तिथिवार दैनिक समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यम से अनेको बार प्रकाशित की जा चुकी है।

अतः पुनःनामांकन के उपरांत अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से निर्गत नया कमान-पत्र प्राप्त होने की दशा में ही प्रतिनियुक्त गृह रक्षकों के दैनिक कर्तव्य भत्ते का भुगतान किया जाए। अन्यथा इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि सेवानिवृत/बिना पुनःनामांकित गृह रक्षकों के भत्ते की निकासी हो सकती है। यदि कोई भी मामला प्रकाश में आता है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित प्रतिष्ठान/गृह रक्षक की होगी।

जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची

PR 343591 Police(24-25)#D


### भाजपा की प्रस्तावित गोगो दीदी योजना पर झामुमो के आरोप पर बिफरी भाजपा

# गोगो दीदी योजना में वसूली के आरोपों की जांच कराये राज्य सरकार अन्यथा होगी कानूनी कार्रवाई: अविनेश

■ राज्य सरकार अपनी स्थानीय नीति को स्पष्ट करे

■ मइयां सम्मान के साथ विधवा, वृद्ध और दिव्यांग जन को भी 2500 रुपये पेंशन राशि दे हेमंत सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने शनिवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि झामुमो सत्तामद में होश खो चुका है। झामुमो के नेता अपने किए वादों की विफलताओं को छुपाने केलिए अनर्गल और तथ्यहीन आरोप गढ़ने लगे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो नेता द्वारा चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा बहनों के लिए घोषित

### केंद्र सरकार ने जो वादे किए उसे ईमानदारी से कर रही पूरा


गोगो दीदी योजना में करोड़ों की वसूली की बात बेबुनियाद,और तथ्यों से परे है। श्री सिंह ने हेमंत सरकार से मांग की कि अपने पार्टी के प्रवक्ता के अनर्गल आरोपों की जांच कराकर जनता को बताएं कि किसने फॉर्म भरने केलिए पैसे दिए हैं। सरकार करोड़ों की अवैध वसूली को भी उजागर करे अन्यथा भाजपा झामुमो के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए कानूनी कार्रवाई करेगी।

श्री सिंह ने कहा कि भाजपा एक सशक्त विपक्ष के नाते राज्य सरकार को जब उनका वादा याद कराती है तो सत्ताधारी गठबंधन तिलमिला जाता है। कहा कि झामुमो बताए कि 3200रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद का वादा क्या केवल वोट लेने केलिए किया गया था। उन्होंने कहा कि झामुमो ने 450 रुपए में गैस सिलिंडर देने का वादा किया था, क्या वो वादा सिर्फ दिखावा था। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना का भाजपा ने विरोध नहीं किया। बल्कि भाजपा के ही चुनाव पूर्व गोगो दीदी योजना के दबाव में ही झामुमो ने मंईयां सम्मान योजना की राशि को 1000 से बढ़ाकर 2500 रुपए किया।

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार केवल मंईयां योजना में जैसे तैसे भुगतान करके अन्य योजनाओं का भुगतान रोक रही है। कहा कि हेमंत सरकार विधवा , वृद्ध और दिव्यांग जन का भी पेंशन राशि बढ़ाकर 2500 रुपए करे और शीघ्र भुगतान भी सुनिश्चित करे। ये लोग ज्यादा जरूरतमंद हैं। इनका पेंशन महीनों से बंद है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जो वादे किए हैं उसे पूरी ईमानदारी से पूरा कर रही है। कोई बहानेबाजी नहीं कर रही। हेमंत सरकार तो महीने भर के अंदर ही केंद्र पर आरोप लगाकर अपनी नाकामियों को छुपाने में लग गई। इनके वादा खिलाफी का इतिहास पुराना है। और इस कार्यकाल में भी जनता को वादा खिलाफी की मार झेलनी पड़ेगी। कहा कि हेमंत सरकार ने पिछले कार्यकाल में कई नियुक्तियों के आवेदन स्थानीय नीति बनाने के नाम पर रद्द किए थे। बाद में कोर्ट के आदेश से कुछ नियुक्तियां हुई लेकिन हेमंत सरकार अबतक अपने घोषणा के अनुरूप स्थानीय नीति न बनाई है, न लागू की है। उन्होंने कहा कि झामुमो फिर से स्थानीय युवाओं की नियुक्ति का सब्जबाग दिखा रहा है।लेकिन झामुमो को बताना चाहिए कि राज्य सरकार कि क्या स्थानीय नीति है। कहा कि 1932के खतियान का सदन से सड़क तक ढिंढोरा पीटने वाले झामुमो को इस संबंध में स्थित स्पष्ट करनी चाहिए। झामुमो राज्य के युवा बेरोजगार को बताए कि राज्य सरकार के गजट में प्रकाशित किस स्थानीय नीति से हेमंत सरकार स्थानीय युवाओं की बहाली करेगी।

### मंत्री डॉ इरफान अंसारी दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे और मोहम्मद अजहरुद्दीन से मिले



**रांची।** मंत्री डॉ इरफान अंसारी शनिवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। मुलकात के दौरान इरफान अंसारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को झारखंड के मुद्दों से अवगत कराया। यह जानकारी दी कि झारखंड सरकार अल्पसंख्यकों के हितों के लिए लगातार काम कर रही है।

**डॉ इरफान मोहम्मद अजहरुद्दीन से भी मिले :** डॉ इरफान अंसारी ने इस दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान व कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन से भी मिले। मंत्री ने कहा कि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में यह मेरे लिए बहुत उम्दा पल था। उन्होंने कहा, मो अजहरुद्दीन ने मेरे कार्यों की सराहना की। कहा कि आप एक उभरते हुए नेता हैं और सभी संप्रदायों के बीच लोकप्रियता प्रशंसनीय है। मेरी दुआएं आपके साथ हैं। ज्ञात हो कि स्वास्थ मंत्री इरफान अंसारी के साथ दिल्ली अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी भी गए हैं।

स्पीड न्यूज

## गम्हरिया प्रखंड परिसर से हटेगा अतिक्रमण

**गम्हरिया।** प्रखंड परिसर में अवैध कब्जा को लेकर बीडीओ अभय द्विवेदी ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने बताया है कि प्रखंड मुख्यालय परिसर से अब अवैध अतिक्रमण हटाया जायेगा। इसके लिए उन्होंने सीओ कुमार अरविंद बेदिया से प्रखंड मुख्यालय परिसर की जमीन का सीमांकन करने को कहा है। सीमांकन के बाद पहले अवैध कब्जा कर रहे लोगों को नोटिस देकर कब्जा हटाने को कहा जायेगा। स्वत: अतिक्रमण नहीं हटाने पर बलपूर्वक हटाया जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत



**गम्हरिया।** कांड्रा-सरायकेला मार्ग पर भोलाडीह के समीप अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से दया महतो (30) नामक युवक की मौत हो गयी। मृतक ईचागढ़ का निवासी था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक अपनी स्प्लेंडर बाइक से सरायकेला की ओर जा रहा था। हेलमेट नहीं पहनने के कारण सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक की बाइक पहले एक टेंपो से टकरा गयी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। फिर पीछे से आ रही एक अज्ञात बोलेरो ने उसे कुचल दिया।

## डॉ सुधाकर ने देश सेवा के लिए किया प्रेरित



**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट ने बेल्डीह क्लब में आयोजित सेमिनार में बेंगलुरु से आए प्रसिद्ध डॉ सुधाकर वाराणसी (108 आपातकालीन सेवाओं के जनक) ने अपने प्रेरक अनुभव साझा किया। उन्होंने भारत में 108 इमरजेंसी एंबुलेंस सेवा की शुरुआत और इसके विस्तार की कहानी सुनायी। इस दौरान उन्होंने गांधीजी के गीत पर आधारित बांसुरी की धुन भी प्रस्तुत की। मंच संचालन रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट के अध्यक्ष डॉ अमित मुखर्जी ने किया।

## गुलाब देकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



**चांडिल।** शनिवार को चांडिल थाना प्रभारी दिलशान बिरुआ ने सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया। बिना हेलमेट पहने लोगों को थाना प्रभारी ने गुलाब देकर सड़क सुरक्षा मानने की अपील की। यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले को गुलाब देकर नियमों के प्रति जागरूक किया। चालक अपने परिवार के प्रति जिम्मेदारी को समझाया।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में विधायक हुईं शामिल

**चांडिल।** प्रखंड क्षेत्र के टुईलुंग व कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के चेकेगढ़ीया में शनिवार को एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों ही फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में ईचागढ़ के विधायक सविता महतो शामिल हुए। मौके पर चारुचांद किस्कु, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, दिलीप महतो, काबलु महतो, करण सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 25 को होगा भोजपुरी आइडल सीजन - 2

**जमशेदपुर।** भोजपुरी संस्कृति मंच जमशेदपुर द्वारा आगामी 25 जनवरी 2025 को भोजपुरी गीत-संगीत प्रतियोगिता भोजपुरी आईडल सीजन 2 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। भोजपुरी संस्कृति मंच जमशेदपुर के मुख्य संरक्षक भरत सिंह ने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक कलाकारों को ऑडिशन के लिए पंजीकरण फॉर्म साकची स्थित कार्यालय में निबंधन करा सकते हैं।

# अपने बच्चों को धर्म की शिक्षा जरूर दें : आचार्य बांकेबिहारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कथा के तीसरे दिन आचार्य श्री बांकेबिहारी गोस्वामी ने भगवान्‌ श्री धरुव चरित्र की कथा अत्यंत विस्तार से कही। उन्होंने राजा व गुरु के द्वारा अपनी प्रजा व शिष्यों को धर्म की शिक्षा आवश्यक रूप से दिये जाने का महत्व बतलाया। ऐसा नहीं करने पर इस संबंध में होने वाले नुकसान की भी चर्चा की। आचार्य श्री ने कहा कि धर्म की नींव बचपन में डाली जा सकती है। हर माता पिता को चाहिए कि अपनी संतानों को निश्चित रूप से धर्म की शिक्षा प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूली शिक्षा जितनी आवश्यक है, उतना ही आवश्यक है कि उन्हें मंदिर दर्शन और पूजा करनी भी सिखायी जाए। बच्चों को धार्मिक सहिष्णुता का महत्व समझाएं। उन्हें धर्म के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ, धार्मिक संस्कारों का भी ज्ञान दें। बच्चों को धार्मिक ग्रंथों की जानकारी दें और उनका सार समझाएं। अपने विद्वता पूर्ण उदबोधन में आचार्य श्री बांकेबिहारी गोस्वामी जी ने व्यासपीठ से अनेकों एतिहासिक धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया।



अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आयोजित भागवत के तीसरे दिन उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रवचन करते आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी।

आज की कथा प्रसंग के अंतर्गत भरत, अजामील की कथा, नरसिंह अवतार, हिरण्यकश्यप युद्ध एवं भक्त प्रहलाद की रक्षा का मार्मिक वर्णन किया। इस अवसर पर भगवान श्री नृसिंह अवतार की जीवंत झांकी भी प्रस्तुत की गयी।

### भजन संध्या का हुआ आयोजन

कथा विश्राम के पश्चात रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक भजन कलाकारों ने प्रस्तुति दी। श्याम बाबा, राणी सती दादी, हनुमान जी और कृष्ण के भजनों को सुनकर श्रोता झूम उठे। भजन गायकों में लिप्पू शर्मा, उमेश खीरवाल, भटली परिवार, राणी सती सत्संग समिति, बैजू शर्मा, मनीष केडिया, गोविंद भारद्वाज, अनिल रिंगसिया ने दिव्य भजन गाकर शमां बांध दिया। मीडिया डेस्क से सांवर लाल शर्मा एवं सन्नी संघी ने यह जानकारी दी।

### इनकी रही उपस्थिति

मौके पर संतोष खेतान, महावीर अग्रवाल, दिलीप गोयल, संतोष अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, आनंद हरनाथका, ओमप्रकाश रिंगसिया, जयश्री गोयल, किशन संघी, बजरंग लाल अग्रवाल, दीपक पारीक, अशोक चौधरी, कमल किशोर अग्रवाल, सांवर लाल शर्मा, रामेश्वर लाल भालोटिया, मनोज गोयल, अंकित अग्रवाल, मंटू अग्रवाल, अजय भालोटिया, ललित डांगा, गगन रुस्तगी, संजय अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अरुण अग्रवाल रामूका, मनीष केडिया, अनिल रिंगसिया आदि उपस्थित थे।

# बारा कॉम्प्लेक्स में ही गिरे मानगो नगर निगम का भी कचरा : सरयू

## टाटा स्टील की सहमति से मरीन ड्राइव के किनारे मानगो का कचरा गिराया जा रहा था

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि मानगो के कचरा निस्तारण का एक ही रास्ता है कि जिस तरह जेएनएसी का कचरा टाटा स्टील के बारी कॉम्प्लेक्स में गिराया जा रहा है। ठीक उसी प्रकार मानगो नगर निगम का कचरा भी बारा कॉम्प्लेक्स में गिरे।

यहां जारी एक बयान में श्री राय ने कहा कि टाटा स्टील की सहमति से सोनारी मरीन ड्राइव किनारे जेएनएसी और मानगो का कचरा काफी समय से गिराया जा रहा था। इसके पहले दोनों जगहों का कचरा बारा कॉम्प्लेक्स में गिराया जा रहा था। मरीन ड्राइव किनारे टाटा लीज की जिस जमीन पर कचरा गिराया जा रहा था, उसकी घेराबंदी करने के लिए जिला प्रशासन ने टाटा स्टील से अनापत्ति मांगा। काफी दिनों तक टाटा स्टील ने एनओसी नहीं दिया। बाद में 23.02.2023 को इन्होंने एनओसी दे दिया। इसके बाद भी प्रशासन ने इस भूखंड की घेराबंदी नहीं किया। यह विवरण एनजीटी के समक्ष उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम द्वारा दायर शपथ पत्र में है।

बयान में सरयू राय ने कहा कि यह भूखंड कचरा जमा करने के लिए उपयुक्त स्थान नहीं था। यह स्थान नदी से 100 मीटर की कम दूरी पर और आबादी से 200 मीटर की कम दूरी पर था। इसे भी जिला प्रशासन ने एनजीटी के समक्ष दिए शपथ पत्र में स्वीकार किया है। फिर भी टाटा स्टील और जिला प्रशासन की सहमति से यहां जेएनएसी और मानगो का कचरा जमा हो रहा था। जब इस भूखंड पर कचरा का पहाड़ खड़ा हो गया, आग लग गई तो सोनारी के एक वरिष्ठ नागरिक केएस उपाध्याय एनजीटी गए। एनजीटी के समक्ष उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम ने 23.02.2023 को शपथ पत्र दिया और बताया कि टाटा स्टील के सहयोग से पोटका तहसील के बेगुनडीह में 14.95 एकड़ जमीन चिन्हित हो गई है जहां कचरा का निस्तारण होगा।



सरयू राय, विधायक।

इन्होंने शपथ पत्र में यह भी बताया कि सोनारी की जमीन को कचरा मुक्त एवं आग से मुक्त करने के लिए 4 करोड़ की खर्च पर एक एजेंसी बहाल हो गई है। आदित्यपुर नगर निगम को मानगो, जुगसलाई, कपाली, जेएनएसी के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है और सभी की कचरा निस्तारण आदित्यपुर के साथ ही होगा।

बयान में श्री राय ने कहा है कि उक्त शपथ पत्र में विस्तार से बताया गया कि सोनारी कचरा डंपिंग स्थल पर लगी आग को बुझाने के लिए पर्याप्त प्रयास किया गया। दो टैंकर लगाए गए। दो सुरक्षा गार्ड बहाल किए गए हैं। कचरा निष्पादन के लिए 4 करोड़ के खर्च पर एक एजेंसी बहाल की गई है। पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के शपथ पत्र पर विचार करने के बाद एनजीटी ने श्री उपाध्याय के आवेदन पर दिनांक 05 अप्रैल 2023 के अपने निर्णय में उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम को निर्देश दिया कि सोनारी डंपिंग स्थल को कचरा मुक्त किया जाय और यहां लगी आग को बुझाया जाए। इसके लिए एनजीटी ने 31 दिसंबर 2024 तक का समय दिया था। जब इस बारे में कोई प्रगति नहीं हुई तो उन्होंने (श्री राय ने) समस्या के समाधान के लिए मामला पुनः एनजीटी के संज्ञान में लाया। इस पर एनजीटी ने 11 दिसंबर 2024 को उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम को निर्देश दिया कि सोनारी डंपिंग स्थल पर लगी आग को बुझाया जाय और डंपिंग एवं आग के कारण पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दूर करने के लिए उपाय किया जाए। एनजीटी के इस निर्देश के बाद जेएनएसी का कचरा टाटा स्टील के बारा कॉम्प्लेक्स में गिराया जाने लगा ओर मानगो का कचरा कहां जाएगा, इस पर निर्णय नहीं हुआ। यही वजह है कि आज की तारीख में मानगो में जगह-जगह कचरा का अंबार लग गया है।

श्री राय ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि केएस उपाध्याय के मुकदमे में 05 अप्रैल 2023 को एनजीटी द्वारा सोनारी कचरा डंपिंग स्थल को कचरा मुक्त करने और आग बुझाने के स्पष्ट निर्देश के बाद भी लगभग डेढ़ साल तक जिला प्रशासन सोया रहा।

## जेएफसी ने बेंगलुरू एफसी को रौंदा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कभी कभी खिलाड़ियों का स्टारडम, खेल से भी बड़ा होता है। यह बात जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जेएफसी बनाम बेंगलुरु आईएसएल मुकाबले के सच साबित होता दिखा। आज के खेल में भारतीय फुटबॉल के सितारे भारत के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री की मौजूदगी की सूचना पाकर दर्शकों के स्टैंड्स खेल शुरू होने से पहले ही खचाखच भर चुके थे। खेल के शुरू होते ही दर्शक पूरे उत्साह में नजर आ रहे थे, वहीं खेल के शुरूआत से ही बेंगलुरु की टीम जमशेदपुर पर हावी नजर आ रही थी, गेंद ज्यादातर समय बेंगलुरु के कब्जे में रही, आखिरकार खेल के 19वे मिनट में बेंगलुरु के स्पेनी मिडफील्डर नोगुआरा ने जमशेदपुर के पास पर बीच में ही कब्जा जमाते हुए गोलपोस्ट को दिशा दिखला दी, और जमशेदपुर के गोलकीपर एलबिनो काफी दूर रह गये। 19वे मिनट में बेंगलुरु को मिली बढ़त पर जमशेदपुर खेल के पहले हाफ तक पार नहीं पा सकी। हाफ टाइम तक स्कोर 1-0 रहा। खेल के दूसरे हॉफ का खेल शुरू होते ही स्थानीय दर्शकों के बीच खेल रहे जमशेदपुर ने शानदार खेल दिखलाते हुए बेंगलुरु को शानदार टक्कर दी। शानदार पास और नजदीकी खेल दर्शकों का उत्साह बढ़ा रहा था, गोल के कई नजदीकी मौके रहे, आखिरकार 84वे मिनट में जमशेदपुर के फॉरवर्ड खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई मुर्रे ने शानदार रिबाउंड गोल दागकर जमशेदपुर को बराबरी पर ला खड़ा किया। दिसंबर के सर्द भरे मौसम में अब मैदान पर खेल पर गर्मी थी। खेल के 90वे मिनट में जमशेदपुर के डिफेंडर उवाइस ने दूसरा गोल दागकर जमशेदपुर को बढ़त दिला दी। अब जीत की खुशी पाकर पूरा स्टेडियम खुशी से झूम रहा था, अतिरिक्त 6 मिनटों में भी बेंगलुरु वापसी नहीं कर सकी। और जमशेदपुर ने 2-1 से जीत आईएसएल प्वाइंट टेबल में अपनी जगह मजबूत कर ली। 12 हजार से ज्यादा दर्शकों का उत्साह बता रहा था कि उन्होंने वह सब कुछ हासिल कर लिया है, जिसके लिए वह मैदान पहुंचे थे।

## सोमू का प्रयास रंग लाया, सोमवार को बंद रहेंगे सरकारी सभी कार्यालय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

■ गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर सरकार ने घोषित किया अवकाश



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के युवा सिख नेता सतबीर सिंह सोमू का प्रयास रंग लाया और अब सोमवार को सरकारी कार्यालय, स्कूल और प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। झारखंड सरकार के कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। सतबीर सिंह सोमू ने सीएम हेमंत सोरेन एवं खास कर अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सरदार ज्योति सिंह मठारू के प्रति आभार जताया है कि उन्होंने सिखों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया है। छूटी को लेकर लगे रहे और छूटी दिला कर ही दम लिया। देशी विक्रम और नानकशाही संवत कैलेंडर के कारण गुरु गोबिंद सिंह जयंती को लेकर झारखंड सरकार घोषित अवकाश को लेकर ऊहापोह की स्थिति में रहती है क्योंकि इसकी तिथि अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार तय नहीं है। जबकि बिहार में ऐसी स्थिति नहीं है और गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को लेकर बिहार सरकार द्वारा घोषित अवकाश को अंकित करने से समस्या नहीं रहेगी।

## कचरा समाधान को लेकर धरना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर शनिवार को मानगो के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मानगो के कचरा का उठाव एवं निष्पादन हेतु एक दिवसीय सांकेतिक धरना का आयोजन मानगो नगर निगम के पास महात्मा गांधी के स्मारक के पास दिया। धरना से पहले राष्ट्रपिता को माल्यार्पण किया गया।

नितेश मित्तल ने कहा कि वर्तमान विधायक के एनजीटी में शिकायत करने से विगत 15दिनों से मानगो में कचड़ा का उठाव बंद है, हर चौक चौराहे पे गंदगी का अंबार है , वहां से आने जाने वाले लोग परेशान है, क्योंकि कचड़ा पड़े-पड़े सड़ने लगा है इसलिए अब मानगो छेत्र में महामारी फैलने की संभावना बढ़ गयी है।

मानगो नगर निगम द्वारा महामारी को देखते हुए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव तक नही करवाया जा रहा है। आज जब कांग्रेस के कार्यकर्ता धरना देने आए तो आनन फानन में विधायक जी के कुछ लोग ब्लीचिंग का छिड़काव करने लगे। मानगो की जनता समझ गई है कि वर्तमान विधायक सिर्फ और सिर्फ आंख में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं।

गुड्डू सिंह ने कहा कि अगर 48 घंटे के अंदर मानगो के कचरा का उठाव एवं इसका निष्पादन सुचारू रूप से नहीं किया गया तो मानगो वासियो के साथ मानगो नगर निगम में तालाबंदी की जाएगी, जिसकी जवाब देही मानगो नगर निगम एवं स्थानीय विधायक की होगी। पप्पू सिंह उज्जैन ने बताया कि पूर्व विधायक श्री बन्ना गुप्ता जी का सपना मानगो को साफ,सूंदर ओर रमणीक मानगो बनाने का था, लेकिन आज परिस्थिति अलग है।

## एक नजर में

### आनंदमार्ग ने 10 का कराया मोतियाबिंद ऑपरेशन




**गम्हरिया।** आनंदमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल ने पूर्णिमा नेत्रालय में बीते शिविर में मोतियाबिंद पीड़ित चयनित 10 रोगियों का नि:शुल्क ऑपरेशन कराया। बताया गया है कि 21 दिसंबर को आनंदमार्ग स्कूल कांड्रा में आयोजित नेत्र जांच एवं शिविर में इन मोतियाबिंद पीड़ितों का चयन किया गया था। सफल आपरेशन के बाद उनके दीर्घायु होने की कामना की गयी। इसके सफल आयोजन में पूर्णिमा नेत्रालय के नेत्र विशेषज्ञ डॉ शांतनु, आनंदमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के गोपाल बर्मन, जितेन बर्मन, सूर्य प्रकाश, भर्तृहरि, प्रवेश गोप आदि का प्रमुख योगदान रहा।

### संजय स्पोर्टिंग रपचा की टीम बनी चैंपियन



**गम्हरिया।** वीर शहीद रतिलाल महतो स्मृति रक्षा मंच के ऊपरबेड़ा मैदान में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता संजय स्पोर्टिंग रपचा की टीम रही, जबकि अनिता स्पोर्टिंगस ऊपरबेड़ा की टीम उप विजेता रही। इसके अलावा रघुनाथ एफसी, थाना मोड़ तृतीय और शहीद रतिलाल महतो, ऊपरबेड़ा की टीम चतुर्थ स्थान पर रही। उक्त प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। मौके पर मुख्य अतिथि मुखिया मोहन बास्के व सम्मानित अतिथि पूर्व 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सीके गोराई, समाजसेवी भादव सोरेन और अविनाश सोरेन ने सभी टीमों को पुरस्कार दिया। इसके अलावा श्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी समिति ने पुरस्कृत किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष वीरेंद्र नाथ महतो, मनोदीप महतो, पिंटू महतो, पंकज महतो, संतोष टुडू, उत्तम दास उपस्थित थे।

### डीडीसी की पदस्थापना को लेकर सीएम से मिले



**जमशेदपुर।** शनिवार को जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू एवं सदस्य डॉ परितोष सिंह मुख्यमंत्री से मिलकर नव वर्ष की शुभकामना दी। साथ ही साथ मुख्यमंत्री को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उप विकास आयुक्त के नहीं होने से जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया एवं जल्द से जल्द उप विकास आयुक्त की पदस्थापना की मांग की। उन्होंने बताया कि अबुआ आवास निर्माण में पूर्वी सिंहभूम सबसे पीछे है साथ ही साथ अन्य योजनाएं भी प्रभावित हो रही है। सीएम ने जल्द ही डीडीसी के पदस्थापना का भरोसा दिया।

# यूसिल ने जुटाये 213 यूनिट रक्त

■ यूसिल के रक्तदान शिविर का फायदा कंपनी कर्मी समेत पोषक क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी रक्त की जरूरतों को पूरा करती है : यूसिल / प्रशांत महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा।** भारत सरकार की संस्थान यूसिल की ओर नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट के क्लब भवन में शनिवार को कंपनी की ओर से 82वां रक्तदान शिविर आयोजित की गयी, जहां काफी संख्या में कंपनी कर्मियों ने रक्तदान किया और 213 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसके पूर्व कंपनी के नोडल अधिकारी (सी एस आर) एम के सिंघई, डॉ पी के अधिकारी, एस आर हेंब्रम ने दीप प्रज्ज्वलित कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। मौके कंपनी कर्मी प्रशांत महतो ने रक्तदान से एकत्रित ब्लड कंपनी कर्मियों समेत पोषक क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी रक्त की कमी होने पर या जरूरतमंदों को यूसिल रक्त मुहैया कराती है। इसी उद्देश्य को लेकर यूसिल प्रबंधन हर साल रक्तदान शिविर आयोजित करती है। जिसका फायदा पूरे कोल्हान के जरूरतमंद लोगों को कंपनी रक्त मुहैया कराती है। यूसिल के रक्तदान शिविर में दर्जनों ऐसे रक्तदाता मिले जो 18 सालों से रक्तदान करते आ रहे है, जिसमें कई कंपनी के अधिकारी शामिल हैं।



यूसिल के शिविर में रक्तदान करते लोग।

## मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे : रमेश बास्के

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शनिवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सोनारी स्थित एयरपोर्ट चौक का नामकरण मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के नाम पर आदिवासी संगठनों ने किया था। इसके नामकरण के समर्थन में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रमेश बास्के के नेतृत्व में जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता जाकर कर इस चौक के नामकरण पर माल्यार्पण कर चौक का समर्थन किया। मौके पर श्री राम सिंह मुंडा ने कहा कि झारखंड के महापुरुषों का अपमान किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष काजू सांडिल ने कहा कि झारखंड के महापुरुषों की प्रतिमा झारखंड के प्रत्येक शहर में चौक चौराहा में स्थापित होना चाहिए।

# सराहनीय रहा है रेडक्रॉस का 30 वर्षों से कार्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने बीते 30 वर्षों से समाज के लिए विशेषकर नेत्र शिविर, ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान के क्षेत्र में कार्य किया है वह सराहनीय है। टाटा स्टील एवं उसकी सहयोगी कंपनियां सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाने में हमेशा अग्रणी भूमिका में रहती है। हमारा भी लगातार प्रयास रहा है कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा समाज के उपेक्षित वर्गों के लिए जो कार्य किया जा रहा है, उसमें लगातार सहयोग प्रदान करें और इसमें आगे भी हमारी भूमिका रहेगी। उक्त विचार टाटा स्टील एवं निप्पन स्टील की संयुक्त उपक्रम जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक अभिजीत अविनाश नानोटी ने नेत्र ज्योति महायज्ञ झ 2025 के उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किया। रेड क्रॉस के पेट्रन स्व. के. के. सिंह की स्मृति में प्रत्येक वर्ष की भांति आयोजित नेत्र शिविर का शुभारंभ आज दीप प्रज्जवलित कर अतिथियों ने किया। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक प्रोजेक्टस एवं सीएसआर एम.के. सिंघाई ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम मानवता की सेवा के जिस लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहा है, वह फलीभूत भी हो रहा है, उन्होने कहा कि दो वर्ष पूर्व रेड क्रॉस के सहयोग से स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर के आयोजन की शुरूआत यूसीआईएल ने की थी, जिसके माध्यम से नेत्र रोगियों विशेषकर मोतियाबिन्द रोगियों का चिन्हित कर लगातार ऑपरेशन किया गया, आज सुखद परिणाम है कि कई गांवों में मोतियबिन्द के मरीज अब न के बराबर हैं। कार्यक्रम के संयोजक व रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष विकाश सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि रेड क्रॉस सोसाईटी का नेत्र ज्योति महायज्ञ एक ऐसा अभियान है, जो आज पूरे देशभर में जाना जाता है, उन्होने बताया कि आज एक हजार से ज्यादा की संख्या में पहुंचें मरीजों की संख्या बताती है कि उन्हें इस शिविर पर कितना विश्वास है।




दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

## स्पीड न्यूज

### आरआईएमसी परीक्षा में देशभर में 8वां स्थान लाने पर सन्नी को किया सम्मानित



**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखंड के कजरी गांव के रामनेह सिंह के पुत्र सन्नी ने राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज के इंट्रेंस इम्तिहान में देश भर में आठवां स्थान लाया है। जिसपर कजरी मुखिया सह मुखिया संघ के पड़वा प्रखंड अध्यक्ष रंजना सिंह ने सन्नी को सम्मानित किया है। मुखिया ने कहा कि देश भर में आठवां स्थान लाकर सन्नी ने जिला सहित पूरे झारखंड का मान बढ़ाया है। सन्नी ने साबित कर दिया कि गांव के बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मौके पर समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, रामनेह सिंह व कई लोग मौजूद थे।

### 224 स्कूली विद्यार्थियों को मिली साइकिल



**पाटन पलामू।** प्रखंड मुख्यालय में कल्याण विभाग से मिली 224 विद्यार्थियों के बीच साइकिल बांटी गयी। मौके पर पाटन प्रखंड के नावाडीह भुड़वा उमवि, किशुनपुर काली संस्कृत मवि, मवि पचकेड़िया, मवि तीसीबार, उमवि काला पहाड़, मवि आरेदाना, मवि कांके कला के में साइकिल बंटी। साइकिल वितरण में स्पेशल एजुकेटर इमाम हुसैन, भीएलडब्लु अजीत मिश्रा, प्राचार्य मवि भुड़वा वाल्मीकि राम, काला पहाड़ मवि के प्राचार्य ऋषिकांत तिवारी, पचकेड़िया मवि के प्राचार्य अरुण कुमार, आरेदाना मवि के प्राचार्य ब्रह्मदेव कुमार, कांके कला मवि के प्राचार्य रेणु कुमारी, काली संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य अमरनाथ झा थे। साइकिल पाकर विद्यार्थी गदगद दिखे।

### अपर लोक अभियोजक को दी गयी विदाई



**मेदिनीनगर।** सिविल कोर्ट के अपर लोक अभियोजक मनोज सिंह को सेवानिवृत्ति पर शनिवार को विदाई दी गयी। विदित हो कि मनोज 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए थे। अभियोजन कार्यालय में विदाई समारोह मनाया गया। लोक अभियोजक राजेश शर्मा ने कहा कि मनोज सिंह ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ अपर लोक अभियोजक के रूप में काम किया है। उनकी कमी हमेशा खलेगी। श्री सिंह ने कहा कि पलामू न्याय मंडल में कार्य करने का जो अवसर मिला है यह सेवा काल के दौरान सबसे बेहतरीन समय रहा है। लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर अपर लोक अभियोजक पुष्पा सिन्हा, प्रवीण सिंह, सहायक लोक अभियोजक दिलीप सिंह, उस्मान गनी, जगरनाथ, जस्टिन सोरेंग, शैलेश रंजन के अलावे दर्जनों लोग थे।

### झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाई फेडरेशन पलामू के अध्यक्ष बने बिष्णुराम चंद्रवंशी



**मेदिनीनगर।** झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाई फेडरेशन मेदिनीनगर इकाई का चुनाव नगर निगम कार्यालय परिसर में चुनाव पर्यवेक्षक सह प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में कराया गया। इसमें दो उम्मीदवार संतोष कुमार व बिष्णुराम चंद्रवंशी अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी प्रस्तुत किये। जहां 447 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद मतगणना में बिष्णुराम को 235 जबकि संतोष को 126 मत प्राप्त हुए। इसकी घोषणा चुनाव पर्यवेक्षक सह प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह व प्रदेश सचिव राजेश मंडल ने की। बिष्णुराम विजयी घोषित हुए। उपस्थित लोगों ने उनका स्वागत करते हुए बधाई दी। चुनाव जीतने के बाद श्री राम ने कहा कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए शुरू से ही आवाज उठाते आया हूं और आगे भी उठाने का काम करूंगा। मौके पर अंकित कुमार, सागर कुमार, कल्लु राम, अर्जुन प्रसाद, मदन कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### जल में छिपी है धर्मरूपी शीतलता



**मेदिनीनगर।** बक्सर जिला के गेरूवा बांध में भारत के महान मनीषी संत परमपूज्य श्री त्रिदंडी जी महाराज के शिष्य पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में श्रीराम कथा, लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के साथ ही विराट धर्म सम्मेलन व विद्वत गोष्ठी 31 दिसंबर को की गयी। इसमें पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज के शिष्य डालटनगंज निवासी वशिष्ट नारायणाचार्य ने भाग लिया। जिन्होंने सनातन धर्म पर बोलते हुए कहा कि मातृ देवो, पितृ देवो भवः से बड़ा पूजा व पुण्य कोई नहीं है। जो संत महापुरूष के वाणी का अनुसरण करता है तथा माता पिता का आदर करता है उसे तीनों लोक में यश की प्राप्ति होती है। सनातनियों को संत के बातों का अनुश्रवण करना चाहिए तथा उनके बताये सत्य मार्ग पर चलकर मोक्ष की प्राप्ति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्मरूपी शीतलता जल में छिपी हुई है। जल का कोई आकार नहीं होता उसी प्रकार मानव अपना गुण, आचरण व व्यवहार करें ताकि लोगों को शीतलता मिल सके।

### चैनपुर के बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे ने उपायुक्त से की वसूली की शिकायत

**चैनपुर, पलामू।** चैनपुर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) के पद पर कार्यरत अरविंद सिंह के द्वारा मनरेगा की योजनाओं में लाभुकों से भुगतान के नाम पर पांच प्रतिशत की उगाही की जा रही है। उक्त आरोप चैनपुर के बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे ने बीपीओ पर लगाया है। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत पलामू उपायुक्त से भी की है। उन्होंने डीसी से आग्रह किया है कि इसकी जांच किसी वरीय पदाधिकारी से कराते हुए दोषी पदाधिकारी पर विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाये। ताकि भविष्य में कोई अन्य पदाधिकारी ऐसी गलती न करे। उन्होंने कहा है कि पूरे प्रखंड से पंचायत तक कमीशन के नाम पर 50 प्रतिशत राशि की उगाही हो रही है। विदित हो कि 10 दिसंबर को चैनपुर प्रखंड के सभी मनरेगा वेंडर के खातों में करोड़ों का भुगतान सरकार ने किया। परंतु अत्यधिक लाभुकों को अभी तक वेंडर पैसे नहीं दिये हैं। कुछ लाभुकों के 50 प्रतिशत पैसों की कटौती कर भुगतान की गयी है, जो जांच का विषय है।

# ग्रासिम प्रबंधन अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करता है : हितेंद्र अवस्थी

- ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग द्वारा जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला विशुनपुर स्थित बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट के परिवार कल्याण केंद्र परिसर में ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग ने शनिवार को जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा। जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण बतौर मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी व विशिष्ट अतिथि महिला मंडल अध्यक्ष नमिता अवस्थी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि ग्रासिम प्रबंधन अपने सामाजिक दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन करता है।




**खास बातें :** कारखाना के आसपास के गांवों में सामाजिक उत्थान के लिए ग्रासिम प्रबंधन कई महत्वाकांक्षी व कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष कंबल भी बांटा जाता है। इस कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को कंबल देना पुनीत कार्य है। सीएसआर विभाग शिक्षा व स्वास्थ्य के अलावा आजीविका से संबंधित गतिविधि, किसानों व महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिये कार्य करता रहा है। हम इस जनवरी को ज्वाय आफ गिविंग महीने के रूप में मना रहे हैं जिसके तहत आसपास के स्कूलों के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए रोचक लाइब्रेरी की स्थापना होगी, 500 बच्चों को स्कूल किट दिया जायेगा। 1200 लोगों के बीच कंबल वितरण, बालिका विद्यालयों में हाइजीन से संबंधित अभियान, स्कूलों में खेलकूद प्रतियोगिता, प्रतिभावान छात्राओं के लिए ग्रासिम स्कॉलरशिप योजना आदि की शुरुआत की जायेगी। इस मुहिम में सीएसआर के अलावा ग्रासिम के सभी अधिकारी व कर्मचारी भी निजी रूप से आर्थिक सहयोग करेंगे। आने वाले दिनों में गांव-गांव में बने विभिन्न केंद्रों पर जाकर सीएसआर की टीम जरूरतमंद लोगों के बीच चरणबद्ध तरीके से कंबल का वितरण करेगी। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार व सीएसआर के अनिल गिरि ने किया।

# पांकी विधायक और एसडीएम ने किया मजदूर किसान कॉलेज का निरीक्षण

- बांद मिला क्लास रूम, नियमित कक्षा संचालित करने का निर्देश
- दिनेश कुमार बन शिक्षक प्रतिनिधि कर्मियों का होगा सर्टिफिकेट जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर /पांकी।** सदर एसडीएम सुलोचना मीणा एवं पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी प्रखंड के डंडार कलां में स्थित मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय का निरीक्षण किया। मेदिनीनगर सदर एसडीएम सुलोचना मीणा और पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में कॉलेज परिसर में शासी निकाय की बैठक की गयी। इस दौरान कंप्यूटर ऑपरेटर के निलंबन का अनुमोदन किया गया। एसडीएम ने कॉलेज के प्रिंसिपल को निर्देश दिया है कि अगली बैठक में सभी कर्मियों का योग्यता संबंधित सभी प्रकार का दस्तावेज (डॉक्यूमेंट) लेकर आयेंगे, ताकि उसकी जांच की जाये कि उनका नियुक्ति नियम संगत हुआ है या नहीं। बैठक में दिनेश कुमार को शिक्षक प्रतिनिधि बनाया गया।



**खास बातें :** बैठक के बाद एसडीएम ने कॉलेज के क्लास रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान कक्षाएं बंद मिलीं। साथ ही छात्र भी गायब रहे। एसडीएम ने कॉलेज के सभी कर्मियों को कई निर्देश दिये। कक्षाएं नियमित करने और छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य करने को कहा। एसडीएम ने भौतिक स्थिति का भी जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। एसडीएम ने लैब आदि का भी निरीक्षण किया और सारे कर्मियों को दुरुस्त करने को कहा। मालूम हो कि पिछले दिनों पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मजदूर किसान इंटर कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे थे, जहां विधायक ने कंप्यूटर ऑपरेटर को टाइपिंग के लिए आवेदन दिया था। आरोप है कि कंप्यूटर ऑपरेटर शशिकांत यादव टाइपिंग के बदले बिना कुछ बताये कॉलेज से निकल कर घर चल गये। मामले को गंभीरता से लेते हुए कॉलेज प्रबंधन ने कंप्यूटर ऑपरेटर पर महाविद्यालय के नियमों के उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए निलंबन के लिए पत्र लिखा था।

पांकी विधायक ने किया एक्स रे रूम और आई ओटी का उद्घाटन, कहा

# ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाना जिम्मेदारी है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शनिवार को पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे रूम, आई ओटी का फीता काट कर उद्घाटन किया।

विधायक डॉ मेहता ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। ऐसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सको एवं स्वास्थ्य कर्मियों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ स्वास्थ्य केंद्र में आएं मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायें। विधायक ने कहा कि उनका प्रयास है कि पाकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सभी तरह के संसाधन उपलब्ध करा दें कि कोई भी मरीज बिना इलाज कराए वापस नहीं लौटे। क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधिकांश गरीब परिवार के लोग ही आते है। ऐसे में गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वह निरंतर सक्रियता के साथ लगें हुए हैं कि स्वास्थ्य केंद्र सभी तरह संसाधन युक्त हो। इस मौके पर प्रमुख पंचम प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद, बीपीएम अनुज कुमार, चंदन मेहता, पंचायत समिति मिथलेश यादव, रौशन सिंह, यशवंत मेहता, सुनील गुप्ता, ललित मेहता, राजेंद्र यादव, चंदन गुप्ता, श्यामनंदन ओझा, हेमंत यादव सहित कई लोग मौजूद थे।



उद्घाटन के बाद स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लेते पांकी विधायक।

# स्वर्गीय अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन आज से

## टूर्नामेंट में कई राज्यों की टीमें होंगे शामिल : विधायक आलोक चौरसिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** दिनकर स्पोर्टिंग क्लब लोकेया ने स्व अनिल चौरसिया राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन 5 से 11 जनवरी तक किया गया है। इस टूर्नामेंट का उदघाटन डालटनगंज -चैनपुर-भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया दोपहर दो बजे करेंगे। टूर्नामेंट के संबंध में विधायक ने कहा कि इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। श्री चौरसिया ने बताया कि पूज्य पिता स्व चौरसिया इसी मैदान में निरंतर जिला एवं राज्य स्तरीय फुटबॉल मैच कराते थे। उनकी विरासत एवं उनकी सोच को आगे बढ़ते हुए प्रतिवर्ष हम लोग भी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करते हैं। इस टूर्नामेंट में कई राज्यों बक्सर बिहार, कोलकाता, मुगलसराय, पलामू, छत्तीसगढ़, सोनभद्र, बोकारो, जबलपुर आदि टीम भाग ले चुकी है। इन टीमों के मुकाबले के बाद अंत में चार टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच 11 जनवरी को खेला जायेगा। साथ ही श्री चौरसिया ने क्षेत्र वासियों और खेल प्रेमियों से अपील की है वे इस फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेकर इसे सफल बनायें। मौके पर ज़िला पार्षद रामलव चौरसिया, भीष्म चौरसिया, आशीष चौरसिया, रमकरेश प्रसाद, मुखिया पति सुनील प्रसाद, व्यास राम चौरसिया, कमल किशोर चौरसिया, रामकृष्ण चौरसिया, राम लखन प्रसाद आदि मौजूद थे।



क्रिकेट टूर्नामेंट के बारे में जानकारी देते विधायक आलोक चौरसिया।

### हर छह तारीख को लगेगा प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

**मेदिनीनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह के सुदना स्थित आश्रम में अब प्रत्येक माह प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। इस शिविर में वैद्य डागा जी भाग लेंगे। वैद्य डागा जी नस रोग विशेषज्ञ हैं। समूह के डालटनगंज शाखा के उपाध्यक्ष रागिनी राय ने बताया कि प्रत्येक माह की छह तारीख को प्राकृतिक चिकित्सा शिविर लगेगा। शुक्रवार को होमियोपैथी शिविर भी लगता है।

### पंकज पांडेय बने हिसरा बरवाडीह पैक्स अध्यक्ष



**पाटन पलामू।** प्रखंड के हिसरा बरवाडीह पैक्स अध्यक्ष का चुनाव फुसना पथरा आंगनबाड़ी भवन में किया गया। मौके पर फुसना पथरा के पंकज पाण्डेय को सर्वसम्मति से पैक्स अध्यक्ष चुना गया। जिसका चुनाव निर्वाचन पदाधिकारी नितितोष ठाकुर बीसीओ पांकी के नेतृत्व में कराया गया। मौके पर हिसरा बरवाडीह मुखिया जयशंकर प्रसाद एवं पैक्स सदस्य उपस्थित थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक कंबल-अलाव नहीं



**पाटन पलामू।** जिले में कड़ाके की ठंड की वजह से जन जीवन व्यस्त व्यस्त है। ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड के मारे लोग घर में दुबके हैं। 11 बजे तक आसमान में घने कोहरा छाया रहता है। ग्रामीण क्षेत्र के बूढ़े बुजुर्ग गर्म कपड़े कंबल और आग का सहारा लेकर ठंड भगा रहे हैं। पाटन प्रखंड में अभी तक जिला प्रशासन ने कंबल और अलाव की कोई व्यवस्था नहीं करायी है। जिससे गरीब मजदूरों को कठिनाई हो रही है।

### खेलो इंडिया के लिए संत मरियम के खिलाड़ी चयनित




**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय के 6 चयनित बाल कराटेकार कोलकत्ता में तृतीय खेलों इंडिया खेलो ओपेन नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में हिस्सा लेगे। इनमें रितू राज, अभिषेक सिंह, रितिक सिंह, शुभम सिंह, युवराज कोरवा, गौरव सिंह का नाम शामिल। यह चैंपियनशिप शितो–रियु कराटे डू फेडरेशन के तत्वावधान में वेल्स ग़्लोबल स्कूल, हावड़ा में 5 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। यह टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में कलकत्ता के लिए रवाना हुए। जबकि टीम मैनेजर अमित कुमार प्रजापति को नियुक्त किया गया है। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने समस्त खिलाड़ियों को तिलक व पुष्प वर्षा कर टीम को कलकत्ता के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करें यही शुभकामना है।

# 10 पंचायत के गांवों में मनरेगा के कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

- बीडीओ ने क्षेत्र में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड के 10 पंचायत के गांवों में मनरेगा के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश शनिवार को बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने दिया है। प्रखंड सभागार में आयोजित बैठक के दौरान बताया कि मजदूरों का भुगतान समय पर करना है, लंबित पीएम आवास तथा अबुआ आवास योजना में तेजी लायी जाये। वहीं मनरेगा का प्रखंड में सफल संचालन के लिए एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में बीपीओ आरजू तमन्ना, विशाल कुमार, राजीव रंजन, रमेश मेहता, अखिलेश्वर मेहता, रूपमाला, कांति कुमारी, पुष्पा कुमारी सभी पंचायत सचिव के अलावा सरफराज आलम, रितु कुमारी, नीतू प्रिया, वकील अंसारी, सुभाष कुमार, दीनदयाल कुमार सभी रोजगार सेवक के साथ सभी कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि मनरेगा के योजनाओं में तेजी लाने के उद्देश्य से बैठक की गयी।



# डीडीसी ने की आवास योजना और मनरेगा कार्यों की समीक्षा

- एक सप्ताह के अंदर योजनाओं की समीक्षा कर मनरेगा सॉफ्ट में पूर्ण करने का निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीडीसी शब्बीर अहमद ने डीआरडीए सभागार में मनरेगा एवं आवास योजना के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान वित्त वर्ष 2021-22 एवं उसके पूर्व की लंबित 17263 योजना को तीव्र गति से एक सप्ताह के अंदर योजनाओं की समीक्षा कर मनरेगासॉफ्ट में पूर्ण करने को कहा। समीक्षा में प्रखंड हुसैनाबाद में 5348,पाटन में 2766 एवं पाटन में 1165 योजनाएं लंबित है। इन सभी संबंधित बीडीओ को कार्य पूर्ण करने को लेकर विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही गयी। मानव दिवस सृजन की समीक्षा में पाया गया कि माह जनवरी 2025 तक निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रखंड मेदिनीनगर द्वारा 37.27 प्रतिशत, पाटन द्वारा 43.39 प्रतिशत, हुसैनाबाद द्वारा 46.01 प्रतिशत, बिश्रामपुर द्वारा 46.51 प्रतिशत तथा पांकी द्वारा 49.95 प्रतिशत किया गया है।

# केएस मल्टी फैसिलिटी सर्विसेज का केस मनगढ़ंत : रितेश कुमार

- पैसा गबन का लगाया गया आरोप है झूठा, दोषियों को सजा दिलाये पुलिस प्रशासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पंडवा पलामू।** लामीपतरा के रितेश कुमार पिता श्रीकृष्णा प्रसाद ने कहा कि केएस मल्टी फैसिलिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड का कभी काम ही नहीं किये हैं परंतु इनके द्वारा मेरे ऊपर किया गया झूठा प्राथमिकी गलत है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज थाना में पैसा गबन का आरोप लगाकर झूठा केस दर्ज करवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस कंपनी में काम किये थे लेकिन 24 जून 2024 तक उस कंपनी में मेरा कोई बकाया नहीं है और कंपनी खत्म होने के बाद मैं भी कंपनी से इस्तीफा दे दिया था जिसका सारा प्रमाण मेरे पास है। उन्होंने कहा कि केएस कंपनी एक जनवरी 2024 से 12 जून 2024 तक घटना बताकर पैसा गबन का आरोप लगाकर झूठा मुकदमा दर्ज करवाया गया है जो झूठ और बेबुनियाद है। केएस कंपनी आरके कंपनी के खत्म होने के बाद 24 जून 2024 के बाद से चल रहा है।

# अधर में लटका पड़ा है नगर पंचायत के अंतर्गत नवनिर्मित पार्क का कार्य

- लोगों को बिना सुविधा दिये होल्डिंग टैक्स वसूल रही है नगर पंचायत

**मितल सिंह**

**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत के वार्ड 15 कर्माकला डैम सूर्य मंदिर के बगल में पार्क बनाया जाना है जिसकी लागत लगभग 85 लाख 89 हजार रुपये है। कई महीने पहले वर्क ऑडर 06 सितंबर 2024 को ही मिल चुका है लेकिन अब तक कोई भी कार्य की शुरुआत धरातल पर नहीं हुआ है जिससे लोगों में निराशा व्याप्त है। जबकि नगर पंचायत के लोगों को अभी तक पूरी तरह से नगर पंचायत की सुविधा से वंचित रखा गया है,वही नगर पंचायत के लोगो से होल्डिंग टैक्स से लेकर नगर पंचायत का संभवतः की वसूली की जा रही है परंतु मूलभूत सुविधा से नगर वासियों को वंचित की जा रही हैं। जिस जगह यह पार्क निर्माण के लिए जगह चयनित किया गया है वह जगह प्राकृतिक रूप से भी बहुत ही खूबसूरत है। बगल में कर्माकला डैम है जहां सालों भर पानी रहती है। उसके तट पर भव्य सूर्य मंदिर है एवं छठ पर्व मनाया जाता है अगर वहां पार्क निर्माण हो जाता तो नगर वासियों के लिए घूमने और बच्चे लोग को मनोरंजन करने के लिए उत्तम स्थल प्राप्त हो जाता है। पार्क निर्माण का कार्य जय माता दी चंदन कंस्ट्रक्शन जपला पलामू को दिया गया है।




# कोहरा ने थामी जनजीवन की रफ्तार

## बढ़ी कनकनी, सर्द हवा से कंपकपी जारी, अलाव की व्यवस्था नदारद

- गरीब और असहाय लोगों को अबतक सहयोग नहीं

**अनूप कुमार**

**मोहम्मदगंज।** इन दिनों कोहरा की घनघोर छटा,सर्द हवा से बढ़ी कनकनी और कंपकपी ने क्षेत्र में जन जीवन की रफ्तार धीमी कर दी है। मौसम के इस मिजाज से यात्रियों को कंपकपी ठंड के बीच यात्रा को मजबूर होना पड़ रहा है। यात्री और पैसेंजर ट्रेन भी विलंब से चल रही है। शहर के बाजार की अर्थव्यवस्था में भी काफी गिरावट आयी है। सुबह से शाम तक बाजारों में सन्नाटा से व्यवसाय भी बुरी तरह प्रभावित है। कड़ाके की इस ठंड के बावजूद अब तक विभिन्न चौक चौराहे और रेलवे परिसर में अलाव की व्यवस्था नदारद है।

गरीब और असहाय के तन भी सहयोग की आश में कंपकपी की शिकार है। क्षेत्र के लोगों ने अलाव और कंबल वितरण की मांग की है। मौसम के रुख को देखते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने विभिन्न मार्ग पर वाहन चलाने वाले लोगों से गति नियंत्रण और विशेष सावधानी बरतने की अपील की है, ताकि लोग दुर्घटना का शिकार नहीं हो। कोहरा को लेकर अक्सर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में आम नागरिकों को भी अपनी मानव हित को लेकर तत्परता दिखानी चाहिए।





कोहरा से पसरा सन्नाटा व कचरा जलाकर आग तापते लोग।

# प्रखंड सभागार में पाटन बीडीओ ने की पीडीएस दुकानदारों की मासिक समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्रखंड सभागार में पीडीएस दुकानदारों की मासिक समीक्षा बैठक पाटन बीडीओ अमित कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में पाटन एमओ संजय कुमार उपस्थित थे। बैठक में भंडार पंजी वितरण पंजी अपडेट रखने का निर्देश दिया गया। पाटन बीडीओ अमित झा ने डीलरों को समयावधि में लाभुकों को राशन उपलब्ध कराने को कहा।

बैठक में पाटन एमओ संजय कुमार ने वितरण प्रतिशत 85% से कम करने वाले डीलरों को पाटन बीडीओ के निर्देश पर शो कॉज लेटर निकाला। जिसमें कहा गया कि किस कारण खाद्यान्न वितरण प्रतिशत कम रहा, जवाब दें। बीडीओ ने 100% से ज्यादा खाद्यान्न बांटने वाले डीलरों से आवंटन की जानकारी ली तथा वैसे डीलरों को चेतावनी दी।

बीडीओ ने दूसरे डीलर के कार्डधारियों को बिना ऑनलाइन किये राशन नहीं देने का निर्देश दिया। वहीं कम वितरण करने वाले डीलरों को भी वितरण प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में पाटन डीलर संघ के अध्यक्ष शेषनाथ सिंह, धनंजय पांडेय, राजेंद्र सिंह, सतीश ठाकुर, गिरजा मेहता, सुनील मिश्रा, सवींदर उपाध्याय सहित सैकड़ों पीडीएस डीलर उपस्थित थे।



समीक्षा बैठक में शामिल बीडीओ और पीडीएस दुकानदार।

# कांडी प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध पंचायत समिति सदस्यों ने दिया अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** स्थानीय प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के राज्याध्यक्ष के विरुद्ध शनिवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया है। इसे कांडी के बीडीओ ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी के पास अग्रेसर कार्रवाई के लिए अग्रसारित कर दिया है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय ने कहा कि उनकी लड़ाई पंचायत समिति सदस्यों से नहीं स्थानीय विधायक से है। शनिवार को कांडी प्रखंड क्षेत्र के 7 पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय के विरुद्ध बीडीओ को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस सूचना को देने वालों में सरिता देवी, उषा देवी, अमरजीत ठाकुर, योगेंद्र बैठा, मनोज कुमार पासवान एवं फूलती देवी का नाम शामिल है। उनके प्रस्तावक खुटहेरिया पंचायत से पंचायत समिति सदस्य अभिनंदन शर्मा हैं। इस मामले को प्रखंड विकास पदाधिकारी कांडी राकेश सहाय ने अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार को अग्रेतर कार्रवाई के लिए अग्रसारित कर दिया है। इस नोटिस पर विचार करते हुए एसडीओ के द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी। वह अविश्वास प्रस्ताव पर विचार के लिए एक तारीख निर्धारित कर कांडी प्रखंड क्षेत्र के सभी 21 पंचायत समिति सदस्यों को गढ़वा बुला सकते हैं। क्योंकि प्रमुख के चुनाव के लिए निवार्ची पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी ही होते हैं। इस संबंध में बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि उन्हें पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की सूचना दी गई है। जिसे उन्होंने आगे की कार्रवाई के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को भेज दिया है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने कहा कि उनकी लड़ाई पंचायत समिति सदस्यों से नहीं बल्कि स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह से है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत समिति सदस्यों को अपने पास रखकर विधायक ने अपनी गाड़ी से कांडी भेजा है एवं उन्हीं की गाड़ी से आवेदन देने के बाद सभी सदस्य वापस गए हैं।

उन्होंने ही थाना में फोन करके पुलिस को बुलाया है। वह भी विधायक से दो-दो हाथ करने के लिए तैयार हैं। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रमुख की सारी बातें मनगढ़ंत एवं निराधार हैं। उनको इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने सरासर झूठा आरोप लगाया है।



बीडीओ को आवेदन सौंपते लोग

## खबर एक नजर में

### बीडीओ ने वृद्ध दंपति को राशन एवं कंबल का दिलाया लाभ

**मझिआंव।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती कनक ने प्रखंड क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत में वृद्ध दंपत्ति प्यारी चौधरी तथा पैर से दिव्यांग पत्नी मैना देवी को राशन एवं कंबल तथा उनकी विवाहिता पुत्री कुसमी देवी को मंईयां सम्मान योजना का लाभ मुहैया कराया। साथ ही उन्होंने वृद्ध दंपति का लगभग तीन माह से बंद पड़े वृद्धा पेंशन की जांच करवाई। इस संबंध उन्होंने कहा कि वृद्ध दंपति का दिसंबर माह में ही उनके खाते में वृद्धा पेंशन की राशि भेज दी गई है। लेकिन इन लोगो के द्वारा जांच नहीं कराया गया था। इधर वृद्धि दंपति की वृद्धावस्था को देखते हुए उन्होंने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र के संचालक को प्रत्येक माह वृद्धा पेंशन की राशि निकासी कर देने की बात कही। साथ ही उन्होंने वृद्ध दंपति को भरोसा दिलाते हुए कहा कि और किसी प्रकार को दिक्कत हो तो तत्काल मुझे जानकारी दें सरकार के द्वारा दी जाने वाली सहयोग समय रहते मुहैया कराया दिया जाएगा। विदित हो कि सोनपुरवा पंचायत में वृद्ध दंपति का पोस मशीन में अंगूठा नहीं उठाने के कारण कुछ महीनों से डीलर के द्वारा राशन नहीं दिया गया। इसके साथ ही पिछले 3 माह से वृद्धा पेंशन की राशि भी नहीं मिल पाई थी। जिसके कारण उनके घरों में पिछले 4 दिनों से चूल्हा नहीं जलने की जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी को मिली थी। उसके बाद उन्होंने तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती कनक को वृद्ध दंपति एवं उनकी पुत्री को तत्काल सहयोग करने का निर्देश दिया था।

### मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर फुटबॉल मैच का आयोजन

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर टोला बिडंडा में आदिवासी सरना विकास परिषद गढ़वा एवं बिडंडा सरना समिति के सहयोग से सविंधान निमार्ता मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती के अवसर पर फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इससे पूर्व जयपाल सिंह मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा पाठ के बाद फुटबॉल मैच का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र सहित अन्य प्रखंड क्षेत्र के 8 बालक टीम और 8 बालिका टीम कुल 16 टीम भाग लिए। वहीं बालक टीम विडंडा विजेता रहा तो उपविजेता उचरी और बालिका टीम विरबंन्धा विजेता तो उपविजेता कूदरूम टीम रहा। जिला पदाधिकारी द्वारा दंडाधिकारी के रूप में मझिआंव मनरेगा जेई राजेश कुमार श्रीवास्तव को प्रतिनियुक्त किया गया था। खेल में कोई खलल न पैदा हो जिसके लिए मझिआंव थाना एसआई संजय मुंडा को दल बल के साथ प्रतिनियुक्त किया गया था। इस संबंध में रामपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार पासवान ने कहा कि सरना समिति के सहयोग से सविंधान निमार्ता मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जी की जयंती के अवसर पर फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया था। इस आयोजन से क्षेत्र के लोग काफी उत्साहित हैं। साथ ही कहा कि इस तरह के खेल आयोजन से क्षेत्र के खिलाड़ियों में खेल के प्रति रुचि बढ़ता है और इसके साथ-साथ खिलाड़ी आगे बढ़ते हैं और क्षेत्र का नाम रौशन करते हैं। वहीं इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सह गढ़वा रंका पूर्व विधायक प्रत्याशी गिरजानंदन उरांव एवं रामपुर पंचायत मुखिया कुमारी छाया, आदिवासी सरना विकास परिषद गढ़वा सचिव प्रदीप उरांव, उपाध्यक्ष महेंद्र उरांव, कैलास उरांव, सदस्य पंचन उरांव, उमेश उरांव, मुखलाल उरांव, जगदीश उरांव,राहुल उरांव, शिवपूजन उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से तेज होगी विकास की गति: उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना।** बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शनिवार को बयान जारी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा से प्रदेश में न्याय के साथ सवार्गीण विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान और उन तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की सुगमता के साथ पहुँच सुनिश्चित करना नीतीश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के साथ ही बहन-बेटियों और महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर शानदार कार्य हो रहे हैं। दीर्घकालिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ कर गांवों को भी विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास जारी है। नीतीश सरकार का व्यापक लक्ष्य वंचित-शोषित और कमजोर वर्गों को सशक्त और सबल बनाना है। कुशवाहा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता के प्रति हमेशा से बेहद संवेदनशील रहे हैं। जनता के बीच में जाना, उनसे सीधा संवाद स्थापित करना और उनकी समस्याओं से रूबरू होना हमारे नेता की कार्यशैली का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान श्री नीतीश कुमार कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी कर रहे हैं जिससे आम जनता के जीवन में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में बिहार की बागडोर संभालने के बाद से हमारे नेता नीतीश कुमार ने देश-दुनिया में सुशासन का सर्वोत्तम उदारहण पेश किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमारा बिहार विकास की लंबी और ऊंची छलांग लगाने के लिए अब तैयार है। हमारे नेता की दूरदर्शिता और आसाधारण कार्यक्षमता से हर कोई प्रभावित है। आने वाला समय विकास के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा और विकसित बिहार बनाने के लक्ष्य को हम निश्चित प्राप्त करेंगे।

### पुलिस ने लूट कांड के तीन अपराधियों को नकद राशि व मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सहरसा।** जिले में अपराध पर नकेल कसने हेतु जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पुलिस अधीक्षक हिमांशु के निर्देश पर जिला स्मार्ट पुलिस ताबड़तोड़ एवं त्वरित कार्रवाई कर रही है, जिस कारण अपराध कर्मियों में भय व्याप्त है। इसी कड़ी में बैजनाथपुर थाना पुलिस ने लूटकांड के तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर राहत की सांस ली है।पकड़ाये लोगों के पास से लूट की नकद राशि,एक लोडेड देशी कट्टा, मोटरसाइकिल एवं पांच मोबाइल भी बरामद किया है। शनिवार को सदर थाना में जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने बताया कि 13 दिसंबर को बैजनाथपुर थाना क्षेत्र के तीरी राईस मील के पास लूटपाट की घटना हुई थी।जिसमें सौर बाजार समदा निवासी नीरज कुमार मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे।उसी दौरान तीन अज्ञात अपराधियों ने तीरी राईस मिल के पास रास्ता रोककर मारपीट और गाली-गलौज करते हुए अपराधियों ने नीरज कुमार से एक लाख अठासी हजार रुपया नकद व तीन मोबाइल लूट लिया।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान,सीसीटीवी फुटेज एवं मानवीय सूचना के आधार पर अपराधियों का साक्ष्य जुटाया।साथ ही सूचना मिली कि अपराधी सबैला चौक पर किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से अवैध हथियार के साथ खड़ा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की।

### ठगी का धंधा करते पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

नवादा। नवादा जिले के वारिसलीगंज में शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर पंचायत स्थित फतहा गांव के पैक्स गोदाम से सटे बगीचा से स्थानीय पुलिस ने ठगी के धंधे में लिप्त पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जबकि पुलिस को देखते ही अन्य साइबर ठग भागने में सफल रहा। बताया गया कि किसी ने इन साइबर अपराधियों द्वारा ठगी करने की शिकायत स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने आनन-फानन में एक टीम का गठित कर उक्त स्थल पर धावा बोला । जिसमें कुल पांच साइबर अपराधी को पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही। जबकि शेष साइबर अपराधी पुलिस को देखते ही फरार हो गया. । गिरफ्तार साइबर अपराधियों की पहचान शेखपुरा जिले के मुरारपुर निवासी कमलेश प्रसाद के पुत्र रणवीर कुमार,वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के चकवाय गांव निवासी उमेश प्रसाद के पुत्र मनीष कुमार व भोला राऊत के पुत्र शनि कुमार,मोहिउद्दीनपुर पंचायत के फतहा गांव निवासी पारसनाथ सिंह के पुत्र गुलशन कुमार एवं मीरविगहा गांव निवासी कारु तांती के पुत्र सूरज कुमार के रूप में की गई।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा मंडल की बैठक आयोजित

**कांडी।** प्रखण्ड के लक्ष्मी चंद्रवंशी कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को भाजपा मंडल की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे ने की। जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के नेता सह प्रभारी डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी थे। बैठक में मुख्य रूप से मंडल के सभी बूथों पर सदस्यता अभियान चलाने की दिशा निर्देश बूथ अध्यक्षों व पार्टी कार्यकताओं को दिया गया। बैठक में भोला मेहता, राजेन्द्र प्रसाद, राम लखन चंद्रवंशी, राजू कुमार, ब्रज किशोर लाल, लल्लू साव, श्याम सुंदर विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया कंबल वितरण

**गढ़वा।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिले के मेराल प्रखंड के गेरुआ पंचायत में बुजुर्गों तथा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के बीच 160 कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत के प्रतिनिधियों ने प्रत्येक वार्ड में 10-10 कंबल का वितरण किया। मौके पर गेरुआ पंचायत के पंचायत सेवक प्रेमचंद राम, पीएलवी गोपाल चौबे, पीएलवी रामाशंकर चौबे, पीएलवी संगीता सिन्हा, गेरुआ पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि बसंत कुमार चौबे, वार्ड नंबर 3 के वार्ड सदस्य रामाशीष चौधरी आदि उपस्थित थे।

### दुष्कर्म आरोपित को मिली बीस वर्षो की सश्रम कारावास

**पूर्वी चंपारण।** षष्ठम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश राजाराम संतोष कुमार ने दुष्कर्म मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को बीस वर्षों का सश्रम कारावास व तीस हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनायी है। अर्थ दंड नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा संग्रामपुर थाना के पुछरिया निवासी अविनाश कुमार को हुई है। इस मामले में संग्रामपुर थाना में मामला दर्ज कराते हुए पीड़िता के पिता ने कहा था कि रात्रि 10 बजे नामजद अभियुक्त उसकी सात वर्षीय पुत्री को जबरन उठाकर नदी किनारे ले जाकर दुष्कर्म किया। मामले में विशेष लोक अभियोजक मणि कुमार ने सात गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियोजन पक्ष रखा।वहीं पीड़िता को पीड़ित घोषित करते हुए पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत पीड़िता को प्रतिकर के रूप में तीन लाख रुपए दिलाने का आदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है।अभियुक्त 15 मई 2019 से कारागार में है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता अभियान




जागरूक करते पीएलवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा नलिन कुमार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रवि चौधरी के आदेशानुसार शनिवार को गढ़वा प्रखण्ड परिसर में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें सरकार के महत्वाकांक्षी योजना जैसे आयुष्मान भारत योजना, पालन पोषण, मध्यस्थता, बाल विवाह, आवास राशन, पेंशन पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान पीएलवी ने उन्हें बताया कि आप अपने गांव में छोटे-मोटे झगड़े, घरेलू हिंसा को आपसी समझौता से मिटा सकते हैं। इस दौरान सरकार के द्वारा चलने वाली कई लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। मौके पर पीएलवी मुरली श्याम तिवारी, पीएलवी संगीता सिन्हा, पीएलवी रामाशंकर चौबे, पीएलवी तृप्ता भानु, पीएलवी रविन्द्र नाथ यादव, पीएलवी सुनीता पाण्डेय, पीलएलवी उमाषंकर द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

# भंडरिया में हाथी के बाद अब बाघ का आतंक

खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरिया।** थाना क्षेत्र में हाथी के हमले के बाद अब जंगली बाघ का आतंक शुरू हो गया है। पिछले तीन-चार दिनों से थाना क्षेत्र के रोदो गांव के जंगल में जंगली बाघ ने तीन पशुओं का हमला कर मार डाला है। गुरुवार की रात्रि इंद्रदेव यादव के भैंस को बाघ हमला कर जख्मी कर दिया। जख्मी भैंस की मौत हो गई। प्रभारी वनपाल कमलेश कुमार ने भी जंगली बाघ द्वारा पशुओं पर हमले किए जाने की पुष्टि किया है। बिजका पंचायत के पूर्व महेश्वर सिंह ने कहा कि 30 दिसंबर को रामलाल सिंह की जंगल में चलने गए भैंस को बाघ ने हमला कर दिया था। उसके पूर्व दीप नारायण यादव के भैंस का बच्छड़ा को भी बाघ ने हमला कर मार डाला था। उन्होंने कहा कि जंगल में गए चरवाहे लोग बाघ को अपने आंखों से देखा भी है। भैंस पर हमला करने के बाद लोगों के हल्ला गुल्ला करने से बाघ गहरा जंगल की ओर भाग गया था। इधर बाग के हमले से लोगों में दहशत का माहौल कायम है।

# पूजा समिति के पदाधिकारियों ने की डीसी से मुलाकात, समस्याओं को रखा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के टंडवा के सभी पूजा समिति अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने डीसी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया। सभी पूजा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि टंडवा दानरो नदी पुल पर दोनों साइड लोहे का हाइट गैज (ब्रेकेटिंग) लगाया जा रहा है यह आम जनमानस के हित के लिए है लेकिन पूजा त्यौहार जैसे रामनवमी पूजा, दशहरा पूजा एवं मोहर्रम में इसी रास्ते से होते हुए गढ़वा शहर में प्रवेश करते हैं। दुर्गा पूजा में प्रतिमा का विसर्जन, रामनवमी में विशाल रथ भ्रमण तथा मोहर्रम में ताजिया भ्रमण इसी रास्ते से होता है जो एक धार्मिक आस्था का विषय है। पदाधिकारियों ने बताया कि वह हाइट गैज को नट बोल्ट से फिट किया जाए। जिससे त्यौहार में दो से तीन दिन पहले विभाग से अनुमति लेकर पूजा कमिटी उसे खोल सकें तथा त्योहार के बाद उसे फिर वापस वैसे लगा दें। उपायुक्त ने प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। साथ ही प्रशासन ने यह अपील किया कि सभी पूजा अखाड़े मिलजुलकर शांति और भाईचारे के साथ त्योहारों का आयोजन करें। मौके पर जय मां शेरावाली संघ के संयोजक दौलत सोनी, अध्यक्ष सुनील कुमार, जय भारत अखाड़ा के शुभम केशरी, रंजीत कुमार, जय



डीसी को आवेदन सौंपते पूजा समिति के पदाधिकारी

# भीम बाराज एप्रोच सड़क के बीचोबीच बालू डंप

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** भीम बाराज एप्रोच सड़क के बीचोबीच बालू डंप किया हुआ है, जिससे उस सड़क पर दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। बीच सड़क पर बालू डंप किसने व क्यों किया ये किसी को मालूम नहीं है। संभावना जताया जा रहा है कि प्रखंड क्षेत्र में रात के अंधेरे में अवैध बालू का खनन, परिवहन व बिक्री करने वाले बालू माफियाओं द्वारा ही बीच सड़क पर बालू डंप कर दिया गया है। जिससे सड़क पर दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। मझिआंव-सोन्डीपुर मुख्य सड़क को भंडरिया गांव के पास से भीम बाराज पुल को जोड़ने वाले एप्रोच सड़क पर बीचोंबीच बालू डंप किया गया है। बताया जा रहा है कि रात भर कोयल नदी से बालू का अवैध खनन कर प्रखंड क्षेत्रों में बेचा जाता है। लोगों द्वारा संभावना जताया जा रहा है कि रात भर चलने वाले अवैध बालू ट्रैक्टरों में से ही कोई ट्रैक्टर खराब हो गया होगा और उसके बाद उसने बीच सड़क पर ही बालू डंप कर दिया होगा।



### कृषि विज्ञान केन्द्र में 22 महिला कृषकों का बारह दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का हुआ समापन

**अररिया।** अररिया कृषि विज्ञान केंद्र में अनुसूचित जाति उप योजना अंतर्गत 22 महिला कृषकों का 12 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण शनिवार को समाप्त हुआ।प्रशिक्षण में मशरूम उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉक्टर सुमन कुमारी ने प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र के प्रधान कृषि वैज्ञानिक डॉ विनोद कुमार ने किया। उद्घाटन सत्र में उन्होंने जिले के प्रेमनगर, इतरा एवं अररिया आरएस से आए हुए महिला प्रशिक्षणार्थी को संबोधित करते हुए बताया कि मशरूम की खेती कर महिला आत्मनिर्भर एवं अपने जीविकोपार्जन में सुधार कर सकते हैं। साथ ही साथ एक अच्छी मुनाफा बहुत कम समय में बिना जमीन के भी कर सकते हैं। साथ ही साथ ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चे जिसमें कुपोषण की समस्या हो एवं खून की कमी हो, को मशरूम का सेवन कर अपने कुपोषण को दूर कर सकते हैं। अपने प्रशिक्षण सत्र में केंद्र के प्रशिक्षक सुमन कुमारी ने बटन मशरूम एवं ढीगरी मशरूम उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण एवं प्रयोगिक कर प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण के गुर सिखाए। इस प्रशिक्षण सत्र में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ संजीत कुमार, डॉ ए.के. मौर्य,डॉ निकिता मिश्रा, आफताब आलम,अमित आनंद, कुमार गौतम, कुमार निराला,मनीष कुमार आदि ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

### सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह की प्रकाश उत्सव के मौका पर गुरुद्वारा पटना साहिब को रंगीन रौशनी से सजाया गया



# रामासाहू क्वाटर फाइनल और गोविंद सेफा में

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 19वें दिन सीएम ऑफ एक्सीलेंस रामासाहू की टीम ने स्कूल ब्राइट फ्यूचर को सात विकेटों से हराकर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया। वहीं गोविंद हाई स्कूल ने बीएनटी को 64 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले मैच में स्कूल ब्राइट फ्यूचर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 100 रन बनाए। रामासाहू की ओर से कार्तिक ने तीन, साकेत आकाश ने दो दो और अभिनव ने एक विकेट लिया। 101 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी रामासाहू की टीम दिव्य प्रकाश के शानदार नाबाद 61 रन की बदौलत चार ओवर पहले ही तीन विकेट खोकर जीत दर्ज कर लिया। दूसरे मैच में गोविंद हाई स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 116 रन बनाए। बीएनटी संत मैरी की ओर से अभिनव ने तीन विकेट लिया। 117 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी बीएनटी संत मैरी की टीम 52 रन पर सिमट गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोविंद के गोलु और रामासाहू के दिव्य प्रकाश को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, सेवानिवृत शिक्षक कामाख्या सिंह, आशुतोष रंजन, रजनीश, सोनू, टिंकू, ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मौके पर अशोक कुमार दुबे ने कहा कि जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति शिक्षा के साथ खेल को भी बढ़ावा देता है।

मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, आकाश, धीरज प्रवीन मिश्रा, प्रिंस खान, मनोज तिवारी, शहजाद खान, नमन आकाश कुमार, नैतिक, हेमंत, गोलू दास आदि लोग उपस्थित थे।



पुरस्कार देते प्रतियोगिता उपाध्यक्ष व अन्य

### गर्भवती महिला की फंदा से लटका मिला पुलिस को लाश

**बेतिया।** बेतिया जिला पुलिस ने एक गर्भवती महिला की गले मे फंदा से लटका लाश को बरामद की है। पुलिस ने शनिवार को बताया नौतन स्थित कठैया विशुनपूरा मे शुक्रवार देर रात्री रामप्रवेश महतो कि पत्नि बबीता देवी की हत्या कर दी गई है। सूचना की आलोक मे पुलिस ने पहुंच घटनास्थल से गले मे फंदा से लटके बबीता की शव को बरामद की।एफएसएल टीम के पहुंचने के बाद जांचोपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतू बेतिया भेजा गया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट व एफएसएल टीम की जांचोपरांत ही हत्या या आत्महत्या की पता लगेगी।

समय संवाद

भारत में सामाजिक तनाव और हिंसा का बड़ा कारण गौ-हत्या रहा है। हाल के वर्षों में, भीड़ द्वारा हमले और लिंचिंग की घटनाएँ हुई हैं, जहाँ गौ-हत्या या गौमांस खाने के आरोप में कई लोगों को पीटा गया या यहाँ तक कि मार दिया गया। इनमें से कई हमले गलतफहमी या अफवाहों के कारण हुए। ऐसी घटनाएँ समुदायों के बीच विभाजन पैदा करती हैं, जिससे लोगों का एक-दूसरे पर भरोसा करना मुश्किल हो जाता है। भारत में गौ-हत्या का इतना बड़ा मुद्दे बनने का एक कारण यह है कि गाय हिंदू संस्कृति के साथ बहुत गहराई से जुड़ी हुई है। इनमें से कई हमले गलतफहमी या अफवाहों के कारण हुए।

# धार्मिक सहिष्णुता एवं सामाजिक सौहार्द के लिए गौवध निषिद्ध हो

-प्रोफेसर जसीम मोहम्मद



**हमारा** देश भारत अनेकता में एकता का सम्मान करने वाला विविधताओं से भरा है, जहाँ कई धर्मों और संस्कृतियों के लोग मिलजुल कर रहते करते हैं। यहाँ की आबादी में हिंदू लगभग 80%, जबकि मुस्लिम लगभग 15% हैं। ऐसे में जहाँ ज्यादातर लोग गाय को पवित्र पशु के रूप में मानते हैं और उसे आस्था की नजरों से देखते हैं, उनकी भावनाओं का सम्मान करना हम सभी की ज़िम्मेदारी है। दूसरों की मान्यताओं का सम्मान करना, सद्भाव से रहना और ऐसे किसी भी काम से बचना, जो दूसरों की भावनाओं को चोट पहुँचा सकता है या समाज में समस्याएँ पैदा कर सकता है। इस्लाम में, हमारा धर्म हमें दूसरों के साथ शांति से रहना और उनकी परंपराओं और मान्यताओं का सम्मान करना सिखाता है। कुरान हमें ऐसे काम करने से बचने के लिए कहता है, जो दूसरों की भावनाओं को चोट पहुँचा सकते हैं, खासकर अगर इससे बहस या हिंसा हो। जब हम समझते हैं कि भारत में अधिकतर लोग गाय को पवित्र मानते हैं तो सच्चे मुसलमान के तौर पर यह हमारा कर्तव्य है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हम बहुसंख्यक समाज की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं। यह प्यार और दोस्ती को सम्मान देकर सौहार्द और आपसी प्रेम को बढ़ाने वाले तरीके से जीने के बारे में है।

भारत में सामाजिक तनाव और हिंसा का बड़ा कारण गौ-हत्या रहा है। हाल के वर्षों में, भीड़ द्वारा हमले और लिंचिंग की घटनाएँ हुई हैं, जहाँ गौ-हत्या या गौमांस खाने के आरोप में कई लोगों को पीटा गया या यहाँ तक कि मार दिया गया। इनमें से कई हमले गलतफहमी या अफवाहों के कारण हुए। ऐसी घटनाएँ समुदायों के बीच विभाजन पैदा करती हैं, जिससे लोगों का एक-दूसरे पर भरोसा करना मुश्किल हो जाता है। भारत में गौ-हत्या का इतना बड़ा मुद्दे बनने का एक कारण यह है कि गाय हिंदू संस्कृति के साथ बहुत गहराई से जुड़ी हुई है। गाय को ₹गौ माता₹ कहा जाता है, जिसका अर्थ है- गाय माता। हिंदुओं का मानना है कि गाय दयालुता, देखभाल और निःस्वार्थ भाव से देने की क्षमता का प्रतिनिधित्व करती है, क्योंकि यह मनुष्यों को दूध प्रदान करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में गाय को परिवार का सदस्य माना जाता है।

भारत दुनिया का बड़ा दूध उत्पादक है, जो वैश्विक डेयरी उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान देता है। लाखों किसान, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, अपनी आय के लिए गायों पर निर्भर हैं। भारतीय डेयरी उद्योग देश की कृषि की आधारशिला है, जिसका दूध उत्पादन वित्त वर्ष 2023 में लगभग 230 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुँच गया। यह पिछले वर्षों की तुलना में लगातार वृद्धि दशार्ता है, जो इस क्षेत्र के विकास और महत्व को रेखांकित करता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है, जहाँ प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 459 ग्राम प्रतिदिन है। इसलिए, जब गायों का वध किया जाता है तो यह इस व्यवस्था को बाधित करता है और गाँवों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। गायों की रक्षा करना किसानों की आजीविका का समर्थन करना और देश की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने से भी गहरे तक जुड़ा है। इस्लाम में, जानवरों की बलि देना धार्मिक प्रथाओं का हिस्सा है, खासकर ईद-उल-अजहा के दौरान। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस्लाम में विशेष रूप से गायों की बलि की आवश्यकता नहीं है। अन्य जानवर जैसे बकरी, भेड़ या भैंस की भी बलि दी जा सकती है। भारत जैसे देश में जहाँ गौ-हत्या तनाव पैदा करती है, विकल्प चुनना दूसरों को चोट पहुँचाने से बचने का एक सरल तरीका है और अपने धार्मिक कर्तव्यों को भी पूरा करना है।

2017 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने अवैध बूचड़खानों पर कार्रवाई शुरू की। यह कदम उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में विशेष रूप से प्रमुख था और इसका उद्देश्य मौजूदा कानूनों को लागू करना और मांस उद्योग को विनियमित करना था। इस पहल के तहत कई अपंजीकृत और अनियमित बूचड़खानों को बंद कर दिया गया।

2016 से 2020 तक गौ-हत्या या गौमांस खाने के आरोपों में भीड़ की हिंसा और लिंचिंग की घटनाओं में 50 से अधिक लोगों की जान चली गई। ये दुखद घटनाएँ अक्सर गलतफहमी, झूठी अफवाहों या सोशल मीडिया पर गलत सूचना के कारण होती है। इस तरह की हिंसा ने समुदायों के बीच विभाजन पैदा किया है और भारत में शांति और एकता बनाए रखने के लिए इन मुद्दों को संबोधित करने के महत्व को रेखांकित किया है। धार्मिक भावनाओं का सम्मान करके और हिंसा को बढ़ावा देने वाली गलत सूचनाओं के प्रसार को रोक कर सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा दिया जा सकता है।

हमारा इतिहास बताता है कि हिंदू और मुसलमान सदियों से शांतिपूर्वक साथ रहते आए हैं। मुगल काल में अकबर और जहाँगीर जैसे शासकों ने हिंदू प्रजा की मान्यताओं का सम्मान करने के लिए गौ-हत्या से परहेज किया। इन भावनाओं का सम्मान करने के उनके फैसले ने साम्राज्य में शांति और एकता बनाए रखने में मदद की। अगर वे सैकड़ों साल पहले इस स्तर की समझदारी और उदारता दिखा सकते थे, तो हम आज की आधुनिक दुनिया में भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते हैं।गौहत्या से जुड़ी हिंसा अक्सर समझ और संवाद की कमी के कारण होती है। बहुत से लोग यह नहीं समझते कि बहुसंख्यकों की मान्यताओं का सम्मान करने का मतलब अपनी मान्यताओं को छोड़ना नहीं है। इसका मतलब बस एक संतुलन बनाना है, जो सुनिश्चित करता है कि हर कोई शांति से रह सके। गौ-हत्या से बचना सम्मान दिखाने और अनावश्यक संघर्षों को रोकने का तरीका है। हाल के वर्षों में सोशल मीडिया ने गौ-हत्या के बारे में गलत जानकारी फैलाने में बड़ी भूमिका निभाई है। गायों को नुकसान पहुँचाने का दावा करने वाले वीडियो और संदेश अक्सर वायरल हो जाते हैं, भले ही वे दावे सच न हों। इससे लोगों में गुस्सा पैदा होता है, जिससे भीड़ की हिंसा की घटनाएं सामने आती हैं। हर किसी के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे जानकारी को शेयर करने से पहले उसे सत्यापित करें और ऐसी अफवाहें फैलाने से बचें जो परेशानी पैदा कर सकती हैं।

# कुंभ मेले ने स्वतंत्रता आंदोलन को भी तेज किया था



केशवराजु आकारपु

**कलियुग 5126. क्रोधी नाम वर्ष** देशभर में कुंभ मेलों में मिलने वाले लोग धार्मिक और आध्यात्मिक प्रतिज्ञाओं के साथ-साथ आजादी हासिल करने की कसम भी खाते हैं। इसके अलावा वे अपनी मां को गुलामी से मुक्त कराने वाले गरुत्मंत को भी याद करते थे और भारतमाता को गुलामी से मुक्त कराने का संकल्प लेते थे। इन कुंभ मेलों ने देश के लोगों के लिए देश भर में क्रांतिकारी आंदोलनों के लिए मार्गदर्शन प्राप्त करने और स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करने वाले नेताओं की पहचान करने और उनका नेतृत्व करने के लिए मंच के रूप में कार्य किया।

## विश्व हिंदू परिषद 1966 एकीकरण:

परिषद की शुरूआत 1964 में हुई और 1966 में 25 देशों के 75 हजार भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर, जिन्होंने सभा का मार्गदर्शन किया संत महात्माओं ने सभी परिवर्तित हिंदुओं को अपने पूर्व धर्म में लौटने के लिए आमंत्रित किया, इस आमंत्रित के अनुसार अभी तक 15 लाख लोग अपने मूल धर्म में लौट आए हैं, 55 लाख लोगों को धर्मांतरण से बचा लिया है। तब तक विदेश और समुद्री यात्रा की इजाजत नहीं है. इस बैठक में भाग लेने वाले धमार्चार्यों ने धर्म प्रचार के लिए विदेश जाने और उन देशों में हिंदुओं को उनके मंदिरों में पुजारी के रूप में शोडास संस्कार करने के लिए मार्गदर्शन करने के निर्णय की घोषणा की। इसके बाद, अनुष्ठान करने और धर्म का प्रचार करने के लिए विदेश जाने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हुई। उन्होंने घोषणा की कि 'गाय' सभी देवताओं का घर है और इसकी रक्षा की जानी चाहिए। हम गोरक्षा आंदोलन करके हर साल एक लाख से अधिक गायों को बचा रहे हैं।' उन्हें जंगलों और झुग्गियों में गरीबों की सेवा करने का आदेश दिया गया था। तब से अब तक विश्व हिंदू परिषद द्वारा हजारों सेवा कार्यक्रम शुरू किये जा चुके हैं।

इस वर्ष प्रयागराज 'महाकुंभमेला' 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी तक आयोजित होने जा रहा है। महाकुंभ मेले की **महत्वपूर्ण तिथियां**



**1 पौष पूर्णिमा: 13-01-2025/सोमवार**

**2 मकर संक्रान्ति 14-01-2025/मंगलवार प्रथम शाही स्नान।**

**3 मौनी अमावस्या (सोमवती) 29-01-2025/बुधवार, द्वितीय शाहीशान।**

**4 वसंत पंचमी: 03-02-2025/सोमवार, तृतीय शाहीस्नान।**

**5 माघी पूर्णिमा: 12-02-2025/बुधवार**

**6 महाशिवरात्रि: 26-02-2025/बुधवार**

# संघर्षों से भरा रहा भारत की पहली शिक्षिका का जीवन



कौशलेश कुमार

भारत की महिलाओं को शिक्षित करने वाली समाज सेविका सावित्रीबाई ज?योतिराव फुले की आज जंयती है। सावित्रीबाई फुले एक समाज सुधारक, प्रख्यात शिक्षाविद और कवि थीं। उन्होंने न केवल शिक्षा के माध्यम से खुद को ऊपर उठाया बल्कि लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल भी स्थापित किया। सावित्रीबाई की शादी तब हुई जब वह केवल 9 वर्ष की थीं और उनके पति ज्योतिराव फुले 12 वर्ष के थे। चलिए आपको बताते हैं कि सावित्रीबाई कैसे बनी भारत की पहली महिला शिक्षिकाङ्क

सावित्रीबाई का जन्म 3 जनवरी, 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। महिलाओं की शिक्षा और सामाजिक समानता में उनके योगदान का सम्मान करने के लिए, सावित्रीबाई का जन्मदिन महिला शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## भारत की पहली नारीवादी

19वीं सदी में शिक्षा और सामाजिक सुधार चाहने वाली महिला के लिए यह आसान काम नहीं था। उन्होंने अपने रास्ते में कई बाधाओं को पार किया। उनके पति ज्योतिराव भी एक समाज सुधारक थे और उन्होंने ही 9 साल की सावित्रीबाई को पढ़ना-लिखना सिखाया था। अपने पति के सहयोग से उन्होंने 1848 में पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल स्थापित किया। उन्होंने अपने समय में देश में 17 स्कूल शुरू किए। 1851 तक, उन्होंने तीन स्कूल स्थापित किए थे, जिनमें 150 लड़कियां पढ़ती थीं। यही नहीं, सावित्रीबाई ने 1873 मेंसत्यशोधक विवाह की प्रथा शुरू की, जिसमें जोड़े शिक्षा और समानता की शपथ लेते थे।



## भारत की पहली महिला शिक्षिका

सावित्रीबाई अपने प्रगतिशील पति से प्रेरित, प्रोत्साहित और समर्थित होने के बाद भारत की पहली महिला शिक्षिका बनीं। उन्हें पढ़ाने का शौक था और उन्होंने जल्द ही अहमदनगर में एक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिला ले लिया। उन्होंने पुणे में एक और शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी प्राप्त किया।

## अछूत महिलाओं व बच्चों को भी दी शिक्षा

उन्होंने क्रांतिकारी नारीवादी और ज्योतिराव की गुरु सगुणाबाई के साथ पुणे के महारवाड़ा में लड़कियों को पढ़ाना शुरू किया। अपनी करीबी दोस्त और सहकर्मी फातिमा बेगम शेख के साथ, सावित्रीबाई ने मांग और महार सहित दलित जातियों की महिलाओं और बच्चों को पढ़ाना भी शुरू किया, जिन्हें अछूत माना जाता था।

## लोग मारते थे ईंटे-पत्थर

सावित्रीबाई समाज के विरुद्ध जाकर काम कर रही थी इसलिए लोग नापसंद करते थे। यहां तक कि रास्ते में लोग उनपर गंदगी, कीचड़, गोबर तक फेंका करते थे इसलिए वह हमेशा अपने बैग में एक साड़ी रखती थी, ताकि स्कूल जाकर उसे बदल सकें। उनका जीवन संघर्ष से भरा रहा लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी।

## सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका का मिला था श्रेय

सावित्रीबाई के प्रयासों को अनदेखा नहीं किया गया। 1852 में ब्रिटिश सरकार ने उन्हें राज्य की सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका घोषित किया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके काम के लिए उन्हें 1853 में सरकार से और प्रशंसा मिली। सावित्रीबाई फुले के प्रयास केवल शिक्षा तक ही सीमित नहीं थे। उन्होंने शिशुहत्या की रोकथाम के लिए ह्यबालहत्या प्रतिबंधक गृहह्ल नाम का एक आश्रय गृह खोला।

विधवा गर्भवती महिलाओं और बच्चे का पालन पोषण करने में असमर्थ महिलाओं को आश्रय देकर उन्होंने समाज के मानदंडों को चुनौती दी। उन्होंने बाल विवाह और सती प्रथा के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया। इसके अलवा उन्होंने विधवाओं के पुनर्विवाह की भी वकालत की। सावित्रीबाई की कोई संतान नहीं थी लेकिन उन्होंने एक विधवा महिला के बेटे यशवंतराव को गोद लिया।

## प्लेग की चपेट में आकर निधन

सावित्रीबाई के पति ज्योतिराव फुले की मृत्यु सन 1890 में हुई थी। तब उन्होंने समाज के सामने एक नई मिसाल पेश करते हुए खुद अपने पति का अंतिम संस्कार किया। पति के निधन के बाद वह उनके अधूरे सपनों को पूरा करने में जुट गईं। करीब 7 साल बाद 1897 में प्लेग फैलने के कारण भारत में बहुत से लोग बीमार पड़ गए थे। तब सावित्रीबाई ने एक क्लिनिक खोला और दिन-रात मरीजों की सेवा में लग गईं। मगर, वह खुद इस बीमारी का शिकार हो गईं। 60 साल की उम्र में प्लेग के कारण 10 मार्च 1897 को उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया।

**(व्याख्याता इतिहास, संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज रांची)**

# महाकुम्भ 2025 के लिए रेलवे स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा व्यवस्था, ऑब्जर्वेशन रूम तैयार

महाकुम्भ 2025 के दौरान भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की हैं। इन सुविधाओं में 24७7 ऑब्जर्वेशन रूमों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। पिछले महाकुम्भ के दौरान 1 लाख श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गई थी। इस बार रेलवे बड़ी संख्या में यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

रेल मंत्रालय के अनुसार महाकुम्भ के दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन रूम्स में हमेशा डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे। यहां सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद होंगे, जिससे यात्रियों को त्वरित उपचार प्रदान किया जा सके।

ऑब्जर्वेशन रूम और अन्य चिकित्सा केंद्रों में हृदय संबंधित समस्याओं की त्वरित पहचान के लिए ईसीजी मशीन, दिल के रुकने पर उसे सामान्य करने के लिए डिफि ब्रिलेटर, ऑक्सीजन की कमी से निपटने के लिए ऑक्सीजन कन्सेन्ट्रेटर, रक्त शर्करा की माप करने के लिए ग्लूकोमीटर आदि चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे।

प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी सहित प्रमुख स्टेशनों पर स्थापित ऑब्जर्वेशन रूम्स आवश्यकतानुसार स्टाफ की तैनाती की गई है। इनमें स्टॉफ नर्स 15, फार्मासिस्ट 12, हॉस्पिटल अटेंडेंट (एचए): 12 और हाउस कीपिंग असिस्टेंट (एचकेए) 15 हैं। इन कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है ताकि सभी शिफ्ट्स में चिकित्सा सेवाएं सुचारु रूप से चलती रहें। प्रत्येक शिफ्ट का समय 8 घंटे होगा।

महाकुम्भ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर 24७7 चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। जब भी किसी यात्री को चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होगी, तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही रेलवे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से समन्वय बनाए रखेगा ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी मरीज को तुरंत रेफर किया जा सके।

मंत्रालय का कहना है कि भारतीय रेलवे का उद्देश्य महाकुम्भ 2025 के आयोजन को सुरक्षित, स्वस्थ और यादगार बनाना है। रेलवे द्वारा की गई स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं को उच्चतम स्तर की चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी, जिससे उनकी यात्रा सुरक्षित और आरामदायक रहेगी। रेलवे प्रशासन ने सभी पहलुओं पर ध्यान दिया है और यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था की है।



# सर्दियों में बच्चों को न हो पानी की कमी

-डॉ. सत्यवान सौरभ

**सर्दी** भले गर्मियों जैसी परेशानी लेकर नहीं आए लेकिन ठंड के मौसम में बच्चों को हाइड्रेटेड रखना उतना ही जरूरी है। तापमान गिरने पर बच्चों को शायद उतनी प्यास न लगे लेकिन उनके शरीर के ऊर्जा स्तर बनाए रखने, उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली को सहारा देने और समग्र स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए अभी भी पर्याप्त पानी की जरूरत होती है। सर्दियों के दौरान बच्चों के शरीर के तापमान को नियंत्रित करने, पाचन का समर्थन करने और प्रतिरक्षा को बढ़ाने जैसे शारीरिक कार्यों को बनाए रखने के लिए उचित हाइड्रेशन जरूरी है। सर्दियों के दौरान, ठंडी हवा शुष्क त्वचा और श्वसन सूखापन पैदा कर सकती है, जिससे हाइड्रेशन और भी जरूरी हो जाता है। इसके अलावा बच्चे अक्सर ठंड के मौसम में पानी पीने के लिए कम इच्छुक होते हैं, जिससे निर्जलीकरण का खतरा बढ़ जाता है।

1. गर्म पेय पदार्थ दें- गर्म पानी, हर्बल चाय या पतला गर्म फलों का रस। ये पेय पदार्थ न केवल हाइड्रेट करते हैं बल्कि गर्मी और आराम भी देते हैं।

2. हाइड्रेटिंग खाद्य पदार्थ शामिल करें- संतरे, खीरे, तरबूज और टमाटर जैसे उच्च पानी की मात्रा वाले फल और सब्जियाँ बच्चों को हाइड्रेट रखने के लिए बहुत बढ़िया हैं। इन्हें उनके भोजन या नाश्ते में शामिल करें।

3. सूप और शोरबा को मुख्य आहार बनाएँ- सूप और शोरबा सर्दियों के पसंदीदा व्यंजन हैं और बच्चों को हाइड्रेट करने का शानदार तरीका। घर पर बनी सब्जी या चिकन सूप का चुनाव करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे पौष्टिक और हाइड्रेटिंग दोनों हों।

4. पानी पीने का शेड्यूल तय करें- बच्चों को नियमित अंतराल पर पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करें, भले ही उन्हें प्यास न लगे। उनके लिए प्रक्रिया को दिलचस्प बनाने के लिए रंगीन पानी की बोतलों या मजेदार टाइमर का इस्तेमाल करें।

5. हाइड्रेटिंग स्नैक्स परोसें- बच्चों के लिए दही, स्मूदी या ताजाा फलों के रस से बने पॉप्सिकल्स जैसे स्नैक्स हाइड्रेटिंग और मजेदार हो सकते हैं। ये विकल्प हाइड्रेशन के साथ-साथ जरूरी पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं।

# 2025 में मनुष्य और तकनीक के संबंधों को लेकर चिंता

-प्रियंका सौरभ



वर्ष 2025 के बारे में चाहे किसी ने आशावादी या निराशावादी विचार व्यक्त किए हों, मगर ये सच है कि इन चिंतकों ने मनुष्य और डिजिटल तकनीकों के निकट भविष्य के लिए अपनी चिंताओं को भी व्यक्त किया है। उनकी ज्यादातर चिंताएँ प्रौद्योगिकी कंपनियों की बढ़ती शक्ति पर केंद्रित हैं जो लोगों के जीवन में सूचना प्रवाह को नियंत्रित करती हैं और व्यक्तियों की गोपनीयता और स्वायत्तता से समझौता करने की उनकी क्षमता पर केंद्रित हैं।

इसकी बहुत कम संभावना है कि बाजार पूंजीवाद और मुनाफा कमाने को प्राथमिकता बनाने की प्रतिस्पर्धी अनिवार्यता को बदलने में सफल होगा। सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए झूठ का प्रसार सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था को नुकसान पहुँचाएगा। कुछ संभावित उपाय नागरिक स्वतंत्रता में बाधा डाल सकते हैं। ऑनलाइन झूठ, गलत सूचना और गलत सूचना का बेकाबू प्रवाह विभाजनकारी, खतरनाक और विनाशकारी है। स्वास्थ्य निगरानी, कार्य-निगरानी और सुरक्षा समाधान जो लागू किए जा सकते हैं, वे बड़े पैमाने पर निगरानी का विस्तार करेंगे और मानवाधिकारों को खतरे में डालेंगे। टेलीवर्क के कारण अधिक व्यावसायिक प्रणालियों और प्रक्रियाओं के तेज स्वचालन से मनुष्यों के लिए उपलब्ध नौकरियों की संख्या कम हो रही है। इसके अतिरिक्त इतने ज्यादा अलगाव के समय में लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा है।

मुझे लगता है कि बिगड़ती आर्थिक स्थिति, नागरिक अशांति, अनिश्चित दीर्घकालिक महामारी परिणामों के संगम से प्रौद्योगिकी से सम्बंधित नुकसान और दुरुपयोग की संभावना अधिक है, विशेष रूप से तब जब उत्पाद, जोखिम मूल्यांकन आदि पर कम कठोरता के साथ बाजार में आते हैं। तकनीक हमारे जीवन में और भी व्यापक हो जाएगी, हर पहलू में। यह काम, ज्यादा विकल्प और बेहतर सेवा को सक्षम करेगा, लेकिन इसकी बहुत अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी।

निगरानी में वृद्धि, गोपनीयता की हानि, अधिक जोखिम-व्यक्तियों और राजनीतिक प्रणालियों दोनों के लिए घातक होगा। बिगड़ती आर्थिक स्थिति, नागरिक अशांति, अनिश्चित दीर्घकालिक महामारी के परिणामों का गठजोड़ प्रौद्योगिकी से सम्बंधित नुकसान और दुरुपयोग की ओर ले जाने की अधिक आशंका है। बहुत कम या बिना किसी पारदर्शिता, जवाबदेही या निगरानी के साथ काम करने वाली प्रौद्योगिकी कंपनियों की विशाल और काफी हद तक अनियमित शक्ति चिंताजनक है। साल 2025 आर्थिक, स्वास्थ्य और कल्याण कारकों के आधार पर औसत व्यक्ति के लिए बदतर होगा जिसके परिणामस्वरूप बढ़े हुए कर्ज, कम बचत, कम वेतन वृद्धि जैसे प्रभाव होंगे।

विशेषज्ञों का कहना है कि वर्ष 2025 कहीं ज्यादा तकनीक-चालित होगा और ज्यादा बड़ी चुनौतियाँ पेश करेगा। लोगों के पास काफी कम दोस्त होंगे, क्योंकि नियमित रूप से व्यक्तिगत संपर्क की कमी के कारण रिश्ते कम होते जा रहे हैं। युगल और एकल परिवार पर कुछ हद तक नव-परंपरावादी गहन ध्यान केंद्रित होगा जो कि काफी हद तक दमघोंटू होगा। जीवन अधिक तकनीक-संचालित होगा, जिससे और भी बड़ी चुनौतियाँ सामने आएंगी।

लोग अच्छे और बुरे के लिए तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल उपकरणों पर अधिक निर्भरता विकसित कर लेंगे। व्यापक सामाजिक परिवर्तन से ज्यादातर लोगों के लिए जीवन बदतर हो जाएगा क्योंकि अधिक असमानता, बढ़ता सत्तावाद और बड़े पैमाने पर गलत सूचनाएँ समाज पर हावी हो रही हैं। सामाजिक और नस्लीय असमानता बढ़ने, सुरक्षा और गोपनीयता के बिगड़ने और गलत सूचना के और अधिक फैलने की आशंका है। (लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जन्मदिन पर किया संजीवनी सेवा कुटीर का उद्घाटन, कहा
# मरीजों और उनके परिजनों को मिलेगी राहत

खबर मन्त्र संवाददाता

- क्षेत्र के विकास के लिए एक मजबूत कदम : जायसवाल
- प्रदीप प्रसाद की पहल प्रशंसा के योग्य : कालीचरण सिंह
- क्षेत्र की सेवा हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है : प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जन्मदिवस के अवसर पर जनता को ऐतिहासिक सौगात दी। उन्होंने शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में संजीवनी सेवा कुटीर का उद्घाटन किया। यह सेवा केंद्र शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिलेगी। मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और चतरा सांसद कालीचरण सिंह मौजूद थे। विशिष्ट अतिथियों में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी,मांडू विधायक तिवारी महतो और चतरा विधायक जनार्दन पासवान शामिल हुए,साथ ही कई प्रमुख नेता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सबसे पहले प्रदीप प्रसाद ने सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया जिसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत फीता काटने के साथ हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन किया गया। सांसद, विधायक और अन्य अतिथियों ने सेवा कुटीर का अवलोकन किया और इसके उद्देश्यों की सराहना की। इसके अतिरिक्त, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह,चतरा भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिहं भोगता ,प्रसिद्ध यूट्यूबर आर राजेश, हॉस्पिटल के सी.एस,जिला परिषद सदस्य,भाजपा नेता, सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे ।

मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों ने सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं और बधाई दी। इस विशेष क्षण को और यादगार बनाने के लिए जन्मदिन का केक काटने का आयोजन किया गया। सांसद, विधायक सहित सभी विशिष्ट अतिथियों ने एक साथ केक काटा और प्रदीप प्रसाद को केक खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सभी अतिथियों ने विधायक के स्वस्थ, सुखद और दीघार्यु जीवन की कामना की। कार्यक्रम का यह हिस्सा आत्मीयता और सौहार्द से भरा रहा। उपस्थित कार्यकताओं और जनता ने तालियों की गड़गड़ाहट से इस पल को और खास बना दिया। मंच पर उपस्थित सभी नेताओं ने प्रदीप प्रसाद के सेवा और समर्पण भाव की सराहना की और उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की।

प्रदीप प्रसाद ने कहा कि संजीवनी सेवा कुटीर क्षेत्र के मरीजों और उनके परिजनों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी मरीज या उसका परिवार स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में परेशान न हो। ठंड को देखते हुए यहां पर मरीजों के लिए कंबल की भी व्यवस्था रहेगी। दवाइयां भी रखी जाएगी ताकि मरीज के परिजनों को तकलीफ ना हो आने वाले 6 महीने के अंदर एक लैब का निर्माण किया जाएगा जिसमें काम शुल्क या निशुल्क लैब संचालित रहेगा जिसके जरिए मरीज के परिजनों को काफी मदद पहुंचेगी बाजारों में दिन पर दिन लैब जांच का दर बढ़ते जा रहा है, 2 से 3 वर्षों के अंदर मेरी कोशिश रहेगी एक भव्य अस्पताल का निर्माण कर पाएं, ताकि क्षेत्र और क्षेत्र से बाहर आसपास जिले से आने वाले तमाम मरीज को तकलीफों का सामना न करना पड़े। मैं चल पड़ा हूं अकेले मंजिल को पूरा करने लोग साथ दे रहे हैं और कारवां बढ़ रहा है।

सांसद मनीष जायसवाल ने कार्यक्रम में सेवा कुटीर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा यह केंद्र न केवल मरीजों के परिजनों को राहत प्रदान करेगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाने में भी मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सेवा हजारीबाग और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को और प्रभावी बनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदीप प्रसाद का जो क्षेत्र की जनता के लिए संकल्प लिया है उसे हम सब मिलकर पूरा करेंगे और हजारीबाग को एक विकसित हजारीबाग बनाएंगे ।

चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि संजीवनी सेवा कुटीर जैसी पहल से न केवल क्षेत्र के नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए भी वरदान साबित होगा। यह सेवा केंद्र मरीजों की समस्याओं को तत्काल हल करने के लिए समर्पित है। अधिकांश लोग हमारे संसदीय क्षेत्र से भी यहां पर इलाज करने मरीज यहां आते हैं उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा और प्रदीप का जो सपना है लैब तथा हॉस्पिटल उसे मिलकर पूरा किया जाएगा।

विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि संजीवनी सेवा कुटीर जैसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों और उनके परिजनों के लिए बड़ी राहत प्रदान करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### आंदोलन का प्रतीक है एटक : मंडल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 87वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को भुरकुंडा कोलियरी के बांसगड़ा खदान के समीप पीट मीटिंग के माध्यम से धूमधाम से मनाया गया। समारोह को संबोधित करते हुए जेसीएससी मेंबर सह यूनियन के केंद्रीय सचिव नरेश मण्डल ने कहा किया यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की स्थापना 4 जनवरी 1939 को हुई थी। इसकी स्थापना गिरिडीह के बनियाडीह वेश वर्कशॉप कामगारो के द्वारा किया गया था। काफी बलिदान और संघर्ष के बाद यूसीडब्लूयू आज इस मुकाम पर पहुंची है। उन्होंने कहा की एटक त्याग, बलिदान और आंदोलन का प्रतीक है। सन 1972 में धनबाद में तीन यूनियनों को मिलाकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की स्थापना की गई थी। इस अवसर पर कर्मचारियों/मजदूरों और यूनियन के लोगों का मुंह मीठा कराया गया। साथ ही यूनियन कार्यालय रिवर साइड, भूरकुंडा में कॉमरेड अशोक राम द्वारा झंडोतोलन किया गया। समारोह को जेसीएससी मेंबर सह केंद्रीय सचिव नरेश मण्डल सहित सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार, शाखा सचिव लखेन्द्र राय, सहायक सचिव अफजल हुसैन, अशोक राम, आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर अनुज कुमार, अफजल हुसैन, जितेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, मंजूर खान, जोगेंद्र ठाकुर, मनोज झा, मदन मोहन ओझा, आलोक पुरखत, जगदीश, विजय यादव, विजय शंकर यादव, दिवाकर, परदेशी, पवन झा, ठुप्पा भुंइया, कलाम अंसारी सहित दर्जनों मजदूर मौजूद थे।

### दोतल्ला पंचायत की सभी सड़कें बनेंगी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मुखिया सत्यवंती देवी एवं पूर्व मुखिया लव कुमार महतो के अथक प्रयास से पतरातू प्रखंड अंतर्गत बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में नया वर्ष 2025 यहां के ग्रामीणों के लिए आशा की किरण लेकर आया है। ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला का राजस्व गांव दुंदुवा पूरी तरह से विस्थापित एवं खनन क्षेत्र द्वारा प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित पंचायत होने के बावजूद यहां मूलभूत सुविधा सड़कों का घोर अभाव था। जिसकी जानकारी ग्रामसभा के माध्यम से आवेदन देकर नियमित रूप से पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो एवं वर्तमान मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा रामगढ़ जिला के उपायुक्त सह रामगढ़ जिला खनन फाउंडेशन न्यास के अध्यक्ष चंदन कुमार को दी गई थी। अब बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में रामगढ़ जिला खनन फाउंडेशन न्यास (डीएमएफटी) के लगभग चार करोड़ की राशि से सभी सड़के बनेगी। 40 वर्ष पूर्व बनी जर्जर सड़क के कारण आवागमन में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि हुई थी। लेकिन अब सड़क बन जाने से आवागमन तो सुलभ होगा ही दुर्घटनाओं में भी कमी आयेगी। इस पर विषय पर उपायुक्त द्वारा जनहित में ग्राम पंचायत के निम्नलिखित मूलभूत सड़कों का पांच माह के अंदर निर्माण करने का टेंडर निकाल दिया गया है। ज्ञात हो की मुखिया सत्यवंती देवी एवं पूर्व मुखिया लव कुमार महतो के अथत प्रयास से पूर्व में भी जुबली महाविद्यालय भुरकुंडा महिला शाखा से जुबली महाविद्यालय भुरकुंडा पुराना भवन तक पीसीसी पथ एवं जुबली महाविद्यालय भुरकुंडा पुराना भवन से शनि बेसरा के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण करवाया जा चुका है।

### लायंस क्लब ने किया भंडारा




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी रूपी प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 300 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। इस दौरान लायंस क्लब के लोगों ने सभी को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया। बताया गया कि लायंस क्लब द्वारा प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन जारी रहेगा। क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा बर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया कि लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही कल्ब का उद्देश्य भी है, जो निरंतर जारी रहेगा।

### उमाशंकर अकेला ने दी नये साल की बधाई

**बरही।** विजैया चौक स्थित शनिवार बाजार में पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रमुख कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने सभी से 13 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाले तिलकुट-चूड़ा कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। पूर्व विधायक ने कहा कि इस वर्ष भी आयोजित किया जाएगा और यह परंपरा क्षेत्र में भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। इस मौके पर उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, सपा प्रखण्ड अध्यक्ष मो. वारिस अंसारी, मो. शरीफुल हक, अशोक ठाकुर व अन्य मौजूद थे

# चौपारण : डाक पार्सल वाहन लूट मामले में दो अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चौपारण।** एक जनवरी को रामपुर बृन्दा के जंगल मे डकैतों द्वारा पार्सल वाहन को लुट लिया गया था। पार्सल वाहन तिलैया से चतरा जा रहा था जिसे डकैतों द्वारा लुट लिया गया था।लुट कि सुचना चौपारण थाना को दिया गया। जिसके बाद चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने छापामारी टीम का गठन कर दो दिनों के अंदर लुटकांड का उद्धभेदन कर दो तस्करों को धर दबोचा। छापामारी टीम का नेतृत्व खुद थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश कर रहें थे। ये सब जानकारी चौपारण थाना मे बरही डीएसपी अजीत कुमार विमल और चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया। डीएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें एक नाबालिक है और तीन लोग अभी भी फरार चल रहा है। तीनों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि लूट का सामान काफी मशक्कत के बाद मिल पाया है जो एक सुरंग मे ढक कर रखा हुआ था। ग्राम बृन्दा स्थित सुनसान जगह पर डाक पार्सल गाड़ी से लुट काण्ड की घटना को अंजाम दिया गया था। अपराधियों के विरुद्ध एक छापामारी दल का गठन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में किया गया। जिसमें थाना प्रभारी चौपारण एंव अनुसंधानकर्ता पुअनि० रौशन कुमार बर्णवाल तथा सशस्त्र बल के साथ छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में काण्ड का उद्दभेदन करते हुए काण्ड में संलिप्त अभियुक्त (1) निरुद्ध बालक (2) सुधीर कुमार पिता-स्व जुगल यादव दोनो सा० बृन्दा थाना चौपारण जिला- हजारीबाग को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर लुटे गये समान को ग्राम वृन्दा में पुलिया के नीचे छिपाकर रखा गया को बरामद किया गया।

## पीइकेबी खदान में डोजर पुश माइनिंग का सफल परीक्षण

हजारीबाग। राष्ट्रीय वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) एवं केंद्रीय खनन व ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर) के मार्गदर्शन में भारतीय खनन उद्योग में एक अभूतपूर्व विकास हुआ है। भारत में पहली बार डिजिटल तकनीक पर आधारित डोजर पुश माइनिंग तकनीक का परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया है। अडाणी नेचुरल रिसोर्सेज ने परसा ईस्ट केते बासेन (पीईकेबी) खदान में इस तकनीक का सफलतापूर्वक परीक्षण बीते सप्ताह किया। यह परीक्षण खनन तकनीक में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसमें कोयला निष्कर्षण प्रक्रिया के लिए मानवरहित मशीनों का उपयोग किया गया है।

## मुखिया पति के खिलाफ टारजन मुंडा ने डीसी और एसपी को दिया आवेदन



**कुजू।** अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी मामले को उजागर करने पर ओरला पंचायत मुखिया पति द्वारा एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर भुक्तभोगी ओरला निवासी टारजन मुंडा ने एसपी और डीसी को आवेदन देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। आवेदन में पीड़ित टारजन मुंडा ने कहा है कि अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी मामले को लेकर गत 14 दिसंबर को प्रेस वालों को दिए गए बयान से नाराज ओरला पंचायत के मुखिया पति निर्मल करमाली पिता स्व हरि करमाली ने मुझे तीन जनवरी को अपने घर पर बुलाया। जहां उनकी उपस्थिति में लखदेव करमाली पिता वंशी करमाली और विकास करमाली पिता स्व विनोद करमाली एवं अन्य 8 से 10 लोगों ने मेरे साथ मारपीट की और मुझे प्रेस में दिए गए बयान को वापस लेने की धमकी दी गई। अन्यथा सर काट कर ले जाने की चेतावनी दी। बाद में 4 जनवरी को मुखिया पति अपने साथ अन्य 60 लोगों को लेकर मेरे घर पर आकर मुझे फिर से वही बात को लेकर धमकाया गया। उन्होंने डीसी और एसपी से जान माल की सुरक्षा करने और धमकाने वालों पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## करियातपुर पंचायत भवन में ऋण मेला 9 जनवरी को



**बरही।** करियातपुर पंचायत भवन में 9 जनवरी को ऋण वसूली सह ऋण मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया करियातपुर शाखा के माध्यम से किया जा रहा है। मेले में हजारीबाग क्षेत्रीय कार्यालय के सभी महत्वपूर्ण अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी रिकवरी डिपार्टमेंट के मुख्य प्रबंधक विमल कांत झा ने दी। उन्होंने बताया कि इस ऋण मेले में पुराने एनपीए खातों का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा, किसानों के लिए केसीसी खातों का निष्पादन भी किया जाएगा ताकि उन्हें बेहतर आर्थिक सहायता मिल सके। मुख्य प्रबंधक ने कहा कि मेले के दौरान पुराने ऋण में रियायत देकर नए ऋण प्रदान करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी, जिससे किसानों और स्थानीय उद्यमियों को बड़ा लाभ मिलेगा। थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी ऋण से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए मेले में उपस्थित हों।

## स्थानीय वाहनों से टोल वसूली के खिलाफ कल से धरना

**बरही।** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत मदनगुंडी स्थित टोल प्लाजा पर स्थानीय वाहनों से टोल वसूली के विरोध में शुक्रवार को सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिप सदस्य महादेव राम ने की, जबकि संचालन जेएलकेएम नेता सह पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 6 जनवरी से स्थानीय लोग टोल प्लाजा के निकट अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में भी इस मांग को लेकर जिला प्रशासन और वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वक्ताओं ने कहा कि हजारीबाग के नगवां टोल प्लाजा पर स्थानीय वाहनों को टोल फ्री रखा गया है, लेकिन मदनगुंडी टोल प्लाजा पर ऐसा नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि दो टोल प्लाजा के बीच कम से कम 60 किमी की दूरी होनी चाहिए, जबकि नगवां और मदनगुंडी टोल प्लाजा की दूरी मात्र 42 किमी है, जो नियम के विरुद्ध है। मौके पर पूर्व प्रमुख महेन्द्र यादव, मुखिया श्यामदेव यादव, अरविंद यादव, रामप्रसाद यादव, जेएलकेएम नेता रविशंकर यादव, कृष्णा यादव, पूर्व मुखिया विरेन्द्र पासवान, मनोज साहब पिंकू, बंटी ओझा, बस एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर यादव, उमेश यादव, रोहित कुमार, अज्जू सिंह, राजकुमार यादव, मोती दास, महेश रजक, अरुण यादव, सुरेश यादव, काली यादव, लक्ष्मण यादव, सूरज यादव, रामदेव यादव, विष्णु यादव, प्रवीण यादव, टिंकू मोदी, संजय यादव, सुरेंद्र राणा, दिलीप यादव, पवन यादव, अनिल यादव, दीपक यादव, सुरेंद्र मोदी, रामकुमार मोदी, रंजीत यादव, जगदीश चौधरी, सीताराम पासवान व अन्य मौजूद थे।

# रामगढ़ प्रेस क्लब में लगा फ्री हेल्थ कैंप

खबर मन्त्र संवाददाता

- क्लब का सराहनीय कार्य, सभी सदस्य बधाई के पात्र: एसपी



**रामगढ़।** प्रेस क्लब रामगढ़ के तत्वावधान में क्लब परिसर में आयरिश अस्पताल और ऑर्किड मेडिकल सेंटर ने शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार शामिल हुए। एसपी को क्लब के अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार बीरू एवं सचिव धनेश्वर प्रसाद ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू, सह सचिव ब्यास शर्मा, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, कार्यकारणी सदस्य रितेश कश्यप, दीपक कुमार, सौरभ नारायण सिंह ने आयरिश अस्पताल और ऑर्किड मेडिकल सेंटर के चिकित्सकों और कर्मियों का स्वागत किया। जिसके बाद एसपी और क्लब के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

क्लब का कार्य सराहनीय : एसपी अजय कुमार ने कहा कि प्रेस क्लब रामगढ़ के द्वारा इस शिविर का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए उन्होंने सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में इसी तरह के आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोकतंत्र के तीन स्तंभ अपने अपने कार्य कर रहे हैं, उसी प्रकार चौथा स्तंभ जिसे पत्रकार कहा जाता है उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

एसपी ने कराया आंख की जांच : पुलिस अधीक्षक ने शिविर में खुद आँख जांच कराया। जिसके बाद क्लब के पदाधिकारियों से पत्रकारों के बेहतरी पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि पत्रकार निर्भीक होकर पत्रकारिता करें, जनहित के मुद्दों को पटल पर निष्पक्षता से रखें । पुलिस आपकी सुरक्षा को लेकर हमेशा तैयार है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आंख जांच के लिए इरिस हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ रोशन कुमार मार्केटिंग मैनेजर गौतम रवानी एवं ऑर्किड हॉस्पिटल से डॉक्टर मारुति नंदन और सिस्टर स्वाति और साथी ने अहम योगदान दिया। शिविर के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वाले उनके टीम लीडर एमडी काशिफ अख्तर की भी भूमिका अहम रही। मौके पर नीरज अमिताभ, अमित सिन्हा, तरुण बागी, अशोक मेहता, ज्योति सिन्हा, संजय शुक्ला अनिल विश्वकर्मा, अवध किशोर शर्मा, दीपक कुमार साहू, अरविंद वर्मा, कार्तिक कुमार, विनीत शर्मा, दिनेश कुमार, आशीष कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, अंकित कुमार, पंकज सोनी, राकेश कुमार, सतीश सिंह, दानिश पटेल अजय कुमार सिंह, हीरा सिंह, आरिफ कुरैशी आदि पत्रकार मौजूद रहे। रेड क्रॉस सोसाइटी के अनूप कुमार, मनोज मंडल, प्रोफेसर डॉक्टर संजय सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एक नजर में

### टाटीझरिया में रब्बी कार्यशाला आयोजित



**टाटीझरिया।** अंचल कार्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय कृषि रब्बी कार्यशाला का शनिवार को किया गया। बीओ सुधीर कुमार राय ने विधायक से टाटीझरिया में नोडल पैक्स की मांग की। बीडीओ, सीओ,ने क्षेत्र के किसानों से आग्रह किया कि सरकार द्वारा समय समय पर रब्बी फसल के बीज को उपलब्ध करवाया जाता है।किसान अपने खेतों में फसल लगाये और लाभ लें । कार्यशाला में झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, भराजो मुखिया स्वस्तिका पांडेय,टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव , समाज सेवी उपेंद्र पांडेय, बीटीएम अमित मोहन,एटीएम , लक्ष्मीकांत सोनी, होपन सिंह,महादेव यादव,रोहित कुमार,ऋषि कुमार,दिनेश्वर महतो,राजेश कुमार दास, सुरेश प्रसाद, किसान एवं जनप्रतिनिधि शामिल थे।

### सीमा सुरक्षा बल मेरू में बैठक आयोजित

**दारु।** बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निर्देशानुसार वार्ब के तत्वावधान में प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू परिसर स्थित परिवार कल्याण केन्द्र में शनिवार को समय 11. 00 बजे से झारखंड राज्य में रहने वाले सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त कार्मिकों व उनके आश्रितों की पेन्शन व रिटायमेन्ट लाभ में उत्पन्न विसंगतियों के लिए एक ही पटल पर सुनवाई व निवारण हेतु वार्ब मीटिंग हुआ। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश की अमूल्य धरोहर केन्द्रीय पुलिस बलों के पेन्शनभोगी सेवानिवृत कार्मिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास और कल्याण हेतु वार्ब का गठन किया गया है। वार्ब बैठक में बड़ी संख्या मेंसेवानिवृत कार्मिक और उनके आश्रित उपस्थित रहे। इस दौरान राकेश रंजन लाल, उपमहानिरीक्षक (प्रशासन) कैंप के सक्षम अधिकारी, अनुभवी लेखा अधिकारी, अनुसचिवीय स्टाफ और अन्य सम्बंधित विभागों के प्रभारी, सेवानिवृत कार्मिकों एवं आश्रितों की समस्याओं के निवारण के लिए उपस्थित रहे।

### बर्तन दुकान में लूट मामले में दो गिरफ्तार



**चौपारण।** 15 दिसंबर को चौपारण चट्टी बाजार स्थित वाटिका बर्तन दुकान मे करीब 2 लाख 80 हजार रुपए की चोरी हुई थी। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने दोनो चोरों को कारु कुमार,बिक्रम कुमार को हजारीबाग को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया। चोरों ने चोरी की रुपयों से एक आईफोन रिस्टवाच मंगवाया था। जिसके बाद कोलकाता घूमने चले गए। पुलिस ने सभी सामानों को जब्त किया।

### ग्रामीणों ने कोल कंपनी का किया विरोध

बड़कागांव। कोल कंपनियों के खिलाफ पिछले कई वर्षों से गोंदलपुरा, बादाम, अंबाजीत,बाबूपारा, रावतपारा,गाली, बालोदर, हाहे,मोतरा व अन्य गांव के ग्रामीण द्वारा विरोध प्रदर्शन जारी है। शनिवार को अंबाजीत गांव में जेएसडब्ल्यू कोल कंपनी की ग्राम सभा होने की संभावना को लेकर भारी संख्या में ग्रामीण अंबाजीत गांव एवं महुगाई कला पंचायत भवन के समीप मैदान पहुंच कर कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे। सुबह 9:00 बजे से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक सैकड़ो ग्रामीण डंडे ,पारंपरिक हथियार के साथ डटे रहे, कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते रहे । इस दरमियान जेएसडब्ल्यू कंपनी की किसी प्रकार की बैठक नहीं हुई और ना ही ग्राम सभा हुई। ग्रामीणों ने कहा कि ग्रामीणों को बताएं बिना जेएसडब्ल्यू कंपनी चोरी छुपे ग्राम सभा करना चाहती है, दलालों के माध्यम से संभावित ग्राम सभा होने की सूचना हम लोगों की मिली थी। जिसे लेकर हम लोग इकट्ठा हुए और कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए। बैठक या ग्राम सभा के संबंध में अंचलाधिकारी मनोज कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमें किसी प्रकार की कोई ऑथेंटिक जानकारी नहीं है।

### गंझू का शव पहुंचते ही गांव में पसरा मातम

**विष्णुगढ़।** नरकी पंचायत के अलकलिवा बस्ती के झमन गंझू के 36 वर्षीय पुत्र नरेश गंझू 1 जनवरी को राजस्थान के बीकानेर जिले के खांडा शहर में देर रात सोते सोते ही हो गई थी । नरेश गंझू टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी में फिटिंग मास्टर में कार्यरत थे।शनिवार को सुबह शव पहुंचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।जेएलकेएम नेता इंजीनियर मुकेश कुमार महतो द्वारा कंपनी प्रबंधन से लगातार वार्ता होने के बाद शव गांव पहुंचते ही कम्पनी द्वारा परिजनों में 6 लाख रुपए मुआवजा देने की सहमति बनी । इस दौरान केंद्रीय संगठन मंत्री माही पटेल ,प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो , स्थानीय मुखिया प्रभु गंझू ,प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, नेरकी पंचायत अध्यक्ष निर्मल महतो, खेमनारायण महतो, संतोष महतो समेत कई गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गुमशुदा व्यक्ति का अबतक नहीं मिला सुराग

दारू। मेढ़कुरी कला निवासी बजरंगी कुमार 14 दिसंबर से घर से गायब है जो इक्कीस दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक उनका कोई जानकारी नहीं मिल रही है। शनिवार की सुबह बजरंगी कुमार के मोबाइल से हीं उनकी साली के पास उनका फोटो और मैसेज व्हाट्सप्प मे भेजा गया जिसमे तबियत खराब होने की बात लिखी गयी है। मैसेज पढ़ने के बाद परिवार वाले और गांव मुहल्ले वाले काफी परेशान हो गए है उन्हें शक है की उनका अपाहरण किसी ने कर लिया है। दर्जनों महिला और पुरुष दारू थाना पहुँच कर थाना प्रभारी सफीक खान से गुहार लगाया की उनके परिजन बजरंगी कुमार को सही सलामत खोज कर लें आयें।

स्पीड न्यूज

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत जागरूकता शिविर आयोजित

**गिद्धौर (चतरा)।** बारिसाखी पंचायत के मायाड़ीह गांव में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चतरा के निर्देश पर 90 दिवसीय आउटरिच कार्यक्रम के तहत जनजागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। पीएलबी पवन कुमार और कुमारी शारदा भारती ने महिला जागरूकता, मतदाता जागरूकता, बाल सुरक्षा, कुष्ठ रोग, और नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर जानकारी दी। कुष्ठ रोग को पहचानकर शुरूआती इलाज और बच्चों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य अधिकार पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों ने शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## चतरा में ठंड का कहर, शाम होते ही घरों में दुबके लोग

**चतरा।** जिले भर में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो गया है। तापमान में गिरावट के साथ शाम होते ही गलन बढ़ जाती है, जिससे लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। बाजार और सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है।ठंड के कारण खासतौर पर बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा परेशान हैं। कई इलाकों में अलाव का सहारा लिया जा रहा है, लेकिन सरकारी स्तर पर राहत इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से कंबल वितरण और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की मांग कर रहे हैं।

## प्रमुख ने बीडीओ का वित्तीय प्रभार सीओ को देने की मांग की

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने उपायुक्त को पत्र लिखकर अंचल अधिकारी अरुण कुमार मुंडा को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) का अतिरिक्त वित्तीय प्रभार सौंपने का आग्रह किया है। आवेदन में प्रमुख ने बताया कि बीडीओ निखिल गौरव कमान कश्यप 15 दिनों की छुट्टी पर हैं और उनकी तबीयत अभी भी खराब है। उन्होंने आगे 25 दिनों की छुट्टी का अनुरोध किया है, जिससे प्रखंड में विभिन्न योजनाओं में शिथिलता आ रही है। प्रमुख ने कहा कि 15वें वित्त आयोग की राशि मार्च तक खर्च की जानी है, लेकिन बीडीओ की अनुपस्थिति के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में सीओ को वित्तीय प्रभार सौंपा जाए ताकि प्रखंड के कामकाज सुचारू रूप से चल सके।

## दो लापता महिलाओं को पुलिस ने किया बरामद

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र से तीन दिन से लापता दो महिलाओं को पुलिस ने शुक्रवार को बरामद कर लिया, दोनों महिला रिश्ते में गोतनी हैं। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को थाना क्षेत्र के ही बदुलिया निवासी राहुल राय पिता अर्जुन राय व मतौनी नावाडीह निवासी अजीत दास पिता एतवारी दास को हिरासत में लिया है। एक महिला के तीन तथा दूसरी के दो बच्चे हैं। महिलाओं की बरामद्गी के बाद शुक्रवार को थाना में घंटों ड्रामा चला। दोनों विवाहिताएं अब भी अपने कथित प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी थीं, हालांकि लोगों के समझाने बुझाने पर पति के साथ जाने को राजी हुईं।

## उपायुक्त ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज शनिवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को एफपीसी और एसएचजी ग्रुप की दीदियों द्वारा राजिका फूड्स अंतगर्त निर्मित उत्पादों को भेंट किया। बताते चलें कि राजिका फूड्स रागी प्रसंस्करण इकाई का एक ब्रांड है, जिसे जिला प्रशासन द्वारा स्थापित रागी प्रसंस्करण इकाई से संचालित किया जाता है, यहां मडुआ से विभिन्न प्रकार के उत्पादों को बनाया जाता है। वहीं मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए प्रसंस्करण इकाई से जुड़ी दीदियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से चतरा सांसद व विधायक ने की मुलाकात

### नववर्ष की दी शुभकामनाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** स्थानीय सांसद काली चरण सिंह और चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके रांची स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को नववर्ष की शुभकामनाएं और बधाई दी।मुलाकात के दौरान क्षेत्रीय विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को चतरा की समस्याओं और आवश्यकताओं से भी अवगत कराया।



# स्वास्थ्य विभाग के निदेशक ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. शशि प्रकाश शर्मा शनिवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सदर अस्पताल स्थित विभिन्न वार्डों, ओपीडी, आईपीडी, ओटी, पैथोलॉजी लैब समेत अन्य वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इसके अलावे अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन भवन का भी जायजा लिया।





निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि कोडरमा का सदर अस्पताल चिकित्सा के आधुनिक सुविधाओं के मामले में रांची के सदर अस्पताल से काफी बेहतर है, यहां बनाये गए मॉड्यूलर ओटी काफी उन्नत और आज के समय के अनुरूप है, ओटी की सारी व्यवस्थाएं काफी आधुनिक ढंग से फंक्शनल है। एक ओटी अर्थो से सम्बंधित तो दूसरा पेट समेत अन्य रोगों से जबकि तीसरा आंख से सम्बंधित है और तीनों ओटी सक्रिय रूप में है। निरीक्षण के दौरान पता चला कि पिछले महीने 40 से अधिक ऑपरेशन यहां किया गया है, जिससे प्रतीत होता है कि जिलेवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो रहा है, अस्पताल परिसर में निर्माण कार्य भी संतोषजनक है। उन्होंने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को डयूटी रोस्टर के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने, अस्पताल आने वाले सभी मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने आदि का निर्देश दिया। मौके पर सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीएस सह एसीएमओ डॉ. रंजीत कुमार, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

## जिले में लगातार तापमान में हो रही गिरावट

**कोडरमा।** जिले में लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं शनिवार को तापमान गिरकर 8 डिग्री पहुंच गया। शीतलहरी से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ठंड से लोग शाम होते ही घरों में दुबक जा रहे हैं। वहीं ठंड से बचाव के लिए अलाव एवं हीटर सहारा बन रहा है। वहीं शनिवार को धूप निकली, सर्द हवाओं का सुबह से ही सर्दी का सितम देखने को मिला। हवाओं में कंपकंपी बढ़ने की वजह से शरीर को कंपकंपा देनेवाली ठंड व सर्द हवाओं से झुमरीतिलैया, कोडरमा का जनजीवन भी अस्तव्यस्त हो रहा है। रात की बात करें तो दूसरे दिन में भी शीतलहरी से लोग परेशान हैं। इधर, दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा चालक, ठेला-खोमचा वालों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को एसपी ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा बीते 27 और 29 दिसम्बर को कोलकाता में आयोजित 5वीं ऑल इंडिया राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कोडरमा जिले के सफल प्रतिभागी शनिवार को कोच अशोक कुमार के नेतृत्व में जीत के मेडल के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां एसपी ने सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आपलोगों ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर कोडरमा समेत पूरे झारखंड राज्य का नाम रौशन किया है। बतातें चलें कि ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कोडरमा जिले से कई प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मैडल जितने में सफल रहे। इसमे मीना कुमारी, खुशी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नाइसा कुमारी, रोजी प्रवीण, नाजिया प्रवीण, खुशबू कुमारी, अदिति सिंह, पूनम कुमारी के द्वारा रजत पदक जीत कर जिले का नाम रौशन किया है।



## लावारिस अवस्था में एक शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत झांझरी गली से लावारिस अवस्था में एक शव बरामद किया गया है एवं फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोग जब बाजार की ओर आ रहे थे, तो उन्होंने देखा कि कचरे के ढेर पर एक 35-40 वर्ष का व्यक्ति मृत अवस्था में गिरा पड़ा है, इसकी सूचना तिलैया पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर तिलैया पुलिस के जवान मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं शव की स्थित को देखने से ऐसी आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत किसी दूसरे स्थान पर हुई और शव को यहां लाकर फेंक दिया गया है। पुलिस द्वारा आसपास पूछताछ करने पर उसका नाम पता नहीं चल पाया।

## श्री हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री हनुमान संकीर्तन मंडल परिवार के तत्वाधान में झुमरीतिलैया स्थित श्री अग्रसेन भवन में नववर्ष के पहले शनिवार को भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुषों ने हिस्सा लिया और भक्ति के सागर में डुबकी लगाई।

वहीं सुंदरकांड पाठ से पूर्व पंडित विजय पांडेय और गौतम पांडेय द्वारा पूजा अर्चना संपन्न कराया गया, जहां यजमान के रूप में मण्डल सचिव विक्की केशरी शामिल हुए। वहीं लगभग दो घंटे तक चले इस सामूहिक पाठ में भक्तिमय वातावरण ने हर किसी को भाव-विभोर कर दिया।

### भारतमाला परियोजना के तहत बनारस-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से

## चतरा के 69 गांव होंगे लाभान्वित

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत बनारस-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यह एक्सप्रेसवे चतरा जिले के 69 गांवों को सीधे तौर पर लाभान्वित करेगा और क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। यह एक्सप्रेसवे चतरा सदर, हंटरगंज, सिमरिया और पत्थलगड्डा प्रखंडों से होकर गुजरेगा, जिससे इन क्षेत्रों का संपर्क बेहतर होगा। परियोजना के लिए लगभग 800 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और प्रभावित लोगों को मुआवजा दिया जा रहा है। इस एक्सप्रेसवे से चतरा जिले के लोगों को बेहतर सड़क परिवहन सुविधाएं मिलेंगी। यात्रा का समय घटेगा और आवागमन आसान होगा। रात में भी सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना से चतरा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र को व्यापक लाभ मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने इस परियोजना को क्षेत्र के विकास के लिए एक बड़ा कदम बताया है।



# राजस्व से संबंधित, राजस्व संग्रहण, खनन टास्क फोर्स समेत अन्य की हुई बिंदुवार समीक्षा

### वित्तीय वर्ष 2024- 25 में प्राप्त राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार का शनिवार को चतरा आगमन हुआ उनके चतरा परिसदन आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात समाहरणालय सभा कक्ष में प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से ई कोर्ट, म्यूटेशन के लंबित मामले एवं भारतमाला परियोजना में अधिग्रहीत भूमि के रैयतों का मुआवजा से संबंधित बिंदुवार समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। दाखिल खारिज के मामले में आयुक्त ने निर्देशित करते हुए सभी अंचल अधिकारी को कहा कि न्यूनतम 30 दिन एवं 90 दिनों के अंदर लंबित दाखिल खारिज के मामले का निष्पादन करें। वहीं भू अर्जन की समीक्षा के दौरान जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह ने जानकारी दिया भारतमाला परियोजना जिले के चार अंचल से गुजर रहा है यथा हंटरगंज, चतरा, पत्थलगड्डा, सिमरिया। जिसमें भारत माला परियोजना के लिए अधिग्रहीत की गई भूमि का भुगतान 157 करोड़ में से लगभग 100 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। शेष के भुगतान के लिए तीव्रगति से कार्रवाई की जा रही है। विवादित भूमि को लेकर भी सभी संबंधित को पूर्व के बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में विवादित भूमि का प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया है। जिससे सुनवाई की प्रक्रिया जल्द हो सके। इसके अलावे परियोजना कठौतिया - शिवपुर न्यू बीजी रेल लाइन में लंबित मुआवजा भुगतान, चतरा बाईपास समेत अन्य की भी समीक्षा कर कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। राजस्व संग्रहण को लेकर वन विभाग, खनन विभाग, मत्स्य, नगर परिषद, उत्पाद, जिला परिवहन विभाग समेत कई अन्य विभागों से प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रहण की जानकारी क्रमवार ली गई। साथ ही उन्होंने शतप्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निर्देश दिया। वहीं अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध जिले में अब तक की गई कार्रवाई का भी जानकारी जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो से लिया। उन्होंने कहा सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन नहीं करने वाले वाहन और वाहन चालक की विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई करें। आगे कहा परियोजना क्षेत्र से चलने वाले कोल लोड वाहनों पर तिरपाल ढका रहें इसके लिए निरंतर औचक जांच अभियान चलाए अगर किन्ही लोड वाहनों पर तिरपाल ढका हुआ नहीं देखा जाता है तो उसके ऊपर नियमसंगत कार्रवाई करें। नदी घाटों से अवैध रूप से बालू का उठाव करने वाले वाहन, वाहन चालक एवं संलिप्त लोगों के ऊपर भी कार्रवाई करें।




इसके अलावे आयुक्त ने जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय,प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स को औचक छापेमारी व जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में उपायुक्त रमेश घोलप, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## एक नजर में

## आवास निर्माण पूरा नहीं करने वालों से होगी राशि वसूली: बीडीओ

**सिमरिया।** अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को आवास निर्माण पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने ग्राम पंचायत इचाक में लंबित आवास योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने लाभुकों को जल्द से जल्द आवास निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने एक सप्ताह का समय देते हुए कहा कि यदि तय अवधि में आवास निर्माण पूरा नहीं किया गया, तो राशि वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बीडीओ पर सरकारी वाहन दुरुपयोग का आरोप, वायरल वीडियो से उठे सवाल

**चतरा (मयूरहंड)।** मयूरहंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मनीष कुमार एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सरकारी वाहन का कथित दुरुपयोग करते हुए उन्हें अपने रिश्तेदार को छोड़ने स्टेशन जाते दिखाया गया है। हालांकि, वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं हुई है। वायरल वीडियो के संदर्भ में जब मनीष कुमार से संपर्क किया गया, तो उन्होंने स्वीकार किया कि वह वाहन में मौजूद थे और अपने रिश्तेदार को स्टेशन छोड़ने गए थे। लेकिन, सूत्रों का कहना है कि बीडीओ वाहन में मौजूद नहीं थे। इस मामले को लेकर कोडरमा स्टेशन और टोल टैक्स पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच से सच्चाई का खुलासा हो सकता है। यह मामला कई सवाल खड़े करता है।

## राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय के तहत निशुल्क बायो वृद्ध कैंप का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत के मायाडीह गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय की ओर से निशुल्क बायो वृद्ध कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय ग्रामीणों को बीपी, शुगर, गठिया, चर्म रोग, मलेरिया, खांसी जैसी बीमारियों का निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया गया। कैंप में डॉ. निरंजन शर्मा ने रोगियों की जांच की और उन्हें बीमारियों के रोकथाम और आयुर्वेदिक उपायों के बारे में जानकारी दी। योग प्रशिक्षक गौरी शंकर प्रसाद ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए योग और प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही एएनएम संगीता कुमारी और सहिया सीमा कुमारी ने ग्रामीणों को मलेरिया और अन्य संक्रामक रोगों से बचाव के तरीके समझाए।

## प्रखंड मुख्यालय में कानूनी जागरूकता अभियान, ग्रामीणों को दी गई जानकारी

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को झारखंड सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चतरा द्वारा 90 दिवसीय डोर-टू-डोर कार्यक्रम के तहत कानूनी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र जितेंद्र दास ने किया। कार्यक्रम के दौरान जितेंद्र दास ने ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों और सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे आपसी विवादों का निपटारा समझौते के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चतरा में करवाया जा सकता है।

## पिकअप व बुलेट की टक्कर में तीन घायल

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप शनिवार शाम करीब चार बजे पिकअप व बुलेट की टक्कर में एक बच्चा, एक महिला और युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार घरबरियाबर डोमचांच निवासी 22 वर्षीय कुलदीप कुमार शर्मा पिता सुरेश शर्मा अपनी भाभी और दो अन्य बच्चे के साथ बुलेट पर सवार होकर रामपुर बसरिया से अपने घर वापस आ रहा था। इसी दौरान तिलैया रिलायंस पेट्रोल पंप से तेल भरवाकर निकल रहे पिक अप से जोरदार टक्कर हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन फानन में सभी घायलों को निजी वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बच्चे और युवक को रिम्स रेफर कर दिया। वहीं घायलों में 5 वर्षीय वाशु कुमार शर्मा पिता विकाश शर्मा, 25 वर्षीय रीता देवी पति विकाश शर्मा और 22 वर्षीय कुलदीप कुमार शर्मा पिता सुरेश शर्मा के रूप में हुई।

## प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान की गयी विद्यार्थियों के खाते में ट्रांसफर

**कोडरमा।** तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए कल्याण विभाग द्वारा विद्यार्थियों को मिलने वाली प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान उनके बैंक खाते में कर दिया गया है। जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों के (प्री-मैट्रिक) कक्षा प्रथम से लेकर दशम वर्ग के 57,047 छात्र-छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2024-25 की छात्रवृत्ति की राशि डीबीटी के मध्यम से उनके बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी गयी है। ऐसे समय में जब पूरे राज्य में मंईयां सम्मान योजना के लागू होने के बाद यह चर्चा उठी थी, कि फंड के अभाव में अन्य योजना के लाभुकों को समय पर पैसा नहीं मिल पायेगा, उसे विराम लगाते हुए विभाग ने सभी लाभार्थी विद्यार्थियों के खाते में छात्रवृत्ति की राशि भेज दी है। वहीं जिला कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इन छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि आवंटन के अभाव में लंबित था।

## 10 वर्षीय नाबालिग अपने घर से लापता

**कोडरमा।** तिलैया थाना अंतर्गत पानी टंकी रोड निवासी 10 वर्षीय बच्ची शुक्रवार की शाम अपने घर से लापता हो गई। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की पर उसका कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने शनिवार को थाना पहुंच बच्ची के अपहरण का मामला दर्ज करवाया। वहीं बच्ची की मां अनीता कुमारी ने पड़ोस में रहनी वाली दो नाबालिग लड़कियों पर अपनी बेटी के अपहरण का आरोप लगाया है एवं अपहरण को लेकर तिलैया थाना में आवेदन दिया है। वहीं थाना प्रभारी विनय कुमार मामले को लेकर छानबीन में जुट गये हैं।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाबाद के कटिया में बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं मृतक की पहचान कटिया निवासी सूरज कुमार सिंह के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का कुछ वर्ष पूर्व से अपने साली से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जहां सूरज अपने ससुराल वालों को जबरन अपने साली से शादी रचाने को लेकर काफी परेशान कर रहता था। जबकि ससुराल वालों ने उसके साली को दूसरे जगह पर शादी करा चुके थे, इसके बावजूद भी साली से शादी रचाने को लेकर अपनी पत्नी को मारपीट करता रहता था, यहां तक कि पत्नी के साथ मारपीट के कारण वह 2 दिन पूर्व अपने मायके चली गई थी। वही शुक्रवार के रात सूरज कुमार सिंह 100 नंबर डायल कर आत्महत्या करने का सूचना दिया और फांसी के फंदे में लटक गया। इसके पूर्व सूरज एक दिन पूर्व छत से भी कूदा था, जिसमें एक पैर फैक्चर भी हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही शनिवार दोपहर जयनगर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस ने बताया कि उक्त युवक मानसिक रूप से ठीक नहीं था, जिसके कारण वह आत्महत्या कर लिया है। मृतक का एक 12 वर्षीय बच्ची भी है। वहीं घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

स्पीड न्यूज

## कृषक पाठशाला का हुआ आयोजन

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के टाटी में शनिवार को जिला कृषि विभाग सह आत्मा द्वारा कृषक पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित किसानों को कृषि की नई तकनीक व जैविक बिधि, बीजोपचार सहित अन्य जानकारी देते हुए प्रखंड तकनीकि प्रबंधक ज्ञान साहू द्वारा खरीब व रबी मौषम में खेती करने के तरीके फसलों को अधिक उपजावू व बचाव को लेकर कई जानकारी दिया गया। इस मौके पर किसानों को प्रत्यक्षण को लेकर चना बीज व कीटनाशक व उपचार के लिए दवा का निशुल्क वितरण किया गया। मौके पर बोटिएम ज्ञान साहू, कृषक मित्र बिजय उरांव, एम तिवारी, श्यामकिशोर शुक्ला, रविन्द्र सिंह, सुकरा उरांव, अनिल हजाम सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

## युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

**कुडू लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के बतमटोली निवासी स्व बिनी उरांव के 35 वर्षीय पुत्र रोशन उरांव ने फंदे से लटक कर जान दे दी। बताया जा रहा है कि बीते रात्रि की ही यह घटना है। शनिवार सुबह जब रोशन अपने कमरे से बाहर नहीं आया तब घर वालों ने उसके कमरे का दरवाजा तोड़ कर कमरे में घुसे और देखा कि रोशन उरांव साड़ी से फंदा लगा कर फांसी लगा ली है। तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी गई एवम शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## उच्च वर्गीय लिपिक के निधन पर शोक, रखा गया दो मिनट का मौन

**लोहरदगा।** जिला आपूर्ति कार्यालय में पदस्थापित उच्च वर्गीय लिपिक तारामनी कुमारी का आकस्मिक निधन हो गया। जिसे लेकर उपायुक्त कार्यालय, लोहरदगा प्रांगण में शोक स्वरूप 2 मिनट का मौन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में रखा गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। स्वर्गीय तारामनी अपनी सेवा के दौरान कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित, मृदुभाषी एवं व्यवहार कुशल कर्मी रहीं।

## उपायुक्त ने जागरूकता रथ को किया रवाना

लोहरदगा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत लोगों को यातायात के नियमों के जानकारी व पालन हेतु शनिवार को उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दो जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर लोहरदगा से रवाना किया गया। इन जागरूकता रथों के जरिये लोगों को हेमलेट पहन कर दोपहिया वाहन चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, निर्धारित गति सीमा के अंदर ही वाहन का परिचालन करने समेत अन्य जानकारी दी जाएगी। मौके पर आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, समाजसेवी संजय बर्म्मन, रोड सेफ्टी मैनेजर समेत अन्य उपस्थित थे।

# मां ने अपनी डेढ़ वर्षीय पुत्री की गला रेत कर हत्या कर दी, गिरफ्तार

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने गुमला भेजा, जांच पड़ताल जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बड़ा अजियातु गांव में मां फुलमनी देवी ने अपनी डेढ़ वर्षीय पुत्री नीतू कुमारी का तेज धार हथियार बैठी से गला रेतकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं आरोपी मां फुलमनी देवी को पुलिस हिरासत में लेकर थाना चली आई। घटना के संबंध में मृतक बच्ची और आरोपी के पति कैलाश गोप ने बताया कि शुक्रवार की देर रात वह घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान पति ने पत्नी फूलमानी देवी को बच्ची को गरम कपड़ा पहनाने की बात कहा। जिस पर उसकी पत्नी बच्ची को लेकर घर में रखे सब्जी काटने वाला बैठी से गर्दन रेत हत्या कर दी। हल्की आवाज होने के बाद जब वह घर में देखा कि उसकी पत्नी ने बच्ची की गला रेतकर हत्या कर दी है। इसके बाद आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। वहीं पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंचा और आरोपी फुलमनी देवी को हिरासत में लेकर थाना आया। कैलाश गोप ने यह भी बताया की उसकी पत्नी का मानसिक स्थिति खराब है। जिसे लेकर वर्ष 2018 से प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज कर दवा चल रहा था। इधर कुछ दिनों से फुलमानी देवी का तबीयत खराब होने के कारण उक्त दवा को बंद कर दूसरा दवाई चलाया जा रहा था। सभी चीज ठीक ही था कि कल अचानक इस तरह का घटना को फुलमनी द्वारा अंजाम दिया गया।



घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़ व इनसेट फोटो में मृतक बच्ची का शव

**आरोपी को पुलिस ने लिया हिरासत में, घटना में प्रयुक्त बैठी किया जब्त :** इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच आरोपी महिला को हिरासत में लिया गया है और घटना में प्रयुक्त तेज धार बैठी को जब्त किया गया है। वहीं बच्ची के शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेजा गया है। पुलिस हर पहलु पर जांच कर रही है।वहीं परिजनों ने बताया है कि फुलमनी की मानसिक स्थिति सही नहीं था और उसका इलाज करा दवा प्राइवेट अस्पताल से कराया जा रहा था।

## लिपिक तारामणि भगत की हार्ट अटैक से हुई मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

**कैरो।** लोहरदगा जिला अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र के येड़ादोन निवासी कारगिल शहीद स्व विश्राम टाना भगत की धर्मपत्नी सह जिला आपूर्ति विभाग में उच्च स्तरीय लिपिक तारामणि भगत के आकस्मिक निधन शनिवार को हो गया। जिसके बाद जिला कार्यालय में उपायुक्त सहित अन्य कर्मियों द्वारा शोक सभा का आयोजन करने के बाद देर शाम शव को येड़ादोन लाया गया। जहां प्रखंड प्रसासन व पूरे क्षेत्र के गण्यमान्य लोग व जनप्रतिनिधियों द्वारा आत्मा दर्शन के बाद बिधि विधान के साथ अंतिम संस्कार की विधि पूरा की गई।

# गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव 19 जनवरी को मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने जारी की अधिसूचना

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** चेंबर चुनाव को लेकर शनिवार को प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी ने चुनावी की अधिसूचना जारी की। जिसमें 19 जनवरी को चेंबर का चुनाव स्थानीय नगर भवन में पूर्वाह्न 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। वहीं 19 जनवरी को ही संध्या 6 बजे से मतगणना का कार्य आरंभ किया जाएगा। चेंबर चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया 8 और 9 जनवरी को बस स्टैंड स्थित चेंबर कार्यालय में होगा। इसी दौरान उम्मीदवारों को नामांकन पत्र भी दिया जाएगा। 10 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। वहीं 11 जनवरी को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद उम्मीदवारों को क्रम संख्या प्रदान किया जाएगा। श्री कुमार ने कहा कि इस बार दो गुटों में चेंबर का चुनाव होगा। चुनाव में जिस गुट के 11 सदस्य जीत कर आएंगे। वहीं चेंबर के पदाधिकारी बनेगी। गुट के अलावे भी सदस्य निर्दलीय चुनाव लड़ सकेंगे।



चेंबर चुनाव को लेकर प्रेस कानफ्रेंस करते मुख्य चुनाव पदाधिकारी व अन्य

उन्होंने कहा कि नामांकन वैसे ही उम्मीदवार करें जो चैंबर हित में काम करेंगे यह चेंबर को अपना समय दे सकेंगे। वहीं चेंबर चुनाव वही उम्मीदवार लडेगा जो जीएसटी धारी हो, माफ तौल विभाग व कृषि विभाग से अनुबंधित हो। चेंबर चुनाव जीतने के बाद उम्मीदवार व्यापारी हित में काम करेंगे और हमेश उपलब्ध रहेंगे।

# विहिप और बजरंग दल के सदस्यों ने निकाली बाइक रैली



बाईक रैली में शामिल विहिप व बजरंग दल के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** 5 जनवरी 2025 को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति व दुर्गा वाहिनी के द्वारा आहुत शौर्य सह साहसिक यात्रा को लेकर शनिवार को गुमला के सोसो स्थित दूधेश्वरी धाम से बाईक जुलूस निकाली गयी। बाइक रैली दुधेश्वरी धाम से आरंभ होकर बस डिपू, लोहरदगा रोड, पालकोट रोड, , घाटो बगीचा, सिसई रोड, थाना रोड होते हुए बस डिपू स्थित हनुमान मंदिर में समाप्त हुई। रैली के दौरान जय श्री राम के गगन भेदी नारे लगाये गये। वहीं लोगों से 5 जनवरी को प्रतिष्ठानें बंद रखने की अपील की गई। जुलूस में बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता शामिल हुए।रैली समाप्ति के पश्चात मंदिर में हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ किया गया। तत्पश्चात 5 जनवरी को सुबह 10:00 बजे यात्रा शौर्य साहसिक यात्रा का शुभारंभ लिप्टस बगीचा लक्ष्मण नगर से पंक्तिबद्ध तरीके से किया जाएगा। जो जशपुर रोड, महावीर चौक से मेन रोड, शहीद चौक से पालकोट रोड, घाटो बगीचा से सिसई रोड, शहीद चौक से थाना चौक लोहरदगा रोड होते हुए हनुमान मंदिर बस डिपो दुन्दरिया में समाप्त होगी। यात्रा समाप्ति के बाद मंच स्तरीय कार्यक्रम होगा। साथ ही महाभंडरा का भी आयोजन होगा। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा और बजरंग दल विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष संगठन की ओर से शौर्य सह साहसिक यात्रा का आयोजन किया जाता है।

### झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष

# स्व हरि नारायण साहू को द्वितीय पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि देते सुखदेव भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्गीय हरि नारायण साहू की द्वितीय पुण्यतिथि पर गौतम नर्सिंग होम में उनके पुत्र पवन गौतम और राहुल देव गौतम के द्वारा पूजा अर्चना एवं शांति पाठ पुरोहित परमानंद मिश्रा के द्वारा कराया गया। तत्पश्चात उनके चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा की हरिनारायण बाबू जन समस्याओं को दूर करने वाले अग्रणी नेताओं में से एक थे। वे हम लोगों के अभिभावक थे उनका मार्गदर्शन हम लोगों को हमेशा मिलते रहता था। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में सांसद सुखदेव भगत के साथ उनके पुत्र पवन गौतम, राहुल देव गौतम, पुत्रवधू ममता गौतम, पौत्री पृशा गौतम, आरोदय गौतम, डॉ अनिला, राजेंद्र प्रताप देव, अनुपमा भगत, शाहिद अहमद बेलू, आलोक कुमार साहू, मोहन दुबे, नेसार अहमद, कुणाल अभिषेक, जगदीप भगत, अनिल कुमार, त्रिवेणी दास, राजकुमार वर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता, राजेश सहाय, सुधीर अग्रवाल, रवि रोशन बेक, जगजीवन राम, कुदुस अंसारी, मुजम्मिल अंसारी, दानिश अंसारी, मोकरम अंसारी आदि उपस्थित थे।

# मजदूरों के साथ अन्याय को नहीं किया जाएगा बर्दाश्तः सांसद सुखदेव भगत

## हिंडाल्को को हर हाल में मजदूरों को देना होगा रोजगार,मजदूरों के साथ न्याय होगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** ट्रक अनलोडिंग मजदूर संघ के सैकड़ो मजदूर शनिवार को लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात किया और मजदूरों ने सांसद को बताया कि हम लोग अनलोडिंग स्टेशन में विगत 17 वर्षों से काम कर रहे हैं जिससे हम लोगों का भरण पोषण होता है। हिंडालको कंपनी गत दो माह से अनलोडिंग स्टेशन में ट्रकों का परिचालन बंद कर दिया है जिसके कारण हम सबों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है। मजदूरों ने सांसद से सभी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग किये। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि वह मजदूरों के साथ हैं। मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।मजदूरों को न्याय मिलेगा। श्री भगत ने कहा कि विगत 17 वर्षों से सैकड़ो ट्रक मजदूर काम कर रहे हैं जिसके कारण हजारों लोगों का भरण पोषण हो रहा है। दो माह से हिंडाल्को के द्वारा ट्रकों का परिचालन बंद करने से मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है। जनप्रतिनिधि होने के नाते मजदूरों को न्याय दिलाना उनका दायित्व है। हिंडाल्को एक ओर रोपवे से बॉक्साइट का ढुलाई कर रही है लेकिन ट्रकों के द्वारा बॉक्साइट का ढुलाई लोहरदगा स्टेशन में नहीं कर रही है अगर ट्रकों से प्रदूषण होता है तो रोपवे से भी प्रदूषण होगा।



मजदूरों से मिलते सांसद

हिंडाल्को के दोहरे नीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मजदूरों के हक हुकुम के लिए वे मजदूरों के साथ है। हिंडाल्को का हर हाल में मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना होगा। मौके पर मनोज सोन तिर्की, अनिल उरांव, विनोद उरांव, प्रेमचंद महतो, प्रदीप उरांव, नीलमणि तिग्गा, सुधा उरांव, ललिता उरांव, रवि महली, बुधमन टोप्पो, विमला उरांव, फुलमनी उरांव, सुगी उरांव, धर्मदेव उरांव, ननका अंसारी, निवेश उरांव, रोपा उरांव, मनोज भगत, आलोक कुमार साहू, नेसार अहमद, साजिद अहमद चंगू, जगदीप भगत, सोनू कुरैशी सहित सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

## एक नजर में

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने हत्या के तीन आरोपी को सुनाई सजा

**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कमल मिश्रा की अदालत ने हत्या के मामले में तीन आरोपी को सजा सुनाई है। लोहरदगा जिले के कुडू में विगत जुलाई 2022 में जमीन विवाद में मारपीट के दौरान हत्या मामले में तीन आरोपी को सजा सुनाई गई। वहीं दो अन्य आरोपी को साक्ष्य के आभाव में बरी किया गया है। इस संदर्भ में लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया की हत्या मामले में आरोपी दशई उरांव को 5 वर्ष की सजा और 5 हजार रुपए जुमार्ना, मुन्ना उरांव को 10 वर्ष की सजा और 10 हजार रुपए जुमार्ना वहीं पप्पू उरांव को दस वर्ष की सजा और दस हजार रुपए अर्थ दंड लगाया गया।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**घाघरा।** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा घाघरा ब्लॉक परिसर में समर अभियान के तहत आंगनबाड़ी सेविका को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला समाज कल्याण क्षेत्रीय प्रबंधक सुजीत कुमार ने प्रशिक्षण दिया। इस क्रम में समर ऐप सभी सेविका के मोबाइल में इंस्टॉल कराया। साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि इस ऐप के माध्यम से आप अपने पोषक क्षेत्र के कुपोषित बच्चों का डाटा एंट्री करेंगे। साथ ही आंगनबाड़ी केदो में एएनएम के माध्यम से उपस्थित बच्चों की जांच होगी और उन्हें पोषाहार का वितरण करेंगे। अप के माध्यम से बच्चों का रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे ताकि विभाग को पूरी सूचना मिले। कुपोषण को दूर भगाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। प्रशिक्षण के माध्यम से सभी जानकारी आप प्राप्त करें और ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मौके पर बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

### चैनपुर प्रखंड के कातिंग अंबाटोली गांव में ग्राम सभा का आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कातिंग अंबाटोली गांव में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत सामुदायिक दावा को मान्यता देना था। यहां 87 एकड़ भूमि पर सामुदायिक दावा किया गया था। जिसके फलस्वरूप 9 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के अवसर पर गांव के लोगों को 67.68 एकड़ का सामुदायिक वन पट्टा मिला। वन प्रबंधन समिति का गठन पट्टे के साथ ही गांव में किया गया। जिसमें 10 सदस्यों को शामिल किया गया। इस समिति का मुख्य कार्य जंगलों का संरक्षण और प्रबंधन करना है। वहीं कार्यक्रम में वन महोत्सव वन का भी आयोजन किया गया। जिसमें गांव के सभी लोग शामिल हुए। फिया फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रखंड समन्वयक श्री ललित कुमार महतो भी कार्यक्रम में भाग लिया।

### मनरेगा लोकपाल ने चैनपुर में किया विकास योजनाओं का निरीक्षण, दिये निर्देश

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा पंचायत में मनरेगा लोकपाल द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें कूप निर्माण, तालाब निर्माण और आम बागवानी शामिल हैं। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सरकार की योजनाओं को गुणवत्ता के साथ लागू करें ताकि किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके। सरकारी टीम ने तालाब निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया और वहां कार्यरत श्रमिकों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं को भी जाना। इस पहल का उद्देश्य पलायन को रोकना और बेरोजगारी की समस्या का समाधान करना है।

### संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में नामांकन आरंभ

गुमला। पालकोट रोड स्थित संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सत्र 2025- 26 के लिए कक्षा बेबी नर्सरी, नर्सरी, एलजी, यूकेजी एवं वर्ग 1 से 8 तक के लिए नामांकन फार्म उपलब्ध है। इच्छुक अभिभावकगण विद्यालयकार्यावधि प्रातः 9:00 से अपराह्न 2:00 के बीच विद्यालय कार्यालय में संपर्क कर नामांकन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद लाल ने दी।

### राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन गुमला के आंजन में 5 को

**गुमला।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन जिला गुमला का 8 जनवरी 2025 को आंजनधाम में प्रदेश स्तरीय स्वजातीय सदभाव सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष का चयन भी होना सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में महासंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू मुरारी गुप्ता सहित राष्ट्रीय स्तर के महामंत्री, अपर-महामंत्री, संगठन महामंत्री, कोषाध्यक्ष एवं झारखण्ड के सभी जिले के जिला अध्यक्ष शामिल होंगे। गुमला जिला से सभी प्रखंडों से स्वजातीय बन्धु काफी संख्या में शामिल होंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष दिलीप नीलेश ने दी है।

### सिसई रोड में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**गुमला।** शहर के सिसई रोड पर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता रथ के द्वारा ऑडियो क्लिप के माध्यम एवं पम्पलेट देकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही घूम-घूम कर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। जिससे लोगों में यातायात नियमों के प्रति जानकारी का अभाव न रहे एवं वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने आमजनों से अपील किया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का आवश्यक रूप से पालन करें। मोटरसाइकिल चलते समय हेलमेट आवश्य पहनें। वहीं चार पहिया या अन्य वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें और यातायात नियमों का पालन करें।

### बीमरला माइंस का खनन व परिवहन कार्य को बंद करने की घोषणा 16 से

**घाघरा।** हिंडाल्को कंपनी के शोषणात्मक रवैया को देखते हुए ऑल बॉक्साइट माइन्स जनाधिकार संघर्ष समिति गुमला के संरक्षक शिवकुमार भगत, इस्लाम अंसारी, अध्यक्ष राजीव उरांव के अलावा समिति के पदाधिकारी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 16 जनवरी से बीमरला माइंस का खनन व परिवहन कार्य को बंद करने का घोषणा किया है। इस दौरान शिवकुमार भगत ने कहा पिछले डेढ़ महीने से संगठन के द्वारा हिंडाल्को के शोषणात्मक रवैया के खिलाफ आंदोलन किया जा रहा है।

### चैनपुर में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को पुलिस अधीक्षक शंभू सिंह के निर्देश पर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लुथरन मैदान में फुटबॉल टूनार्मेंट का सफल आयोजन किया गया। इस टूनार्मेंट की अगुवाई चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया शोभा देवी, सुशीला दीपक मिंज, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, पंचायत समिति सदस्य अनिता उरांव और थाना प्रभारी कुंदन चौधरी एवं एएसई नंदकिशोर कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर और गेंद को किक मारकर किया गया। टूनार्मेंट की पहली प्रतियोगिता चैनपुर और बेंदोरा के बीच खेली गई। जिसमें बेंदोरा की टीम ने जीत हासिल की। जनप्रतिनिधि ने खिलाड़ियों को कहा कि पुलिस से डरने की जरूरत नहीं है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### मंत्री के प्रयास से परिजनों को मिला मृतक का शव


मंत्री संजय प्रसाद यादव।

**बालूमाथ।** राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सह राजद विधायक संजय प्रसाद यादव के प्रयास से मृतक के परिजनों को शव मिल पाया। ज्ञात हो की बीते बुधवार को बालूमाथ पांकी मुख्य मार्ग इचाक ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिसमें से दो लोगों को बेहतर इलाज हेतु रांची रेफर किया गया था जहां मेडी हॉप सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में इलाज के दौरान दिलेश्वर यादव पिता धना यादव ग्राम नगडा की मौत हो गई। जहां मृतक के शव को अस्पताल में उसके परिजनों को बिना बिल चुकाए नहीं दे रहे थे जिसके बाद रामलाल यादव (मेडिकल दुकानदार) ने दूरभाष पर मंत्री संजय यादव को पूरी स्थिति से अवगत कराया था जिसके बाद मंत्री ने मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुवे 49,697 रूपया का बिल माफ करा कर शव को परिजनों को सुपुर्द कराया। इस कार्य के लिए यादव समाज समेत कई लोगों ने मंत्री का आभार जताया है।

### बस और ऑटो ड्राइवर के आंखों की हुई जांच

**महुआडांड़।** प्रखंड में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बस और ऑटो ड्राइवर के आंख की हुई जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र सहायक संजू कुमारी ने बस स्टैंड परिसर में बस स्टैंड परिसर में सभी वाहन चालक ऑटो चालक की जांच की गई मौके में तबरेज खान गौरव कुमार नुरुल आलम प्रेम प्रकाश सिंह नवीन एक्का शहीद दर्जनों चालक मौजूद रहे।

### टहलने के दौरान छत से गिरी महिला, मौत

**चंदवा।** चंदवा शहर से सेट खीस्त राजा विद्यालय के समीप सरोज नगर मार्ग पर शनिवार की अहले सुबह छत में टहलने के दौरान सरिता देवी (45 वर्ष) पति प्रेमचंद प्रजापति छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मार्ग से गुजर रहे लोगो की नजर पड़ने के बाद परिजनों के द्वारा आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया, जहां डॉ. मनोज कुमार ने जांच के क्रम में महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की व शव को कब्जे में लेकर अंत:परीक्षण को लेकर सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतका शनिवार की सुबह अपने छत पर टहलने के लिए गई थी, इसी दौरान वह असंतुलित हो गयी व छत पर रेलिंग नही रहने के कारण सीधे नीचे गिर गयी, जिससे महिला के सर पर गम्भीर चोटें आई जिस कारण उसकी मौत हो गयी। इधर सरिता देवी के असामयिक मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### अलाव तापने के दौरान झुलसकर एक महिला व एक बच्चा घायल


घायल बच्चा।

**बालूमाथ।** बालूमाथ और बारियातु प्रखंड में शनिवार को अलाव तापने के दौरान हुए दो अलग-अलग घटना में झुलसकर एक 10 वर्षीय बच्चा वही एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पहली घटना मे लोलारी देवी 73 वर्ष पति थुपा राम ग्राम डाढ़ा बरियातू निवासी अलाव तापने के दौरान झुलस गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं दूसरी घटना में सोनू कुमार 10 वर्ष पिता राजेश गंझु ग्राम सोपराम थाना बालूमाथ निवासी अलाव तापने के दौरान झुलस गया। घटना के बाद घायल बच्चे का प्राथमिक उपचार डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

## औरंग नदी पर पूल निर्माण कार्य में कंपनी के रात्रि गार्ड हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

# हत्याकांड में शामिल पांच अभियुक्तों को एसआईटी की टीम ने दबोचा

■ तीन भरदुआ बंदूक, दो मोबाईल व हत्या में प्रयुक्त टांगी जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड अंतर्गत गुरुवादह औरंग नदी पर पुल निर्माण कार्य में लगी नीलम कंस्ट्रक्शन कंपनी के रात्रि गार्ड व वार्ड सदस्य की निर्मम हत्याकांड मामले का उद्भेदन लातेहार पुलिस ने सफलतापूर्वक कर दिया है। जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देशन में गठित एसआईटी की टीम ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर हत्याकांड में संलिप्त पांच अपराधियों को धर दबोचने में सफलता पाई है। शनिवार को लातेहार एसपी कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि अपराधी प्रदीप सिंह के इशारे पर बीते 26 दिसम्बर की रात्रि गार्ड बालगोविंद साव (कुलगड़ा लातेहार) की हत्या लेवी को लेकर कर दी गयी थी। मामले में बाल गोविंद साहू के पुत्र प्रदीप साहू के आवेदन के आलोक में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र उद्भेदन को लेकर एसडीपीओ अरविंद कुमार व पुनि सह थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े की अगुवाई में विशेष एसआईटी की टीम गठित की गई थी। अनुसंधान के क्रम में एसआईटी की टीम के द्वारा लगातार छापामारी की जा रही थी, इसी क्रम में शुक्रवार की रात्रि छापामारी अभियान के दौरान भूसुर पंचायत के पिपरागढ़ा केंदुवाही के पास से हत्याकांड में संलिप्त पांच अपराधियों को पकड़ लिया गया।


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी।

**इनकी हुई गिरफ्तारी**

पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम भुवनेश्वर सिंह उर्फ अंकित पिता केदार सिंह (भूसुर लातेहार), रमेश सिंह उर्फ गुलटन, पिता स्व. नंदू सिंह, (केंदुवाही भूसुर लातेहार), छोटेलाल उरांव पिता एतवा उरांव, रामचंद्र उरांव पिता स्वर्गीय लुथरु उरांव व सनोज उरांव पिता स्व. जय राम उरांव (तीनो पिपरागढ़ा लातेहार) बताया। पुलिस ने उनके निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त 3 भरदुआ बंदूक, टांगी व दो मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए पांचों अपराधियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। अपराधियों ने बताया कि प्रदीप गंझू उर्फ प्रदीप सिंह उर्फ प्रदीप जी पिता स्व. करीमन गंझू (बुल्हू थाना चंदवा) के साथ लेवी वसूली को लेकर क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से जेएसजेएम संगठन के नाम से पर्चा छोड़कर गार्ड की निर्मम हत्या की थी। पुलिस ने बताया कि हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त प्रदीप गंझू भी जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होगा, उसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलायी जा रही है। एसआईटी टीम में पुअनि भागीरथी पासवान, मनोज कुमार, रमाकांत गुप्ता, राहुल सिन्हा, सुरेंद्र कुमार महतो, विक्रांत कुमार उपाध्याय, सअनि नागेश्वर महतो, संतोष कुमार, मनीष राय, अरविंद तिवारी के अलावे लातेहार थाना सशस्त्र बल, सैट वन लातेहार व तकनीकी शाखा के अधिकारी शामिल थे।

## आजाद भारत में गुलामी की जिन्दगी जी रहे है वीर सपूत नीलांबर पीताम्बर के वंशज

# अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले भाइयों के गांव की स्थिति बदहाल


नीलांबर पीताम्बर के वंशजों से बात करते प्रतिनिधिमंडल।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सन 1857 में अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेने वाले अद्वितीय वीर योद्धाओं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे लेकिन आज भी उनका गांव सरकारी उपेक्षा का दंश झेल रहा है। जहां विकास योजनाएं पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देती है। हम बात कर रहे हैं, गुरिल्ला युद्ध कौशल में माहिर शहीद नीलांबर - पीतांबर भाइयों के बदहाल गांव चेमो सान्या की। वीर सपूतों की इस जन्मस्थली का शनिवार को भाकपा माले के जिला सचिव बिरजू राम व कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पूरे गांव का भ्रमण करते हुए उनके वंशजों से मुलाकात की और उन्हें अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया। बिरजू राम ने बताया कि मण्डल डैम से लगभग 16 किमी दूर पर स्थित उक्त गाँव तक पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। चारो तरफ जंगलो पहाड़ों से घिरा गाँव है, जो कूटकू डूब क्षेत्र में पड़ता है। खरवार जाती के करीब 150 घरों की इस बस्ती की स्थिति काफी बदहाल है। इसके अलावा अन्य जाति मे उरांव भुइया के घर है।

### अंधकार में रो रहे है शहीदों के वंशज व उनका गांव

बिरजू राम ने बताया कि लोगों की हालत और उनकी समस्याओं को सुनने के बाद प्रतीत हुआ कि आजादी के लगभग आठ दशकों के बाद भी यह गाँव काफी बदहाल है। वीर सपूत नीलांबर पीतांबर भाई जिन्होंने देश की आजादी के लिए इस गाँव से निकल कर अंग्रेजो को युद्ध में लोहे का चना चबाने को मजबूर कर दिया और गुलामी से मुक्ति के लिए फाँसी के फँदा को चुम लिया। आज उनका जन्मभूमि और उनके वंशज आजाद भारत मे बदहाल बने हुए है। देश के अन्य सभी हिस्सों में नीलांबर पीतांबर की जय जयकार हो रही है। उनकी प्रतिमा स्थापित की जा रही है। लेकिन चेमो सान्या गाँव अंधकार में रो रहा है। इस शहीद के गाँव के बारे में या इनके परिवार के बारे में इस क्षेत्र के न जनप्रतिनिधि सोच रहें है, और नहीं झारखण्ड की सरकार कोई सुध ले रही है।

#### इलाज के लिए जाना पड़ता है 50 किमी दूर

वीर शाहिद नीलांबर पीताम्बर भाइयों के वंशज आज भी इस बदहाल गांव में निवास करते है। वंशजों ने बातचीत के दौरान बताया कि हमलोग के गाँव मे कोई विकास का काम नहीं हुआ है। बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र से सटा हुआ यह गाँव गढ़वा जिला अंतर्गत मदगडी पंचायत के बड़गड़ प्रखण्ड में पड़ता है। गाँव में कोई स्वास्थ्य केंद्र नहीं है। बीमार पड़ने पर रोगी को डोला या खटोला मे टांगकर कई किलोमीटर दूर सड़क तक ले जाना पड़ता है, और वहाँ से ऑटो या चार पहिया वाहन से पचास किमी दूर बड़गड़ हॉस्पिटल जाना पड़ता है। बरसात के दिनों में गांव डूब जाता है। जिस कारण लोग इलाज के अभाव में दम तोड़ देते है। गाँव में एक माध्यमिक स्कुल है। रोशनी का घोर अभाव है। सोलर प्लेट बेकार पड़ा हुआ है।

#### गांव में विकास व सरकारी योजनाएं पहुंचाने की मांग

प्रतिनिधि मंडल ने चेमो सान्या गांव में वीर शहीद नीलांबर- पीतांबर की प्रतिमा स्थापित करने एवं शहीद भूमि का दर्जा देते हुए मॉडल गांव की तर्ज पर हर तरह का विकास कार्य व सरकारी योजनाएं पहुंचाने की मांग झारखंड की हेमंत सरकार से किया है। अब देखना यह है कि राज्य सरकार कब इस ऐतिहासिक गांव की सुध लेती है और इसे विकास की मुख्यधारा से जोड़ती है। इस मौके पर वरिष्ठ डॉक्टर सह समाजसेवी वीरेंद्र कुमार, मानवाधिकार से जुड़ी मंजू कुमारी और अवधेश मेहरा समेत अन्य लोग शामिल थे।

## एक नजर में

### नीलम देवी ने कंबल का किया वितरण

**महुआडांड़।** पंचायत में ठंड को देखते हुए पंचायत समिति नीलम देवी ने पंचायत के विभिन्न गांव से चिन्हित बुजुर्ग महिला पुरुष लोगों के बीच शनिवार को कंबल वितरण किया मौके पर दामोदर नायक रविंद्र नायक पैरों देवी गुलाम देवी सहित लगभग 30 लोगों को कंबल दिया गया इस संबंध में पंचायत समिति ने बताया कि प्रखंड कार्यालय से पंचायत समिति सदस्य को 30 पीस कंबल मिला था जिसे शनिवार को वितरण किया गया।

### पीवीयूएनएल बनहरदी कोल परियोजना द्वारा जरूरतमंदों के बीच किया गया कम्बल वितरण


कंबल देते अधिकारी।

**लातेहार/चंदवा।** पीवीयूएनएल बनहरदी कोल परियोजना द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बनहरदी कोयला खनन परियोजना से प्रभावित हो रहे क्षेत्र अंतर्गत बारी, सुरली व चेतर ग्राम में शिविर आयोजित कर लगभग 500 बुजुर्गों और जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह, जीएम के. चंद्रशेखर की उपस्थित में गरीब, असहाय व वृद्धजनों को कम्बल दिया गया। इसके अलावे लातेहार स्थित वृद्धा आश्रम तथा बाल आश्रम, लातेहार में भी कंबल का वितरण किया गया। पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच कम्बल पाकर लोगो के चेहरे में राहत व खुशी देखी गयी। सीईओ आरके सिंह ने सुनिश्चित किया कि हर जरूरतमंद को ठंड से बचने के लिए कंबल मिलेगा। उन्होंने बुजुर्ग एवं अन्य निवासी को कंबल लेने के लिए एकत्र होने पर आभार भी जताया। मौके पर पीवीयूएनएल बनहरदी परियोजना के अधिकारी के चंद्रशेखर, महाप्रबंधक बनहरदी परियोजना एम चंद्रसेगर, (अपर महाप्रबंधक), आरबी सिंह (अपर महाप्रबंधक), सिद्धार्थ शंकर (उप महाप्रबंधक), अमरेश चंद्र राउल (उप महाप्रबंधक), भालेन्दु दावे ( उप महाप्रबंधक), विनेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड आर) समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### डीवीसी ने दूसरे दिन भी कंबल का किया वितरण



□ हर जरूरतमंद को ठंड से बचने के लिए मिलेगा कंबल: दीपक कुमार

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम तुबेद कोयला खान द्वारा शनिवार को नेवाड़ी पंचायत के तुबेद गाँव में डीवीसी नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) की ओर से जरूरतमंदों व असहायों के बीच लगातार दूसरे दिन भी 400 कंबल का वितरण किया गया। उप महाप्रबंधक (खनन) दीपक कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से ठंड बढ़ रही है। शीतलहर का प्रकोप काफी बढ़ गया है। जिससे क्षेत्र के वृद्ध, असहाय और दिव्यांग व्यक्तियों को काफी परेशानी का सामना काना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए डीवीसी ने जरुरत व्यक्तियों के बीच कम्बल वितरण किया है। पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच कम्बल पाकर लोगो के चेहरे में राहत व खुशी देखी गयी। श्री कुमार ने सुनिश्चित किया कि हर जरूरतमंद को ठंड से बचने के लिए कंबल मिलेगा। उन्होंने बुजुर्ग एवं अन्य निवासी को कंबल लेने के लिए एकत्र होने पर आभार भी जताया। इस अवसर पर नेवाड़ी मुखिया अमरेश उरांव, प्रबंधक (खनन) बिरेन्द्र कुमार, सहायक प्रबंधक (सीएसआर) संजीव कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रेलवे क्रॉसिंग या अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीणों ने स्टेशन प्रबंधक को सौंपा मांगपत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत बरवाडीह और छिपादोहर स्टेशन के बीच ग्राम कुचिला स्थित नटवाबार टोला के (अप-डाउन रेलवे पोल संख्या 251/26-27) रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक या अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शनिवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में धनबाद मंडल रेल प्रबंधक के नाम बरवाडीह स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी को हस्ताक्षरयुक्त मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि इस रेलवे क्रॉसिंग से जुड़े दोनों ओर के गाँव, जैसे बहुवार टोला (कुचिला), गम्हरिया (छिपादोहर), बारीदोहर और बारीचट्टान सैदूप आदि में हजारों लोग निवास करते हैं। इन गाँवों के लिए यह रेलवे क्रॉसिंग आवागमन का मुख्य मार्ग है। गम्हरिया मिडिल स्कूल और बहुवार टोला प्राइमरी स्कूल के बच्चे भी इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। हाल ही में इस मार्ग पर थर्ड रेलवे लाइन का निर्माण हुआ है। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस क्रॉसिंग पर न फाटक है और न ही अंडरपास, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोगों, खासकर स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है। ग्रामीण चाहते हैं कि रेलवे प्रशासन इस समस्या का तुरंत समाधान करे, ताकि क्षेत्र के लोगों का आवागमन सुरक्षित हो सके। मामले को लेकर ग्रामीणों ने 11 जनवरी को बरवाडीह रेलवे स्टेशन के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि रेलवे प्रशासन द्वारा फाटक या अंडरपास का निर्माण शीघ्र नहीं कराया गया, तो यहाँ कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।


स्टेशन प्रबंधक को मांगपत्र सौंपते ग्रामीण।

#### क्या कहते है स्टेशन प्रबंधक

स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा सौंपा गया आवेदन धनबाद मंडल रेल प्रबंधक को प्रेषित कर दिया गया है। श्री द्विवेदी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि इस मामले को रेलवे के उच्च अधिकारियों तक पहुँचाया जाएगा। बता दें कि ग्रामीणों की इस मांग ने रेलवे प्रशासन के सामने एक गंभीर चुनौती पेश कर दी है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन कब तक इस समस्या का समाधान करता है।

## अभिजीत प्लांट के सीएचपी कोल बेड एरिया में लगी भीषण आग, चचाओं का बाजार गर्म

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा के बना चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत पावर प्लांट के सीएचपी कोल बेड एरिया में शनिवार की दोपहर बाद अचानक भीषण आग लग गई। आग लगी के बाद उठ रही धुंआ व आग की लपटों के उठता देख क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म हो गया। हालांकि घण्टों आग की लपटे उठने के बावजूद न हीं प्लांट प्रबंधन और न हीं प्रशासन की ओर से आग पर काबू पाने की दिशा में कोई कदम उठाया गया, जिस कारण आग तेजी से बढ़ती चली जा रही थी। सूचना के बाद जब मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे तो जिस स्थान पर आग लगी थी उसे स्थान पर कुछ रखकर जलाए जाने का निशान दिख रहा था, मामले से संबंधित जानकारी को लेकर प्लांट प्रबंधन से बात करने का प्रयास किया लेकिन इस पर किसी ने गम्भीरता नहीं दिखाई। हालांकि खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि आग कैसे लगी, या फिर लगाई गई। लोगों की माने तो पूर्व में भी प्लांट के विभिन्न क्षेत्रों में कई बार आग लगी की घटना घटित हुई है। सूत्र बताते हैं कि प्लांट में हुए बड़े पैमाने पर चोरी की घटना हुई है, जिस पर पर्दा डालने को लेकर इस प्रकार के हथकंडे अपनाये जाते रहे हैं। मामले में पूछे जाने पर प्लांट हेड बीसी साहू ने बताया कि आग लगी की सूचना प्राप्त हुई थी, इसके बाद हमने टीम को मौके पर भेजा था, इस घटना में प्लांट को कोई नुकसान नहीं हुआ है। आग कैसे लगी थी, इसकी जांच की जा रही है।

# टोरी ओवरब्रिज निर्माण समेत 14 सुत्री मांगों को लेकर माकपा का सत्याग्रह

## आरओबी की स्वीकृति मिले चार वर्ष, टेंडर सात बार, शिलान्यास हुए साढ़े तीन साल बीत जाने के बाद भी नही शुरू हुआ कार्य

■ पीएम, सीएम, रेल मंत्रालय व सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** टोरी रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम ने निजात को लेकर रेल ओवर ब्रिज निर्माण व टोरी जंक्शन पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण समेत 14 सूत्री मांगों को लेकर शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत टोरी रेलवे समपार फाटक के समीप माकपा के बैनरतले एकदिनी कफन सत्याग्रह आंदोलन किया गया। आंदोलन की अगुवाई माकपा नेता सह पंसस अयूब खान, रशीद मियां, कामता ग्राम प्रधान पचू गंझू, उमेश गंझू व सनिका मुंडा कर रहे थे। रेल प्रबंधन, केंद्र व राज्य सरकार व एनएचएआई के कार्यशैली के प्रति रोष प्रकट करते हुए अयुब खान ने कहा कि रेल ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर शीलान्यास हुए लगभग साढ़े 3 साल बीत जाने के बाद भी निर्माण काम शुरू नहीं होना कहीं ना कहीं केंद्र सरकार, राज्य सरकार, रेल मंत्रालय और एनएचएआई विभाग की लापरवाही को दशार्ती है। साढ़े तीन वर्ष के दौरान सात बार टेंडर की प्रक्रिया भी हुई, लेकिन उदासीनता ही कहे कि काम शुरू ही नहीं हो सका। टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर एनएच-22 (पुराना 99) रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर आवागमन करने वाले हजारों लोग व चंदवा प्रखंड की लगभग डेढ़ लाख की आबादी रोजाना जाम की समस्या से जूझ रही है। बता दें कि टोरी जक्शन पर 3 रेलवे रुट (बरकाकाना-बरवाडीह, टोरी-बिराटोली-शिवपुर व टोरी रांची भाया लोहरदगा) रेलखंड को जोड़ती है। ट्रेनों का आवागमन अधिक होने के कारण क्रॉसिंग मिनट दर मिनट बंद होती है, फाटक बंद होने की अवधि 15 मिनट लेकर आधे घंटे तो कभी कभी एक घंटे तक की होती है। जिस कारण लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है और आपातकालीन स्थिति में जान पर भी आफत बन आती है। फाटक खुलने के इंतजार में खड़े लोगो का एक ट्रेन के गुजरने का इन्तेजार खत्म नही होता है कि दुसरी ट्रेन आ जाती है, फिर तीसरी ट्रेन और चौथा ट्रेन पास करने के बाद फाटक खुलती है, इस बीच स्कूली कॉलेज के बच्चे, अस्पताल, ब्लॉक, सरकारी दफ्तर जाने वाले लोग, पटना, चतरा, हजारीबाग, छत्तीसगढ़, रांची, गुमला, लोहरदगा आदि दुरदराज से चार पहिया वाहन, एम्बुलेंस में आने जाने वाले लोग जाम में फंसे रहते हैं, जाम में फंसकर अबतक कई मरीजों की मौत हो चुकी है। वहीं रसीद मियां ने कहा कि फाटक खुलने के दौरान इसे पार करने की होड़ मच जाती है, रेलवे फाटक पार करते समय बड़े वाहन के चपेट में आने से कई लोग चोटिल हो चुके हैं। सुरेंद्र सिंह ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद फुट ब्रिज का कार्य शुरू हुआ जो करीब नौ माह काम होने के बाद बंद हों गया, बालूमाथ रेलवे लाईन पर पैसेंजर ट्रेन नहीं चलने से इस रेल रूट पर आमजन को कोई लाभ नहीं हुआ बल्कि इसका फायदा सिर्फ कोयला कंपनियों और ठिकेदारों का हो रहा है, करोड़ों रुपए का राजस्व देने वाला रेलवे जंक्शन है जहां जाने आने के लिए न फुट ब्रिज है न ही फ्लाई ओवरब्रिज है।


कफन सत्याग्रह में मौजूद लोग।

#### पीएम, सीएम, रेल मंत्रालय व सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

लगभग 6 घंटे तक कफन सत्याग्रह आंदोलन में रहने के बाद आंदोलनरत माकपा नेताओं ने प्रधानमंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, रेल मंत्रालय व पद परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्री के पद नाम सीओ जय शंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद और स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार को 14 सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। मांग पत्र में टोरी-चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने, आरओबी के लिए अधिग्रहण की गई भुमि का मुआवजा राशि का भुगतान रैयतों को जल्द करने, स्टेशन के पश्चिम में दो माह से बंद पड़े फुट ओवरब्रिज का कार्य शुरू करने, टोरी में अंडरब्रिज पास का निर्माण करने, स्टेशन के पुरब, टोरी-महुआमिलान के बीच रेलवे लाईन पोल संख्या 182/29 व 182/28 के समीप, भंडारगढ़ा से परसाही निकलने वाले 100 साल के पुराने रास्ता पर अंडरब्रिज पास का निर्माण करने, बालूमाथ रेलवे लाइन में पैसेंजर ट्रेन चलाने समेत अन्य मांगे शामिल है। कफन सत्याग्रह में दिलीप पांडे, रवि शंकर गंझु, कमल गंझु, बैजनाथ ठाकुर, परवेज खान, शोभन उरांव, अरूण उरांव, सुरेंद्र भोगता, मनु उरांव, रमजान साह चिस्ती, संजय कुमार राम, महाबीर राम, शुभम कुमार, देव कुमार उरांव, मुना गंझु, विजय सिह, सुधन गंझु, गुड्डू गंझु, त्रिभुवन भोगता, गोपी गंझु, राजु कुमार साव, सतोष जयसवाल, आशा देवी, मानती देवी, कशीरन बीवी, सुगीया देवी, फुलकुमारी देवी, रानो देवी, मीना देवी, अजमेरुण बीवी, सखिया देवी, लालो देवी, सरीता देवी, मुकतिला देवी, रुपमनी देवी, बसती देवी, ममता देवी, मंजु देवी, सुनीता देवी, प्रमीला देवी, सालो देवी समेत अन्य शामिल थे।

### ठंड से कांप रहे गरीबों को भाजपा नेताओं ने ओढ़ाया कंबल

**बरवाडीह।** नव वर्ष में पड़ रही कड़ाके की ठंड से किसी गरीब की जान न जाए, इसके लिए चतरा सांसद कालीचरण सिंह के सौजन्य से ग्रामीण क्षेत्रों में कम्बल का वितरण किया जा रहा हैं। शनिवार को बरवाडीह मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के निर्देश पर भाजपा नेता कन्हाई प्रसाद और अन्य कार्यकताओं ने जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। उधर छिपादोहर मण्डल अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता ने मण्डल अंतर्गत गाड़ी ग्राम में कम्बल का वितरण किया। राजेश प्रसाद ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब व आम आदमी की पीड़ा को समझ कर गरीब लोगों में इस कड़ाके की ठंड में कंबल वितरण का कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। वहीं हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि सांसद कालीचरण सिंह गरीबों के कल्याण और विकास के लिए लगातार काम कर रहें है।

## जिला स्तरीय रबी कार्यशाला सह शून्य बजट प्राकृतिक खेती का आयोजन

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिला कृषि कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय रबी सह शून्य बजट प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपस्थित जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी एवं जिला परिषद सदस्य उत्तम दास द्वारा संयुक्त रूप से कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्षा ने अधिक से अधिक किसानों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की बात कहीं।

# किसान बिचौलियों के चंगुल में न फंसे, धान सीधे पैक्स में दे : मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत बगदा मुरहुलसुदी व मधुकरपुर पैक्स धान अधिप्राप्ति क्रय केन्द्र का उद्घाटन सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने किया।

इस दौरान मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने पिरगुल गांव में दर्जनों बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि किसानों को बिचौलियों के बहकावे में आकर अपनी धान फसल की बिक्री औने- पौने दामों में करने की बजाय सीधे पैक्स में करनी चाहिए ताकि उन्हें उनकी फसल की वाजिब सरकारी कीमत मिल सके। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी शालिनी खलखो प्रमुख नियोति दे 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम बीडीओ नम्रता जोशी सीओ प्रवीण कुमार प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राणा रमेश कुमार सिंह विमल जायसवाल मुखिया राजेन्द्र महतो गीता देवी सरिता देवी पंसस विनोद महतो प्रिया देवी हेमंती देवी मुरहुलसुदी पैक्स अध्यक्ष मोहन राम महतो प्रबंधक अवध किशोर महतो बगदा पैक्स अध्यक्ष छत्रु महतो पैक्स प्रबंधक फफूल महतो मधुकरपुर पैक्स अध्यक्ष गणेश नायक प्रबंधक समरेश कपरदार ईश्वर रजक सुभाष चंद्र ठाकुर सुरेन्द्र नाथ महतो धनंजय स्वर्णकार रमेश महतो संजय महतो अनूप पाण्डेय भगवत महतो रमेश वर्मा कुलदीप करमाली भरत किशोर साव लालदेव महतो चन्द्रमोहन महतो हरजीवन महतो राकेश साव राजेश टुडू संजय प्रजापति राजेश टुडू मिथिलेश तिवारी देवेन्द्र महतो उमाशंकर दशरथ टुडू हरजीवन महतो शास्त्री मुर्मू श्रीकांत सोरेन समेत दर्जनों किसान तथा गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### बोकारो जिले के कई क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों के खिलाफ

# एनआईए की छापेमारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जिले के गोमिया के विभिन्न स्थानों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए की आठ टीमों ने सुबह छह बजे से नक्सल प्रभावित गोमिया के विभिन्न इलाकों में लगभग तीन से चार घण्टे तक छापेमारी की। यह छापेमारी झुमरा पहाड़ और उसके आसपास के गांव चतरो चट्टी, रजडेरबा, लोधी, चेयाटांड, कुरकुटिया, धमधरवा, तूईयो और हरयीदमो में हुई। बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने पुष्टि की है कि एनआईए को नक्सलियों और उनके नेटवर्क से जुड़ी अहम जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

छापेमारी के दौरान टीम कई दस्तावेजों को साथ लेकर गई है, जो नक्सली संगठन की गतिविधियों और उनके संबंधों को उजागर करने में मदद कर सकते हैं। एनआईए की यह कार्रवाई झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ नए साल की सबसे बड़ी जांच मानी जा रही है। टीम का मुख्य उद्देश्य नक्सलियों के नेटवर्क को ध्वस्त करना और उनके आर्थिक व संगठनात्मक आधार को कमजोर करना है। छापेमारी से जुड़े इलाके लंबे समय से नक्सली प्रभाव में रहे हैं, जिससे यह जांच और भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। एनआईए की इस कार्रवाई के बाद सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय पुलिस ने भी सक्रियता बढ़ा दी है।

## विभिन्न क्षेत्रों में एनआईए की बड़ी कार्यवाही

बेरमो। झारखंड के बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया के विभिन्न स्थानों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है.शनिवार की सुबह लगभग छह बजे एनआईए की आठ टीमें नक्सल प्रभावित गोमिया के विभिन्न इलाकों में लगभग तीन से चार घण्टे तक छापेमारी की हैं. यह छापेमारी झुमरा पहाड़ और उसके आसपास के गांव चतरो चट्टी, रजडेरबा, लोधी, चेयाटांड, कुरकुटिया, धमधरवा,तूईयो और हरयीदमो में ये कार्रवाई की है. वहीं आपको बता दें कि यह इलाका कभी नक्सली गतिविधियों के लिए विख्यात रहा है। बोकारो पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने पुष्टि की है कि एनआईए को नक्सलियों और उनके नेटवर्क से जुड़ी अहम जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। छापेमारी के दौरान टीम के द्वारा कई दस्तावेज साथ लेकर गई है, जो नक्सली संगठन की गतिविधियों और उनके संबंधों को उजागर करने में मदद कर सकते हैं। एनआईए की यह कार्रवाई झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ नए साल की सबसे बड़ी जांच मानी जा रही है। टीम का मुख्य उद्देश्य नक्सलियों के नेटवर्क को ध्वस्त करना और उनके आर्थिक व संगठनात्मक आधार को कमजोर करना है। छापेमारी से जुड़े इलाके लंबे समय से नक्सली प्रभाव में रहे हैं, जिससे यह जांच और भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। एनआईए की इस कार्रवाई के बाद सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय पुलिस ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ यह अभियान राज्य में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और नक्सली गतिविधियों पर काबू पाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने में लाएं तेजी : डीडीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद ने डीएमएफटी के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। मौके पर प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी राज शर्मा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा सुमन गुप्ता सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह डीएमएफटी के पीएमयू टीम के सदस्य संबंधित तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे। डीडीसी ने भवन प्रमंडल द्वारा डीएमएफटी के तहत जिले में निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अपूर्ण केंद्रों को जल्द पूर्ण करने एवं पूर्ण केंद्रों को जिला समाज कल्याण विभाग को हस्तांतरित करने को कहा। उन्होंने संबंधित एजेंसी के कार्यपालक अभियंता को प्रतिवेदन जिला को समर्पित करते हुए उपलब्ध आवंटन की राशि को विभाग को समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं की लक्ष्य अनुरूप कार्य में तेजी लाने को कहा। उप विकास आयुक्त ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल ग्रामीण कार्य मामले- कार्य प्रमंडल पथ प्रमंडल,भवन प्रमंडल लघु सिंचाई प्रमंडल एनआरईपी पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास/तेनुघाट बांध प्रमंडल द्वारा डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति का क्रमवार समीक्षा कर पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

## अधिकारियों ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**बोकारो।** परिवहन विभाग द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा माह के तहत समाहरणालय परिसर से डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी डीटीओ वंदना शेजवलकर डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता ट्रैफिक डीएसपी विद्यासागर ने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए एलईडी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डीडीसी ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा के आयामों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने आमजनों से अपील किया कि वह मोटर साइकिल का परिचालन हेलमेट पहनकर निर्धारित गति सीमा में करें चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने परिवहन विभाग को अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर सड़कों पर चलने वाले वाहन चालकों/आम राहगीरों को भी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने ट्रैफिक पुलिस शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सीसीएल जीएम इएंडएम ने किया ढोरी क्षेत्र का दौरा

**बेरमो।** सीसीएल इएंडएम जीएम आरपी सिंह ने ढोरी प्रक्षेत्र के परियोजनाओं का दौरा कर इलेक्ट्रीकल विभाग में हो रहे परेशानियों की विस्तृत जानकारी ली। दौरे में शामिल विभागीय प्रक्षेत्र के स्टाफ आफिसर गौतम मोहंती सहित कई अधिकारी थे। अधिकारियों ने बताया कि जीएम श्री सिंह मुख्य रूप से ढोरी प्रक्षेत्र में सीटीपीएस से आने वाले 33 केवी बिजली के लिए बनने वाले सब स्टेशन का जगह का मुआयना करने आये थे। बताया कि अबतक बीटीपीएस बीएंडके प्रक्षेत्र में 33 केवी बिजली आता था। जहां से ढोरी प्रक्षेत्र भी उपयोग करता आ रहा है। कहा कि इसके लिए ढोरी में बने बिजली घर और आसपास की जगह सुरक्षित है। जहां से ढोरी फिडर ब्रेकर सहित अन्य जगहों पर बिजली आसानी से पहुंचाया जा सकेगा। साथ ही जीएम श्री सिंह एएडीओसीएम चालू होने वाले हाइवाल माइनिंग के जगहों का भी निरीक्षण किया। जहां मशीनों में बिजली किस तरह पहुंचाया जा सके। जीएम श्री सिंह एसडीओसीएम सहित भंडारीदह तक निरीक्षण किया।

### युवा व्यवसायी संघ ने फुसरो बाजार के लिए रखवाया दो रात्रि प्रहरी

**बेरमो।** युवा व्यवसायी संघ फुसरो ने फुसरो बाजार में दुकानों के देखभाल और हो रहे चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर दो रात्रि प्रहरी को रखवाया. प्रहरी बल बहादुर और बिनोद थापा को संघ के अध्यक्ष बैभव चौरसिया, सचिव बैजू मालाकार, संरक्षक संतोष भगत, समाजसेवी भोला दिगार ने शुक्रवार को बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह से मुलाकात करवाते हुए इनके संबंध में पूरी जानकारी उपलब्ध करवाया. दोनों प्रहरी रात्रि में राम रतन हाई स्कूल ढोरी के समीप से पूरा फुसरो बाजार, नया रोड, शास्त्री नगर, पटेलनगर आदि जगहों पर घुस–घुम कर दुकानों पर निगरानी रखेंगे। यदि किसी प्रकार के घटना होने के संदेह व होने पर बेरमो थाना को सूचना करेंगे।

### रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों की दुकानों पर चलेगा बुलडोजर

**बेरमो।** रेलवे विभाग की ओर से शनिवार को फुसरों स्टेशन से लेकर बेरमो स्टेशन तक रेलवे की जमीन पर रह रहे लोग अतिक्रमण करने वाले सैकड़ो लोगों को नोटिस दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे के जमीन में जिन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है जल्द ही दंडाधिकारी नियुक्त कर अतिक्रमण हटाने का काम प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिसकी सूचना बेरमो अंचल अधिकारी को भी दे दी गई है। जारी रहेगा नोटिस देने का अभियान यहां रेलवे के अधिकारियों ने घर घर एवं दुकान जा कर नोटिस दिया। नोटिस में साफ लिखा हुआ है 7 दिन का दिया गया समय खाली करने का जिससे पूरे फुसरो बाजार में हड़कंप मच गया फुसरो बाजार में जल्द ही रेलवे की जमीन पर अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध जल्द बुलडोजर चलेगा।

### चांदो प्रखंड निर्माण समिति की 5 जनवरी को आहूत सभा स्थगित

**बेरमो।** चांदो प्रखंड निर्माण समिति के अध्यक्ष काशीनाथ केवट ने आज प्रेस बयान जारी कर 5 जनवरी को चांदो में होनेवाली समिति की सभा को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया है। उन्होंने कहा कि बेरमो कोयलांचल में विस्थापितों के आंदोलन के मद्देनजर और सभा के आयोजक मंडली के एक नेता कुलदीप सिंह के मेडिका में इलाजरत रहने के कारण सभा को स्थगित किया गया है. कहा कि बारह पंचायतों को मिलाकर चांदो प्रखंड के सृजन की मांग वर्षों से की जा रही है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नें अपने पिछले कार्यकाल में 17 मार्च 2021 को विधानसभा पटल पर नए प्रखंडों के सृजन की बातें कही थी।

### गोमिया का सबसे सुंदर पिकनिक स्पाट पर पत्थर माफियाओं का कब्जा


**बेरमो /गोमिया।** गोमिया विधानसभा क्षेत्र एवं इसके आसपास का सबसे खूबसूरत पिकनिक स्पाट कोनार नदी तट जो आज पुरी तरह पत्थर माफियाओं के कब्जे मे नजर आ रहा है। स्थानीय लोग बताते हैं यह नदी का पानी कोनार डैम से निकल पर्वत पत्थरों से टकराते हुए न जाने कितने प्रकार के पेड़ पौधों एवं जड़ी बूटियों को छूते हुए यह नदी का पानी आता है। जिस कारण यह पानी काफी लाभदायक माना जाता है। लोग बताते हैं कि यह नदी का पानी गैस से संबंधित बीमारियों के लिए भी औषधि का काम करता है। वही नव वर्ष का महीना जैसे ही आता है यहां लोगो के लिए यह स्थान सबसे बड़ा पिकनिक स्पॉट का सबसे सुंदर केंद्र बन जाता है। लोग इस नदी में जमकर मजा भी लेते हैं और सुखद शांति का अनुभव भी प्राप्त करते हैं।

### आरसीएमयू का प्रतिनिधिमंडल सीसीएल सीएमडी से मिला

**बेरमो।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल रांची मुख्यालय स्थित सीएमडी के कार्यालय कक्ष में मिलकर नव वर्ष की शुभकामना दी। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल को सीसीएल सीएमडी ने विश्वास दिलाया कि मेरी प्राथमिकता श्रमिकों का वेलफेयर और उत्पादन की प्राथमिकता है। हर क्षेत्र को सशक्त एवं मजबूत बनाया जाएगा। लगातार उत्पादन में वृद्धि हो इसके लिए अधिकारी और कर्मचारियों को अपने सूझबूझ का परिचय देना होगा। बहुत जल्द कथारा क्षेत्र में नई वाशरी का निर्माण शुरू होगा। प्रतिनिधि मंडल में शामिल यूनियन के सीसीएल रीजन के उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने क्षेत्र की समस्याओं के ऊपर सीएमडी का ध्यान आकृष्ट करवाया जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र में डॉक्टर की कमी लंबे समय से निमार्णाधीन कथारा स्टेडियम के निर्माण को पूरा करने मजदूरों के वेलफेयर के कार्य को लेकर सिविल इंजीनियर और ओवरसीज की कमी को दूर करने लंबे समय से लंबित पड़े मृत श्रमिक एवं अवकाश प्राप्त श्रमिक को 2% पेंशन मद की राशि शुद्ध सहित की वापस किए जाने बर्खास्त श्रमिकों को पुन बहाल किए जाने सुनहरे कल के आलोक में लिए गए निर्णय के तहत क्षेत्र में शव वाहन की व्यवस्था किए जाने आदि समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।

# साहिबगंज में गोली मारकर युवक की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** साहिबगंज में शनिवार को जीरवा बाड़ी थाना क्षेत्र के पशुपालन कार्यालय के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक की पहचान नवल कुमार उर्फ बड़कू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नवल को किसी का फोन आया था। इसके बाद वह घर से निकला था। इसी दौरान किसी ने पीछे से उसकी पीठ पर गोली चलाई। गोली शरीर को छेदते हुए आर-पार हो गई। युवक को अस्पताल जे जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक नवल कुमार गुल्ली भट्ठा के पांच मोड़वा के पास रहता था। इस घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। नवल के परिजनों ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। नवल ने बताया कि थोड़ी देर में आ रहा हूं। इसके बाद वह पैदल ही घर से निकला, जिसके बाद उसके पीठ पर गोली चलाई गई। परिजनों ने फिलहाल किसी पर शक जाहिर नहीं किया है। नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता और जीरवा बाड़ी थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे वारदात की छानबीन कर रहे हैं।

## चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर करें अलाव की व्यवस्था : उपायुक्त

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव ने नगर निगम चास नगर परिषद फुसरो क्षेत्र के सभी वार्डों एवं सभी अंचलों के प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है ताकि बढ़ती ठंड एवं शीतलहरी से लोगों को राहत मिल सके। जिले में बढ़ती ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए उपायुक्त ने वीडियो संवाद के माध्यम से नगर निगम चास के अपर नगर आयुक्त नगर परिषद फुसरो के कार्यपालक पदाधिकारी एवं सभी अंचलों के अंचलाधिकारी को उनके संबंधित क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करने को लेकर निर्देश दिया है। उन्होंने बीडीओ/सीओ को क्षेत्र भ्रमण के दौरान वाहनों में कंबल रखने और जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण को कहा। साथ ही प्रखंड व शहर स्थित रैन बसेरों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था को दुरुस्त करने को कहा है। वहीं उपायुक्त ने आमजनों से अपील किया है कि वह ठंड में बच कर रहें।

# चास में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो जिला के बिरसा नर्सिंग कॉलेज चास में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार के द्वारा की गई। सेमिनार में जिला परामर्शी मो असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने बच्चों को बताया कि तम्बाकू में पाया जाने वाला नशीला पदार्थ निकोटीन से बच्चों में चिंता नींद न आना चिड़चिड़ापन एवं अवसाद जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। जिला परामर्शी ने बच्चों को बताया कि यदि कोई तम्बाकू के लत को छोड़ना चाहता है और कई बार प्रयास करने पर भी नहीं छोड़ पाता है तो उसे तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र सदर अस्पताल भेजें ताकि उन्हें तम्बाकू छुड़ाने में मदद की जा सके। स्कूल के प्राचार्य ने सभी बच्चों को बताया कि तम्बाकू का मतलब बीमारियों का भण्डार चाहे आप इसे धुएं के शक्ल में लें या चबाकर खाये। एक जिम्मेदार नागरिक के नाते अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभाव से अवगत कराये। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार जिला परामर्शी मो असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम आरती कुमारी मिश्रा जिला कार्यक्रम सहायक सोशल वर्कर छोटेलाल दास विद्यालय के शिक्षक स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

# विस्थापितों के वाजिब हक मिलेगा : विधायक

### करगली में सीसीएल बीएंडके प्रबंधन ने कारो और बरवाबेड़ा विस्थापितो के साथ किया बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो।** कोल इंडिया की मेगा प्रोजेक्ट मे शामिल सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के एकेकेओसीपी और कारो माइंस विस्तार को लेकर बरवाबेड़ा और कारो बस्ती को शिफ्ट को लेकर प्रबंधन रेस हो गया है। शनिवार को कल्याण मंडप करगली मे कारो और एकेकेओसीपी परियोजना से प्रभावित रैयतो, ग्रामीणो और विस्थापितो के साथ बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, एसडीओ मुकेश मछुआ,बीएंडके जीएम चित्तरंजन कुमार, सीसीएल एडवाइजर राम कुमार सिंहा और उदय प्रताप की उपस्थिति में नौकरी, पुनर्वास और मुआवजा को लेकर सौहार्दपूर्ण वातावरण मे बैठक हुई। इसमें बेरमो प्रशासन, सीसीएल के प्रबंधक एवं स्थानीय ग्रामीण व विस्थापित नेता मौजूद थे। यहां बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने सीसीएल के प्रबंधकों से कहा कि नौकरी एवं पुनर्वास से संबंधित जितने भी मामले हैं उसका आवेदन बेरमो एसडीओ और सीओ को दे ताकि आगे की कार्रवाई हो सके। विघायक ने कारो और बरुवाबेड़ा बस्ती आदि की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सीसीएल प्रबंधन को विस्थापितों को प्रावधान के अनुसार पुनर्वासित करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण विस्थापितों के वाजिब हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहा हूं। कोल इंडिया मानवता के आधार पर भी काम करे। बेरमो एसडीओ मुकेश ने कहा कि किसी विस्थापित का हक नहीं मरने दिया जाएगा, जो नियम संगत होगा, उसे सीसीएल प्रबंधन को पूरा करना पड़ेगा। कहा कि जमीन संबंधी मामले का कागजात सीसीएल प्रबंधन के साथ ही हमें भी दें, ताकि हक मिलने में आसानी हो. उन्होंने कहा कि रैयती और गैर मजरुआ जमीन का सत्यापन नियमानुसार किया जाएगा। सीओ संजीत कुमार ने कहा कि कारो बस्ती मे 29 जनवरी को ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। रांची मुख्यालय से आये मैनेजर अंकित कुमार मित्रा व एस चौघरी,पीओ के एस गैवाल व सुघीर कुमार सिंहा, एसओ पीएंडपी एसके झा, भू राजस्व पदाघिकारी बी के ठाकुर, एसओपी विनय रंजन टुडु, मैनेजर सुमेघा नंदन, कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह,नोडल आफिसर दीपक कुमार सहित विस्थापित की ओर से विकास सिंह, प्रताप सिंह, दशरथ महतो, रंजीत महतो, परशुराम सिंह, मेघनाथ सिंह,जीबू विश्वकर्मा, संजय भोक्ता, तुलसी गंझू सहित सैकड़ो की संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

## दामोदर नदी तट पर वनभोज का आयोजन

**बेरमो /कथारा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कथारा रेलवे कॉलोनी के समीप दामोदर नदी तट पर पत्रकार एकता मंच द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संगठन द्वारा एक अहम बैठक आयोजित थी जिसमे पुराने कमेटी को भंग कर नये कमेटी की गठन के साथ साथ कई नये सदस्यों को संगठन मे शामिल किया गया। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने को लेकर गहन मंथन किया गया। इस बैठक में सर्व सम्मति से नये पदाधिकारियों का चुनाव किया गया जिसमें अध्यक्ष एसपी सकशेना सचिव मो साबिर अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रशेखर कुमार, जगदीश भारती, अनील वर्णवाल, साजेश गुप्ता, अविनाश कुमार, विकास कुमार, धिरज वर्णवाल को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौपी गई।

## पेज एक का शेष

### एनआइए ने एक...

**8 टीमें लगीं थी छापामारी में :** एनआइए की आठ टीमों ने सुबह छह बजे से नक्सल प्रभावित गोमिया के विभिन्न इलाकों में लगभग तीन से चार घंटे तक छापेमारी की। यह छापेमारी झुमरा पहाड़ और उसके आसपास के गांव चतरो चट्टी, रजडेरबा, लोधी, चेयाटांड, कुरकुटिया, धमधरवा,तूईयो और हरयीदमो में हुई। बोकारो के एसपी मनोज स्वर्गियारी ने पुष्टि की है कि एनआईए को नक्सलियों और उनके नेटवर्क से जुड़ी अहम जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। छापेमारी के दौरान टीम कई दस्तावेजों को साथ लेकर गयी जो नक्सली संगठन की गतिविधियों और उनके संबंधों को उजागर करने में मदद कर सकते हैं। एनआईए की यह कार्रवाई झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ नये साल की सबसे बड़ी जांच मानी जा रही है। टीम का मुख्य उद्देश्य नक्सलियों के नेटवर्क को ध्वस्त करना और उनके आर्थिक व संगठनात्मक आधार को कमजोर करना है। जांच टीम ने कई घरों की सघन तलाशी ली। जानकारी के अनुसार, एनआइए नक्सलियों के टेरर फंडिंग नेटवर्क की जांच कर रही है। एजेंसी ने इसके पहले झारखंड के कई अन्य इलाकों में नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# महाकुंभ में चप्पे-चप्पे होगी सुरक्षा, एंटी ड्रोन सिस्टम 10 से करेंगे काम

## थल, जल व नभ में सुरक्षा का तैयार है चक्रव्यूह : डीजीपी

एजेंसी

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला की सुरक्षा में पहली बार तैनात किए गए एंटी ड्रोन सिस्टम दस जनवरी से काम करना शुरू कर देगा। चार अलग-अलग एंटी ड्रोन सिस्टम मेला संपंन होने तक 24 घंटे एक्टिव रहेंगे। महाकुंभ मेला को लेकर मिल रहीं धमकियों से निपटने के लिए यह एंटी ड्रोन सिस्टम मेला क्षेत्र में अभेद्य किला के रूप में काम करेंगे। बिना अनुमति आसमान में किसी भी ड्रोन को यह मड़राने नहीं देगा। पलभर में ही उसे निष्क्रिय कर देगा। शनिवार को महाकुंभ मेला क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने पत्रकारों से यह बातें कहीं। इसके पहले डीजीपी प्रशांत कुमार वीआईपी घाट, संगम क्षेत्र, पुलिस लाइन और मेला परिसर के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा



इंतजामों को परखा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्कता और तत्परता बनाए रखें। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पुलिस लाइन का दौरा करते हुए डीजीपी ने पुलिसकर्मियों की तैयारियों और ड्यूटी के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने जवानों को निर्देश दिया कि वे मेला क्षेत्र में अपनी ड्यूटी के दौरान संवेदनशील रहें और श्रद्धालुओं के प्रति शालीन व्यवहार करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए। श्रद्धालुओं और संतों की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। थल, जल व नभ में सुरक्षा का चक्रव्यूह तैयार किया गया है। मेला क्षेत्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं।



बिजली की रोशनी से जगमग हुआ प्रयागराज मेला क्षेत्र

## स्पीड न्यूज

### माइक जॉनसन फिर अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर बने

**वाशिंगटन।** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन से रिपब्लिकन पार्टी के नेता और सांसद माइक जॉनसन को शुक्रवार को दोबारा अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा का स्पीकर चुना गया। उन्होंने तीन मतों के मामूली अंतर से जीत दर्ज की। रिपब्लिकन पार्टी के पास सदन में 219, डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 215 सीट हैं। लुइसियाना के चौथे कांग्रेशनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले 52 वर्षीय जॉनसन को 218 और डेमोक्रेटिक पार्टी के हकीम जेफ्रीज को 215 वोट मिले। ट्रंप ने जॉनसन को दोबारा स्पीकर चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अभूतपूर्व विश्वासमत हासिल करने के लिए माइक जॉनसन को बधाई।

### कंगना ने की पीतांबरा देवी की पूजा-अर्चना

**दतिया।** मध्यप्रदेश के दतिया स्थित माँ पीतांबरा शक्ति पीठ में शनिवार को फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने मां पीतांबरा देवी की पूजा अर्चना की।रनौत ने शक्तिपीठ माँ पीतांबरा पीठ में दर्शन किए और पूजा अर्चना की साथ ही महाभारत कालीन वनखंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। सुबह के समय कंगना माँ पीतांबरा पीठ मंदिर पहुँचीं पारंपरिक परिधान में सजी कंगना ने पूरे भक्ति भाव के साथ पुजारियों के साथ पूजा अर्चना की।

### पाकिस्तान के कुर्रम में फायरिंग, उपायुक्त घायल

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के सर्वाधिक अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले के बागान इलाके में संघर्ष विराम के दौरान शनिवार को हुई गोलीबारी में घायल उपायुक्त महसूद की हालत स्थिर है। खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने उन्हें कुर्रम के अलीजई अस्पताल से थाल कंबाइंड आर्मी अस्पताल भेजा है। महसूद की कुर्रम जिले में दो कबायली समूहों के बीच छिड़े संघर्ष को खत्म कराने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

### बिहार-बंगाल का कुख्यात सुशील मोची मुठभेड़ में ढेर

**पटना।** बिहार में पूर्णिया जिले के ताराबाड़ी के समीप पुलिस मुठभेड़ में दो लाख के इनामी डकैत सुशील मोची को मार गिराया गया। पूर्णिया रेंज के डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल ने इसकी पुष्टि की है। डीआईजी मंडल ने बताया कि पूर्णिया में बायसी के ताराबाड़ी के समीप पुलिस ने सुशील मोची को एनकाउंटर में मार गिराया। मारे गए डकैत सुशील मोची की तलाश बिहार पुलिस के साथ-साथ बंगाल पुलिस को भी थी। उस पर दो लाख रुपये का इनाम रखा गया था। बिहार के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ हत्या, लूट, डकैती के केस दर्ज थे।

### तमिलनाडु : पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, छह की मौत

**विरुधुनगर ।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के चतुर इलाके में शनिवार को एक निजी पटाखा फैक्टरी में हुए जबरदस्त विस्फोट में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से वहां पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है।

### पटना बेउर के जेल अधीक्षक के ठिकानों पर इओयू का छापा

**पटना।** पटना स्थित बेउर जेल अधीक्षक विधु कुमार के कई ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने छापेमारी की है। आरोप है कि उन्होंने आय से 146 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की है। जेल अधीक्षक से जुड़ी संपत्तियों को लेकर ईओयू की टीम को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। विधु कुमार के पटना स्थित सरकारी आवास के अलावा उनके पैतृक गांव स्थित आवास पर भी आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने छापा मारा है। बेऊर जेल अधीक्षक बनने से पहले विधु कुमार पूर्णिया, मधुबनी और कटिहार जेल में भी अधीक्षक के पद पर रह चुके है।

# विकसित भारत का संकल्प समृद्ध गांव से होगा पूरा

### प्रधानमंत्री ने किया ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन, कहा- हर पल ग्रामीणों की सेवा लगा हूं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। उन्होंने कारीगरों से भी बातचीत की। मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से ही मैं लगातार, हर पल ग्रामीण भारत की सेवा में लगा हूं। गांव के लोगों को गरिमापूर्ण जीवन देना मेरी सरकार की प्राथमिकता है। हमारा विजन है, भारत के गांव के लोग सशक्त बनें, उन्हें गांव में ही आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले, उन्हें पलायन न करना पड़े, गांव के लोगों का जीवन आसान हो, इसलिए हमने गांव-गांव में मूलभूत सुविधाओं की गारंटी का अभियान चलाया। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व सरकारों पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले की सरकारों ने एससी-एसटी-ओबीसी की आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया। गांव से पलायन होता रहा, गरीबी बढ़ती रही, गांव और शहर के बीच की खाई बढ़ती रही। जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है। जो इलाके दशकों से



विकास से वंचित थे, अब उन्हें बराबरी का हक मिल रहा है। उन्होंने कि मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मेरा बचपन एक छोटे से शहर में बीता, जिससे मुझे ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों का प्रत्यक्ष अनुभव मिला। साथ ही इससे मुझे गांवों में छिपी अपार संभावनाओं को समझने में भी मदद मिली।

अपनी कड़ी मेहनत के बावजूद, ग्रामीण अक्सर सीमित संसाधनों के कारण अवसरों तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने डीएपी का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया में डीएपी का दाम बढ़ रहा है, आसमान छू रहा है, लेकिन हमने निर्णय किया कि हम किसान के सिर पर बोझ नहीं आने देंगे और सब्सिडी बढ़ाकर डीएपी का दाम स्थिर रखा है। हमारी सरकार की नीयत, नीति और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा से भर रहे हैं। गांव के हर वर्ग के लिए विशेष नीतियां बनाई हैं। दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने पीएम

- जाति के नाम पर जहर फैलाने की साजिश को विफल करें : नरेंद्र मोदी

फसल बीमा योजना को एक वर्ष अधिक तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट आई है, जिसके अनुसार 2012 में भारत में ग्रामीण गरीबी करीब 26 प्रतिशत थी। जबकि 2024 में भारत में ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हो गई है।

प्रधानमंत्री ने कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। मोदी ने गांव की पहचान में सद्भाव और प्रेम होता है लेकिन कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, मोदी ने इन साजिशों को विफल करने और गांव की साझा संस्कृति को संरक्षित करने का आग्रह किया। ाोदी ने आग्रह किया कि पूरे गांव को सामूहिक रूप से अपने गांव में बने अमृत सरोवर की देखभाल करनी चाहिए।

### हश मनी केस में ट्रंप की सजा पर फैसला 10 को

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हश मनी केस में 10 जनवरी को अदालत के समक्ष पेश होना होगा। जस्टिस जुआन एम. मर्चन ने इस केस में सजा पर फैसला सुनाने के लिए यही तारीख मुकर्रर की है। अदालत ने शुक्रवार को एक पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए रकम देने के आरोप में ट्रंप को दोषी ठहराया । जस्टिस जुआन एम. मर्चन ने संकेत दिया कि वह ट्रंप को बिना शर्त बरी करने के पक्ष में हैं। उन्होंने सजा की तारीख तय करते हुए ट्रंप को व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअली उपस्थित होने का आदेश दिया। सनद रहे, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप 20 जनवरी को शपथ ग्रहण करेंगे। विधि विशेषज्ञों का मानना है कि उन्हें सजा मिलेगी इसकी संभावना नहीं है। ट्रंप की 10 जनवरी की पेशी अमेरिका के इतिहास में अलग तरह का परिदृश्य रखेगी। ट्रंप से पहले किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी मामले में दोषी नहीं ठहराया गया है। उन्हें शर्मनाक अपराध में दोषी के तौर पर अदालत में पेश होना होगा। वह दोषी के तौर पर राष्ट्रपति पद को शोभायमान करने वाले पहले व्यक्ति होंगे। मैनहट्टन जूरी मई में उन्हें व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 मामलों में दोषी ठहरा चुकी है।



# परमाणु वैज्ञानिक चिदंबरम का निधन

- पोखरण परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाने वैज्ञानिक राजगोपाल ने मुंबई में ली अंतिम सांस
- मोदी ने जताया शोक, कहा चिदंबरम ने देश की वैज्ञानिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया

एजेंसी

**मुंबई।** पोखरण परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाने परमाणु वैज्ञानिक एवं केन्द्र सरकार के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार को मुंबई के जसलोक अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। डॉ. चिदंबरम ने जसलोक अस्पताल में तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ चिदंबरम के निधन से गहरा दुख व्यक्त किया है। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया कि डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन से बहुत दुख हुआ। वह भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख शिल्पियों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक और सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें पूरा देश कृतज्ञता के साथ याद करेगा और उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। डॉ. चिदंबरम का जन्म 11 नवंबर, 1936 को चेन्नई में हुआ था। उन्हें भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका के लिये जाना जाता है। उन्होंने 1975 में पोखरण-1 और 1998 में पोखरण-2 के परमाणु परीक्षणों में अहम भूमिका निभाई थी। डॉ. चिदंबरम ने केन्द्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक



सलाहकार (2001-2018), भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के निदेशक (1990-1993), परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष और भारत सरकार के सचिव, डीएई (1993-2000) समेत कई प्रतिष्ठित पदों पर अपनी सेवायें दीं। डॉ. चिदंबरम को 1975 और 1999 में पद्म श्री और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। पोखरण परमाणु परीक्षणों के मुख्य शिल्पियों ने 1974 में बॉम्बे से पोखरण तक प्लूटोनियम ले जाने वाले सैन्य ट्रक में यात्रा की थी।

# एनडीए के साथ हमेशा रहेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** प्रगति यात्रा के दौरान गोपालगंज में हुई समीक्षा बैठक में शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद से जुड़े सभी तरह के कयास पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा कि वह अब कहीं नहीं जा रहे, गलती से दो बार इधर से उधर (राजद के साथ) चले गए थे। अब हमलोग (एनडीए) हमेशा साथ रहेंगे। मुख्यमंत्री का यह वक्तव्य उस वक्त आया है जब दो दिन पहले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने यह कहा था कि महागठबंधन में नीतीश कुमार के लिए दरवाजा खुला हुआ है। इसके

### नीतीश ने राजनीतिक कयास पर लगाया विराम, कहा-गलती से दो बार इधर-उधर चले गये थे



बाद से राजनीतिक गलियारे में कई तरह की चर्चा आरंभ हो गयी थी। मुख्यमंत्री ने जिस समीक्षा बैठक में यह बात कही उसमें भाजपा के जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गन्ना किसानों के लिए राहत भरी घोषणा की। उन्होंने गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी करते हुए कहा कि किसानों की लगातार शिकायत मिल रही थी कि गन्ने का मूल्य लागत की तुलना में कम है। इसे बढ़ाया जाना चाहिए। इसलिए गन्ना उद्योग विभाग के अधिकारियों को आदेश दिया है कि इसी सीजन में मूल्य वृद्धि कर भुगतान कराएं। 10 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी इसी सीजन में पहले की गई थी। अब इसमें 10 रुपये और जोड़ दिया जाएगा।

# केजरीवाल ने 50 हजार गज में बनाया शीश महल : शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में कामकाजी महिला छात्रावास सुषमा भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने दिल्ली सरकार पर जमकर निशाना साधा। आरोप लगाया कि केजरीवाल को जब दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करने का मौका मिला, तब उन्होंने अपना भवन बनाने का काम किया। शाह ने कहा कि मेरे घर पर कुछ बच्चे मिलने आए थे तो मैंने उनसे पूछा कि केजरीवाल जी ने क्या किया? तो एक बच्चे ने कहा कि उन्होंने एक 45 करोड़ रुपये का शीशमहल खुद के लिए बनाया। राजनीति में आए तब कहते थे हम



सरकारी गाड़ी नहीं लेंगे, सरकारी बंगला नहीं लेंगे। आज 50 हजार गज में दिल्लीवासियों के 45 करोड़ रुपये से अपने लिए शीश महल बनाया। केजरीवाल को दिल्ली की जनता को हिसाब देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को जब दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम करने का मौका मिला, तब उन्होंने अपना भवन बनाने का काम किया।

# केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश, आतिशी को चुनौती देंगे बिधूड़ी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शनिवार को 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। महत्वपूर्ण नई दिल्ली विधान सभा सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा ने प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ रमेश बिधूड़ी को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा आप से बगावत कर के भाजपा में शामिल होने वाले कैलाश गहलोत को बिजवासन सीट से टिकट दिया गया है। 29 उम्मीदवारों की सूची में भाजपा ने आदर्श नगर सीट से राज कुमार

**दिल्ली का दंगल**

- विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 29 प्रत्याशियों की पहली सूची

भाटिया, बादली सीट से दीपक चौधरी, नई दिल्ली सीट से प्रवेश वर्मा, कालकाजी सीट से रमेश बिधूड़ी, बिजवासन सीट से कैलाश गहलोत, मालवीय नगर सीट से सतीश उपाध्याय, गांधीनगर सीट से अरविन्दर सिंह लवली, रोहिणी सीट से विजेंद्र गुप्ता, करोल बाग सीट से दुष्यंत गौतम, राजौरी गार्डन सीट से मनजिंदर सिंह सिरसा, जनकपुरी सीट से आशीष सूद को टिकट दिया है। इसके अलावा





रिठाला से कुलवंत राणा, नांगलोई जाट से मनोज शौकीन, मंगोलपुरी (अजा) से राजकुमार चौहान, शालीमार बाग से रेखा गुप्ता, मॉडल टाउन से अशोक गोयल, पटेल नगर से राजकुमार आनंद, जंगपुरा से सरदार तरविंदर सिंह मारवाह, आरके पुरम से अनिल शर्मा, महरौली से गजेंद्र यादव, छतरपुर से करतार सिंह तंवर, अंबेडकर नगर से खुशीराम चुनार, बदरपुर से नारायण दत्त शर्मा, पटपड़गंज सीट से रवींद्र सिंह नेगी, विश्वास नगर से ओम प्रकाश शर्मा, कृष्णा नगर से अनिल गोयल, सीमापुरी (अजा) से कुमारी रिंकू, रोहतास नगर से जितेंद्र महाजन और घोंडा से अजय महावर को टिकट मिला है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधान सभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार पहले ही घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने भी 43 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की दी है। हालांकि, दिल्ली विधान सभा चुनाव की घोषणा अभी तक नहीं की गई है।

**OXFORD PUBLIC SCHOOL**
Old H.B. Road, Pragati Path, Ranchi-834011

REGISTRATION FOR ADMISSION IN CLASS XI (SESSION: 2025-26)

Science | Commerce | Arts (Humanities)

Eligibility:
- Students appearing in Class X Board Exam 2025 from any Board.
- Provisional admission in Class XI will be done on the basis of OPS Entrance Test (date will be announced later).
- Admission and scholarships will be granted on the basis of performance in Class X Board Result 2025.

- To apply & for more details, visit: www.oxfordpublicschool.net.in.
- For any queries, write to us at: info@oxfordpublicschool.net.in or call on: 7485096731 / 7461944744

Principal

